www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:04 सूर्यास्त 6:06

आज का तापमान

शिमला	0.9 न्यू	15.00 अधि
धर्मशाला	3.02 न्यू	18.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	71428.43
निफ्टी	21718.00
सोना 63,327	चांदी 72,226

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शुक्रवार, 9 फरवरी 2024 | 27 माघ, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 52 | कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

अब शादी के बाद पर्दे पर पहली बार साथ दिखेंगे सैफ-करीना ... पेज 7

न्यूज शॉर्ट्स

सोपोर में घर से गोला-बारूद बरामद, आतंकी का भाई धरा

बारामूला। सोपोर की क्रैंकशिवेन कॉलोनी में एक घर से सुरक्षाबलों ने वीरवार को गोला-बारूद बरामद किया है। इस दौरान मृत आतंकवादी कयूम नजर के भाई राशिद नजर को हिरासत में लिया गया है। घर से विस्फोटक सामग्री, आईईडी, एक मैगजीन के साथ जंग लगी पिस्तौल, एसएलआर, एके-47 बरामद की गई। राशिद मृत आतंकवादी कयूम नजर का भाई है।

एससी/एसटी कोटे के अंदर उपवर्ग बनाने के मुद्दे पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। एससी-एसटी आरक्षण के भीतर उप वर्गीकरण की वैधता से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। शीर्ष कोर्ट की सात न्यायधीशों की संविधान पीठ इस मुद्दे पर सुनवाई कर रही है। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की सात सदस्यीय संविधान पीठ इस प्रश्न की जांच कर रही है कि क्या राज्य के पास एससी-एसटी कोटे के अंदर कोटा देने की वर्गीकृत शक्ति है। पीठ पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के 2010 में आए एक फैसले के खिलाफ 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की गिरी दीवार, एक की मौत, पांच जख्मी

नई दिल्ली। दिल्ली के गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की दीवार सुबह दीवार का हिस्सा गिर गया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। इलाज के दौरान इनमें से एक घायल की मौत हो गई। डीसीपी जॉय ने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दो अधिकारियों और एक सिविल इंजीनियर को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया है।

यूपी के सोनभद्र में 3.2 तीव्रता का आया भूकंप



सोनभद्र। यूपी के सोनभद्र में वीरवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई है। फिलहाल भूकंप से जनधन में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है।

टॉप स्टोरीज

जमीनें हमारी और खुशियां किसी और की, यह कैसा न्याय? ...पेज 2

जातिसूचक शब्द से प्रताड़ित करने के बाद थानेदार ने वकील को जड़ा थप्पड़ ...पेज 3

भारत और फ्रांसीसी नौ सेनाओं में समुद्री सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति ...पेज 7

पाक में हिंसा के बीच चुनाव: बूथों से बैलट बॉक्स लेकर भागे नकाबपोश

रुझानों में नवाज और बिलावल भुट्टो आगे, पेशावर की सभी सीटों पर पीटीआई समर्थकों को बढ़त

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान में वीरवार को चुनाव हुए। इस दौरान कई जगह हिंसा की घटनाएं भी सामने आईं। वहीं, कई बूथों से नकाबपोश बैलट बॉक्स लेकर भाग गए। कराची में दो पोलिंग स्टेशंस पर कुछ हथियारबंद घुस गए। उन्होंने बैलट बॉक्स तोड़ दिए। उधर, वोटिंग की गिनती के बीच अलग-अलग सीटों से रुझान आने भी शुरू हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी के समर्थन वाले निर्दलीय 138 सीटों पर आगे हैं। 35 पर नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और 17 पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के कैंडिडेट्स आगे हैं। वहीं, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चीफ बिलावल भुट्टो जरदारी तीनों सीट (लाहौर, लरकाना और कंबर शहदकोट) से आगे चल रहे हैं। आधिकारिक नतीजे नौ फरवरी को घोषित हो सकते हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से आज 265 सीटों पर चुनाव हुआ, जबकि बाकी सीटें रिजर्व हैं।

आज घोषित हो सकते हैं नतीजे

खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला पांच पुलिसकर्मी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में अफगानिस्तान सीमा के नजदीक वीरवार को अज्ञात बंदूकधारियों की ओर से किए गए बम धमाके और चुनाव सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों के वाहन पर की गई गोलीबारी में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि छह घायल हुए हैं। वाहन डेरा इस्माइल खान के कराची पुलिस थाना न्यायाधिकार क्षेत्र में तैनात था। पुलिस कर्मी ग्राह असलम मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात थे।

इंटरनेट और मोबाइल सेवा बंद रखने का विरोध

पाक में चुनाव के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवा बंद रखने पर विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया है। गौर रहे कि गृह मंत्रालय ने कहा कि देश में हाल ही में हुई आतंकवादी घटनाओं के कारण कई जानें गई हैं। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने और संभावित खतरों से निपटने के लिए सुरक्षा उपाय आवश्यक हैं, इसलिए देशभर में मोबाइल सेवा को अस्थायी तौर पर बंद करने का फैसला लिया गया है। वहीं, जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसे नागरिकों के अधिकारों का दमन और लोकतंत्र का मजाक बताया है।

हिमाचल में राज्यसभा सीट के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी

शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्यसभा की एक सीट के लिए चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। सांसद जगत प्रकाश नड्डा के दो अप्रैल, 2024 को निवृत्त होने के चलते सीट खाली हो रही है। रिटर्निंग अधिकारी एवं सचिव विधानसभा यशपाल शर्मा ने जारी अधिसूचना में बताया कि चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 16 फरवरी है। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है और 27 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना 27 फरवरी को होगी।

घोटालों की लड़ाई 'व्हाइट' वर्सेज 'ब्लैक' पर आई

घोटालों की लड़ाई अब 'व्हाइट' वर्सेज 'ब्लैक' पर आ गई है। वित्त मंत्री सीतारमण ने वीरवार को बजट सत्र के बीच देश में 2014 से पहले और बाद की आर्थिकी की तुलना करने वाला व्हाइट पेपर जारी किया। वहीं, कांग्रेस ने ब्लैक पेपर जारी कर केंद्र सरकार की कमियां गिनाईं और झूठी गारंटी देने का आरोप लगाया। यूपीए बनाम एनडीए राज के आर्थिक हालात पर ब्लैक एंड व्हाइट पेपरों से सियासत लोकसभा चुनाव से पहले ही गरमा गई है।

यूपीए ने 10 साल में इकोनॉमी को बेकार बनाया : सीतारमण

एजेंसी, नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में व्हाइट पेपर पेश कर कहा कि यूपीए ने 10 साल में देश की इकोनॉमी को बेकार बना दिया था। इस पर शुक्रवार को चर्चा होगी। व्हाइट पेपर में भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। व्हाइट पेपर में मोदी सरकार ने कांग्रेस के शासनकाल में हुए 2जी स्कैम, कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, शारदा चिट फंड, आईएनएक्स मीडिया केस समेत 15 घोटालों का भी जिक्र किया है।

- 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया।
- 2005-2014 के दौरान आए एफडीआई से दोगुना।
- विदेशी पार्टनर्स से बाइलैट्रल इनवेस्टमेंट ट्रीटी (द्विपक्षीय निवेश के लिए समझौता) कर रहे हैं।

कांग्रेस के ब्लैक पेपर पर पीएम ने संसद में निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 साल में काफी विकास किया है। इसे किसी की नजर न लग जाए, इसलिए कांग्रेस के ब्लैक पेपर को मैं काली टीका मानता हूं।
-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कांग्रेस ने मोदी सरकार के 10 साल को बताया अन्याय काल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर जारी कर केंद्र सरकार की कमियां गिनाईं और मोदी सरकार पर झूठी गारंटी देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीते 10 साल में इस सरकार की नीतियों से गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं परेशान रही हैं। पीएम मोदी जब भी संसद में अपनी बात रखते हैं तो अपनी असफलताओं को छिपाते हैं। हम सरकार की असफलताओं के बारे में बोलते हैं, तब उसे महत्व नहीं दिया जाता है इसलिए हम ब्लैक पेपर निकालकर जनता को सरकार की विफलताओं के बारे में बताना चाहते हैं।

- देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा, इस पर मोदी सरकार नहीं करती कोई बात।
- मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू की उपलब्धियों के बारे में कभी नहीं बताते।
- जिस राज्य में भाजपा की सरकार नहीं है, केंद्र सरकार वहां मनरेगा का पैसा भी नहीं देती

एसएमसी शिक्षकों की पेनडाउन स्ट्राइक शुरू

- 2500 शिक्षकों के नियमितीकरण के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग
- स्कूलों में मौजूद रहे अध्यापक, लेकिन स्टूडेंट्स को नहीं पढ़ाया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 15-15 साल से रिक्त पदों पर तैनात एसएमसी शिक्षकों ने नियमितीकरण के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग को लेकर राजधानी में जारी क्रमिक अनशन के बाद वीरवार से शिक्षकों ने पढ़ाने का काम बंद कर दिया है। प्रदेशभर में सेवारत करीब 2,500 शिक्षकों ने अपनी मांग और आंदोलन की पूर्व में तय की गई रूपरेखा के अनुसार, पेनडाउन स्ट्राइक शुरू कर दी है। शिक्षक स्कूल में मौजूद रहे, लेकिन पढ़ाने का कार्य नहीं किया।

संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा और प्रवक्ता निर्मल ठाकुर ने कहा कि शिक्षक पढ़ाने का कार्य नहीं करेंगे। शिमला में सीटीओ के बाहर अपनी मांग को लेकर चल रहे क्रमिक अनशन को जारी रखा जाएगा। शिक्षक नेताओं ने कहा कि उनकी मांग को लेकर गठित कैबिनेट सब कमेटी को सचिवालय में बुधवार को बैठक हुई है। उन्होंने सरकार और कमेटी में शामिल शिक्षा मंत्री अन्य मंत्रियों का आभार जताया है। संघ नेताओं ने कहा कि बैठक में उनके हक में कोई फैसला हुआ है या नहीं, उसकी सरकार की ओर से संघ को कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है, इसलिए उनका यह आंदोलन मांग पूरी होने तक जारी रहेगा। पेनडाउन स्ट्राइक के चलते राज्य के सैकड़ों स्कूलों में शिक्षकों की ओर से कक्षाएं नहीं ली गईं, जिसके चलते छात्रों की पढ़ाई बाधित हुई।

छात्रों की पढ़ाई बाधित, मार्च में होगी वार्षिक परीक्षा

राज्य के सैकड़ों ग्रीष्मकालीन स्कूलों में मार्च माह में वार्षिक परीक्षा होनी है। ऐसे में एसएमसी शिक्षकों की पेनडाउन स्ट्राइक के चलते स्कूली छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। बच्चों के माता-पिता अब शिक्षकों की पेनडाउन स्ट्राइक के चलते परेशानी में हैं।

भारत-म्यांमार के बीच नहीं होगी फ्री आवाजाही

गृह मंत्री शाह बोले- घुसपैठ रोकने के लिए लिया फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मंत्रालय ने भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट रिजीम को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे दोनों देशों के बीच बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों का फ्री मूवमेंट बंद हो गया है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत की आंतरिक सुरक्षा और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों की डेमोग्राफी को बरकरार रखने के लिए यह फैसला किया गया है। इससे पहले अमित शाह ने असम में 20 जनवरी को ऐलान किया था कि भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर की फेंसिंग की जाएगी। भारत म्यांमार के बीच 1600 किलोमीटर लंबा बॉर्डर है।

1970 में दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट हुआ था। इसे ही फ्री मूवमेंट रिजीम यानी एफएमआर कहा जाता है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था। इससे दोनों देशों के लोगों को एक-दूसरे के क्षेत्र में बिना किसी डॉक्यूमेंट के जाने की इजाजत मिलती है।

मिजोरम में घुस आए थे म्यांमार के 600 सैनिक

शाह ने यह घोषणा उस वक्त की है, जब म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। नवंबर से अब तक भारत में 600 सैनिक घुस आए थे। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक जनवरी में म्यांमार के भागे सैनिकों ने मिजोरम के लांग्तलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास शरण ली थी। विद्रोही गुट अराकन आर्मी के उग्रवादियों ने उनके शिविरों पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद वे भागकर भारत आए।

अराकन आर्मी म्यांमार का सबसे ताकतवर विद्रोही गुट

अराकन आर्मी म्यांमार में सबसे ताकतवर विद्रोही गुट बनकर उभरा है। मिजोरम और म्यांमार के चिन प्रांत के बीच 510 किलोमीटर लंबी सीमा है। भारत और म्यांमार की सीमा से इधर-उधर जाना आसान है। बॉर्डर के दोनों तरफ 25 किलोमीटर तक जाने की छूट है। ऐसे में म्यांमार से लोग आसानी से भारत पहुंच जाते हैं।

हल्द्वानी में अवैध मस्जिद-मजार ध्वस्त करने पर आगजनी

देहरादून। उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर के अंदर अवैध मजार और मस्जिद को तोड़ने को लेकर प्रशासन और स्थानीय लोग आमने-सामने आ गए हैं। उपद्रवियों ने गाड़ियों में आग लगा दी। आगजनी की घटना के बाद चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई।

भीड़ ने की पत्थरबाजी, पुलिस फोर्स की तैनाती

वहीं, हालत बेकाबू होता देख भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। बता दें कि हल्द्वानी के थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत मलिक के बगीचे में अवैध मदरसे और नमाज स्थल को वीरवार को नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान मलिक के बगीचे के आसपास के रहने वाले तमाम अराजक तत्वों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जिसके बाद पुलिस ने अराजक तत्वों को लेकर बलपूर्वक कार्रवाई की और आंसू गैस भी छोड़ी गई।

अमेरिका ने बगदाद में ड्रोन हमला कर हिज्बुल्ला का शीर्ष कमांडर किया ढेर

एजेंसी, बगदाद

अमेरिका ने अपने तीन सैनिकों की मौत के बाद ईरान समर्थक मिलिशिया के खिलाफ खूनी हमले जारी रखे हुए हैं। ताजा हमले में अमेरिका ने इराक की राजधानी बगदाद के अंदर ड्रोन हमला करके कार से जा रहे ईरान समर्थक खतैब हिज्बुल्ला के शीर्ष कमांडर को ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि हिज्बुल्ला कमांडर पर इस हमले के लिए अमेरिका ने अपनी सीक्रेट एजीएम-114 आर 9 एक्स हेलफायर मिसाइल का इस्तेमाल किया। इसी मिसाइल से अमेरिका ने अलकायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी को मार गिराया था।

सोशल मीडिया में आई तस्वीरों में पता चलता है कि यह मिसाइल ब्लेड से लैस होती है जो देखने में तलवार की तरह से दिखती है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात को अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड फोर्स ने इराक के अंदर इस एकतरफा कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस हमले में कोई नागरिक नहीं मारा गया: अमेरिकी सेना

अमेरिकी सेना ने बयान जारी करके कहा कि कतैब हिज्बुल्ला का कमांडर सीधे तौर पर अमेरिकी बलों पर हमले की योजना बनाने और करने के लिए जिम्मेदार था। इस हमले में कोई भी आम नागरिक नहीं मारा गया है। अमेरिका अपने नागरिकों की रक्षा के लिए आगे भी जरूरी कदम उठाता रहेगा। हम अमेरिकी सेना को धमकी देने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराने से नहीं हिचकेंगे।

वित्त विधेयक 2024 राज्यसभा से पास

नई दिल्ली। राज्यसभा ने वित्त विधेयक-2024 को वीरवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा ने एक दिन पहले इसे अपनी मंजूरी दी थी। वित्त विधेयक के पास होते ही संसद के दोनों सदनों से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपए के अंतरिम केंद्रीय बजट को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में वित्त विधेयक 2024 को सदन के विचार के लिए पेश किया। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी परियोजना को नुकसान पहुंचाए बिना राजकोषीय घाटे का प्रबंधन किया जाए। सीतारमण ने कहा कि किसी प्रमुख कार्यक्रम के आवंटन में कटौती नहीं की गई है, न ही मैंने आवंटन घटाया है। राज्यसभा ने विनियोग (लेखानुदान) विधेयक-2024, विनियोग विधेयक-2024, जम्मू एवं कश्मीर विनियोग (नंबर 2) विधेयक-2024, जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक-2024 और वित्त विधेयक-2024 को एक-एक कर ध्वनिमत से पारित कर लोकसभा को लौटा दिया।

कार्यक्रम ज्वालामुखी के अंब पठियार में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री सुक्खू

बजट में कटौती कर आपदा में दिए 4500 करोड़

पंकज सोनी, ज्वालामुखी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बजट में कटौती कर आपदा में 4500 करोड़ का विशेष पैकेज दिया है। उन्होंने कहा कि 16 हजार परिवारों के लिए सरकार ने नियम बदले गए। 4500 करोड़ के विशेष पैकेज से सड़क, पानी व 16 हजार परिवारों को मदद दी गई है।

कहा- 16 हजार परिवारों के लिए बदले नियम

यह बात सीएम सुक्खू ने वीरवार को ज्वालामुखी कॉलेज के पास अंब पठियार में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही।

अंब पठियार पहुंचने पर लोगों से मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

केंद्र सरकार ने कहा था कि आपदा में आंशिक क्षतिग्रस्त परिवारों को केवल पांच हजार और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए मकानों को केवल डेढ़ लाख की राशि दी जाएगी। कांग्रेस सरकार ने आंशिक क्षतिग्रस्त मकानों को एक लाख और पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए सात लाख की राशि प्रदान की।

विधायक संजय रतन ने मुख्यमंत्री का ज्वालामुखी पहुंचने और करोड़ों के शिलान्यास करने के लिए धन्यवाद किया। वहीं, सीएम ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका हल किया। इस मौके पर मंत्री यादविंद्र गोमा, मंत्री चंद्र कुमार, विप्लव ठाकुर, अजय महाजन, सुरिंद्र मनकोटिया, नरदेव कंवर आदि भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

लोगों तक पहुंचना चाहिए योजनाओं का लाभ

सीएम सुक्खू ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए ओपीएस बहाली के लिए सरकार के पास बजट नहीं था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था बनाई और ओपीएस की बहाली की। प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी कर्मचारियों का ख्याल रखा है। आपदा के बाद किसानों, बागवानों व मजदूरों के लिए भी सभी व्यवस्थाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों के पास पहुंचना चाहिए। उन्होंने लुथान में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास किया।

ज्वालामुखी में प्रशासनिक भवन की स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी क्षेत्र में प्रशासनिक भवन की स्वीकृति दी गई। सुरानी में बीडीओ ऑफिस, मझीन में जल शक्ति विभाग डिवीजन, लगडू में विद्युत बोर्ड सब डिवीजन, देहरा में 33 केवी सब स्टेशन खोलने की घोषणा की।

सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी को लंबे अंतराल बाद मिला नया कुलपति

तीन साल के लिए प्रोफेसर ललित कुमार को किया नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/मंडी

लंबे अंतराल के बाद आखिरकार मंडी स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को नया कुलपति मिल गया है।

प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलपति शिव प्रताप शुक्ल ने उत्तराखंड राज्य की एनआईटी श्रीनगर के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी को अगले तीन साल के लिए मंडी की नई सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का कुलपति नियुक्त किया है। बता दें कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद यहां नियुक्त उपकुलपति डीडी शर्मा ने इस्तीफा दे दिया था और उसके बाद यह पद

खाली चल रहा है। कार्यकारी उप कुलपति का कार्यभार यहां की प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा शर्मा के पास था। इस बीच सरकार ने इसका दायरा भी घटा दिया और केवल तीन जिलों के कॉलेज इसके अधीन रखे। भाजपा ने आरोप लगाया था कि सरकार की मंशा इसे बंद करने की है। यहां तैनात प्रति कुलपति को वापस प्रदेश विश्वविद्यालय बुला लिया था, लेकिन वह कोर्ट चली गई और वहां से उनके वापस बुलाने पर रोक लगी। मामले में राज्यपाल ने हस्तक्षेप कर नए वीसी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की और करीब एक साल बाद इंतजार खत्म हुआ।

एनआईटी हमीरपुर में भी रहे तैनात

प्रो. ललित कुमार अवस्थी इससे पहले एनआईटी हमीरपुर और जालंधर में भी तैनात रहे हैं। कुछ समय सुंदरनगर इंजीनियरिंग कॉलेज का कार्यभार भी उनके पास रहा। उनको प्रशासनिक क्षेत्र का ज्ञाता है और तीस साल का अनुभव उनके पास है। उनको बेस्ट टीचिंग अवॉर्ड भी मिल चुका है। ललित कुमार सुंदरनगर जिला मंडी के निवासी हैं।

सीएम की बदौलत हुआ बीरबल की जमीन का इंतकाल

ज्वालामुखी। अंब पठियार के बीरबल शर्मा ने कहा कि पिछले 40 साल से मेरी जमीन के इंतकाल का केस लटका हुआ था। इतनी परेशानी हो रही थी कि बता नहीं सकता। एक किसान का बेटा हूं और इतने अरसे के बाद अपनी जमीन मिली है। जो आपके प्रयासों से ही संभव हो सका है। किसान कितने दुःखी थे कोई अंदाजा नहीं लगा सकता। बीरबल शर्मा ने वीरवार को कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी क्षेत्र के अंब पठियार में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान यह भावनाएं व्यक्त कीं। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किए गए संवाद में उन्होंने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को राहत प्रदान करने के लिए ही प्रदेश भर में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। आपदा राहत पैकेज के लाभार्थी मदन लाल ने कहा कि बारिश के कारण उनका घर गिर गया और अब राज्य सरकार से तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता पहली किस्त के रूप में मिली है और मकान का काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा सा मकान बनाओ, राज्य सरकार पूरे सात लाख रुपए की मदद प्रदान कर रही है। नियम बदल कर मुआवजा राशि बढ़ाई है।

न्यूज ब्रीफ

होली महोत्सव की बैठक 16 फरवरी को

पालमपुर। राज्य स्तरीय होली महोत्सव-2024 की बैठक 16 फरवरी को निर्धारित की गई है। बैठक प्रातः 11 बजे एसडीएम पालमपुर एवं अध्यक्ष, राज्य स्तरीय होली महोत्सव नेत्रा मेती की अध्यक्षता में आतमा परियोजना के सभागार में होगी। बैठक में राज्य स्तरीय होली महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर रूप रेखा तैयार की जाएगी। बैठक में उत्सव समिति के सभी सरकारी और गैरसरकारी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

आशीष बुटेल दस को सुनेंगे जनसमस्याएं

पालमपुर। मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल, नौ फरवरी को 11 बजे साई स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पीजी कॉलेज अणु, हमीरपुर में राज्य स्तरीय इंटर-डाइट स्पोर्ट्स मीट के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि होंगे। सीपीएस दस फ़रवरी को दोपहर एक बजे तक अपने आवास बंदला टी एस्टेट में जनसमस्याओं को सुनेंगे। इसके उपरांत तीन बजे सामुदायिक भवन राजपुर में लोगों से रू-ब-रू होंगे तथा जनसमस्याओं को सुनेंगे।

चारे से भरी गाड़ी लेकर नौजवान पहुंचे गोसदन

गगल। जय श्रीराम, गोमाता की जय के नारों को लेकर आज महेरना के शांति युवा क्लब के नौजवानों ने आज चारे से भरे ट्रक को सराहगड़ी के गोसदन में भेंट किया। वहीं, अजय राजोरिया ने बताया की शिव शक्ति क्लब महेरना के नौजवानों को कोई न कोई नया करने का जज्बा रहता है। इस बार उन्होंने पांच-पांच सौ रुपए इकट्ठा करके एक छोटे ट्रक में घास व चारा आदि गोसदन में भेंट किया। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान यूं ही जारी रहेगा। इस अवसर पर विजय राजोरिया गिरधारी लाल, सनी कुमार सहित और भी युवाओं ने इस पुण्य काम में भाग लिया।

मछली दर ठेका देने पर किया विचार-विमर्श

जवाली। दी फिशरीज सोसायटीज एजोसीएशन पौंग डैम की बैठक पौंग बांध मत्स्य कार्यालय में मत्स्य निदेशक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मछली दर ठेका देने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ठेका पहली अप्रैल 2024 से |1मार्च 2025 तक दिया जाए। इसमें विभिन्न मत्स्य सभाओं की तिथियां निर्धारित की गईं। मत्स्य सहकारी सभा हरिपुर की बोली 12 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे, नंदपुर की बाद दोपहर दो बजे, खटियाड़ सभा की बोली एक फरवरी को सुबह 11 बजे, स्थाना की बाद दोपहर दो बजे, नगरोटा सूरियां मत्स्य सभा की बोली 14 फरवरी को सुबह 11 बजे, हरसर सभा की बाद दोपहर 2 बजे, मत्स्य सभा डाडासीबा की बोली 15 फरवरी को सुबह 11 बजे, सीयूलखड्ड सभा की बोली बाद दोपहर 2 बजे, 16 फरवरी को सुबह 11 बजे सिहाल व 2 बजे धमेटा, 17 फरवरी को सुबह 11 बजे बरनाली व दो बजे देहरा तथा 19 फरवरी 2024 को बोली होगी।

मनोज कुमार को सौंपी कमान

डाडासीबा। किसान सभा रियासत डाडासीबा स्थित सयुल खड्ड की बैठक गुरुवार को सभा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में चर्चा के दौरान सभा के कुछ पदाधिकारी की अकस्मात मृत्यु हो जाने पर सभा के अध्यक्ष द्वारा नए सदस्यों को मनोनीत किया गया। इसमें मनोज कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व रमेश कुमार को कानूनी सलाहकार बनाया गया। किसान सभा द्वारा सरकार से मांग की गई की उच्च न्यायालय द्वारा सरकार को आदेश दिया गया था कि पांच बीघा तक की जमीन को नियमितीकरण करने को पॉलिसी को लागू किए जाएं।

परागपुर में 70 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

परागपुर। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार अनुराग ठाकुर द्वारा प्रायोजित सांसद स्वास्थ्य मोबाइल वाहन सेवा द्वारा परागपुर में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 70 रोगियों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। शिविर में हड्डी रोग, शुगर, वीपी, साधारण रोगों के 33 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया। वहीं, लोगों को दवाइयां भी वितरित की गई। डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में प्रयोगशाला तकनीशियन अनुराधा, फार्मा अधिकारी सर्वजीत सहित भाजपा उपाध्यक्ष सुदेश कुमारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सत्या सूद, मीरां कड़ोल पंचायत प्रधान मदन गोपाल,उप प्रधान विजय धीमान भी उपस्थित रहे।

एकदिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किए 205 करोड़ रुपए के शिलान्यास और उद्घाटन

सीएम ने ज्वालामुखी को दिए करोड़ों के तोहफे

पंकज सोनी, ज्वालामुखी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान लगभग 205 करोड़ रुपए लागत की 11 विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। उन्होंने लुथान में प्रदेश के पहले सुख-आश्रय आदर्श ग्राम परिसर का शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में 38.17 करोड़ रुपए लागत से विभिन्न उठाऊ जल आपूर्ति योजनाओं के जलस्रोत स्तर पर सुधार और संवर्धन, 5.50 करोड़ रुपए से निर्मित पुलिस स्टेशन भवन ज्वालामुखी, 2.13 करोड़ रुपए लागत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के अतिरिक्त भवन और 14.35 करोड़ रुपए से निर्मित विवाह भवन सह मंदिर ट्रस्ट पार्किंग का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लुथान में प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी पहल मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अर्न्तगत 92.38 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले सुख-आश्रय आदर्श ग्राम परिसर की आधारशिला रखने के साथ ही ज्वालामुखी क्षेत्र के लिए 27.30 करोड़ रुपए से हिमाचल प्रदेश उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी, सिंचाई और मूल्यवर्द्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत सिंचाई सुविधा, भरोली और ज्वालामुखी क्षेत्र में 5.91 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले सात नलकूप, पांच करोड़ रुपए लागत के राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल बानी-द-खूह, राजकीय डिग्री कॉलेज ज्वालामुखी में 7.82 करोड़ रुपए लागत के बहु-उद्देश्यीय हॉल, 4.18 करोड़ रुपए लागत के खारा-नाला तटीयकरण तथा ज्वालामुखी में 2.5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली जल शक्ति विभाग की निरीक्षण हट का शिलान्यास भी किया। (अनंत ज्ञान)

अत्याधुनिक सुविधाएं करवाएंगे उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इन वर्गों के उत्थान के लिए सरकार ने कई अभिनव पहल की हैं। उन्होंने कहा कि सुख-आश्रय आदर्श ग्राम परिसर इन्हीं में से एक है। लुथान में स्थापित होने वाली इस परिसर में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के लाभार्थियों को आवास की बेहतर व अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य गणमान्य।

सीएम को बताया फोरलेन से उजड़े दुकानदारों का दर्द

सुभाष मिंटू, कांगड़ा

दिल्ली में माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विधायक केवल सिंह पठानिया ने फोरलेन से उजड़े द्रम्मण के दुकानदारों का दुखदर्द बताया।

पठानिया ने कहा कि पिछले 50-60 वर्षों से द्रम्मण बाजार में स्थानीय दुकानदार अपनी दुकानदारी करके अपने परिवार एवं बच्चों का पालनपोषण कर रहे थे। आज उन पर एकदम ऐसा पहाड़ टूट पड़ा है की उनके पास आज कमाई का कोई साधन नही रहा है। इससे वह अपने आने बाली पीढ़ी को सुरक्षित रख सके। सभी दुकानदार अपनी रोजमर्रा की जिंदगी इन्ही दुकानों से चलाते थे। बाकी अब दुकानों के उजड़ने के बाद अब उनके पास ओर कोई साधन नहीं रहा। इससे वह अपनी रोजमर्रा की जिंदगी चला सके। विधायक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री से मांग रखी कि द्रम्मण बाजार के दुकानदारों को उनके हुए नुकसान का मुआबजा दिया जाए और उनको दुबारा से द्रम्मण में दुकानें बनाने के लिए जगह दी जाए।

इससे वह दुबारा से अपना व्यापर कर सके और अपने परिवार का पालनपोषण कर सके। इस माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक केवल सिंह पठानिया को आश्वासन दिया कि कांग्रेस सरकार जरूर द्रम्मण के उजड़े दुकानदारों के साथ है उनको जरूर राहत दी जाएगी और हुए नुकसान का मुआबजा देकर उनको दुबारा से बसाने पर विचार करेगी। (अनंत ज्ञान)

सीएम को द्रम्मण के दुकानदारों का दर्द बताते विधायक केवल सिंह पठानिया।

टॉप आठ खिलाड़ियों को मिलेगी ओलंपिक में जगह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला में हो रही इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का रास्ता ओलंपिक की मंजिल तक जाएगा। बताते चलें कि इस इंटर जोन प्रतियोगिता में चयनित टॉप आठ भारोतोलकों को आगामी प्रशिक्षण खेलों इंडिया के माध्यम से दिया जाएगा तथा राष्ट्रीय स्तर के चयन में टॉप आठ में जगह बनाने वाले खिलाड़ी खेलों इंडिया के माध्यम में ओलंपिक या कॉमन वेलथ खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बताते चलें कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला की ओर से अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोतोलन प्रतियोगिता स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के इनडोर स्टेडियम में जारी है। प्रतियोगिता में 75 विश्वविद्यालयों के नॉर्थ ईस्ट जोन से और साउथ जोन के विश्वविद्यालयों के कुल 320 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। खेल निदेशक और कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा ने बताया कि यहां हो रही इंटर जोन प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी यहां से ओलंपिक में अपने चयन की प्रक्रिया में शामिल होंगे।

साहब! दो महीने से नहीं नल में जल, किससे लगाएं गुहार

अनिल छांगू, जवाली

जवाली उपमंडल की पंचायत कुठेड़ के वार्ड-छह में करीबन दो महीनों से तीन परिवारों पर पानी का संकट गहरा गया है। लेकिन जलशक्ति विभाग इन लोगों की सुध नहीं ले रहा है।

वार्ड-छह निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि हरिजन बस्ती के लिए रास्ते का निर्माण ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है और जलशक्ति विभाग ने घरों की पानी की सप्लाई दिसंबर महीने से बंद कर रखी है। इस बजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दस जनवरी ओर उसके बाद 16 जनवरी को अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग जवाली से मिले व शिकायत दी गई, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उसके बाद मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई लेकिन विभाग ने आजतक कोई सुनवाई नहीं की है। वहीं अधिशासी अभियंता अजय शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क के कार्य के चलते पाइप को हटाया गया है। मामला ध्यान में आया है जल्द ही अस्थायी तौर पर सप्लाई शुरू करवा दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

झीरबल्ला में लोगों को बताई बैंकिंग प्रणाली

गगल। आज केंद्रीय सहकारी बैंक सलोल के सौजन्य से गांव झिरबल्ला में एक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नबार्ड द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं को उपस्थित लोगों विस्तार पूर्वक बताया गया। जानकारी देते हुए केंद्रीय सहकारी बैंक सलोल के मैनेजर रितेश गार्गी ने बताया कि इस शिविर में लोगों को नई नई सरकार के द्वारा चलाई गई। लोगों किसान क्रेडिट कार्ड, इंश्योरेंस स्कीम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ऑनलाइन सिस्टम के बारे में जानकारी दी। वहीं, एटीएम ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड, सेल्फ हेल्प ग्रुप जिसमें महिला मंडल के ग्रुप को इस योजना में लिया गया है और इसी योजना के तहत महिलाओं को साथ प्रतिशत पर लोन भी दिया जाता है और चार प्रतिशत सब्सिडी भी है। इस अवसर पर शिविर में जीएम कुलतार सिंह मनकोटिया, अरुण कुमार, महिला मंडल की प्रधान पूजा देवी, पंचायत सदस्य बेबी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कांगड़ा। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर से आने वाले पांच रोवर्स और रेंजर्स को बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया है जो कि वीरवार को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर से वापस लौटे हैं।

आरएस बाली ने नगरोटा बगवां पशु चिकित्सालय को दिए आठ लाख रुपए

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पशुओं को बच्चों की तरह पालने वाले पशुपालक ईश्वर समान होते हैं तथा पशुओं का पालन और सेवा करने वाले परिवार वंदनीय हैं।

यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने पशुपालन विभाग की ओर से नगरोटा बगवां में आयोजित कॉफ रैली में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए प्रकट किए। उन्होंने पशु चिकित्सालय नगरोटा बगवां के रख-रखाव और सुधारीकरण कार्य के लिए आठ लाख की राशि को देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि से अस्पताल को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे पशुओं के उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने अपने संबोधन में कॉफ रैली प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की और पशुपालकों का इस आयोजन में आने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पशुपालक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हो जो अपने पशुओं को बच्चों जैसे पालने का काम करते हैं। सभी को आपसे सीख लेनी चहिए। वहीं, रैली में दस पंचायतों के 83 पशुपालकों ने लिया भाग। वहीं, इस दौरान कार्यक्रम के अंत में उन्होंने इस काफ रैली प्रतियोगिता में विजेता 12 पशुपालकों को पुरस्कृत किया।

रैली के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते आरएस बाली।

नगरोटा में बाली ने पारंपरिक कारीगरों को बांटी टूल किट

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पारंपरिक कारीगर प्रदेश की शान है हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने यह कथन प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों के लिए कहे। उद्योग विभाग की तरफ से नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों के लिए आज एक टूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली मुख्यतिथि बनकर पहुंचे। जनरल मैनेजर राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि को पारंपरिक कारीगरों के लिए चलाई जा रही स्कीमों के बारे में बताया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी पारंपरिक कलाकृतियों के लिए विश्व भर में जाना जाता है और यह पहचान प्रदेश को यहां के पारंपरिक कारीगरों के कारण मिली है।

उन्होंने पारंपरिक कारीगरों के कार्यों की प्रशंसा की और साथ ही उन्होंने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

नूरपुर अस्पताल में डॉ. नवीन शर्मा ने संभाला कार्यभार

नूरपुर। नूरपुर अस्पताल में डॉक्टर नवीन शर्मा बाल रोग विशेषज्ञ ने वीरवार को पदभार संभाल लिया है। गौरतलब है कि गत एक वर्ष पूर्व बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के स्थानांतरित होने से यह पद खाली चल रहा था। इसके चलते उपमंडल नूरपुर, इंदौरा, कोटला, भटियात क्षेत्र के लोगों ने राहत के साथ में सांस ली है। हालांकि प्रदेश सरकार ने इससे पहल बाल रोग विशेषज्ञ के आर्डर किए थे, लेकिन उनके ज्वाइन न करने से इन क्षेत्र के लोगों को अपने बच्चों के उपचार के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बाल रोग विशेषज्ञ के पदभार संभालने से सबसे ज्यादा फायदा प्रसूति वाली महिलाओं व बच्चों को मिलेगा।

नूरपुर में तलवारों से हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया अरेस्ट

अनंत ज्ञान, नूरपुर

पुलिस जिला नूरपुर में बुधवार को नूरपुर के सदवां मैन बाजार व पुलिस चौकी के सामने खुलकर गुंडागर्दी का नंगा नाच शरारती तत्वों द्वारा खेला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज दिनदिहाड़े दो गुटों की पुरानी रंजिश के चलते तलवारों से हमला किया गया। इसमें पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन नरेंद्र पुत्र बलवीर सिंह बाजार में सामान लेने आया था कि इस दौरान आरोपी संजीवन कुमार पुत्र नसीब सिंह, कुलभूषण पुत्र बलवीर सिंह, तलवारों से हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए देर रात को ही कुलभूषण व संजीवन को गिरफ्तार कर लिया। जबकि रोहित पुत्र स्वर्ण सिंह व प्रदीप राणा पुत्र रणवीर सिंह को सुबह तड़के ही गिरफ्तार कर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मारपीट में प्रयोग हथियार व गाड़ियों की रिकवरी शेष है। फिलहाल पुलिस ने आरम एक्ट के तहत 341, 323, 324, 506, 307, 34 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हवाई अड्डे के विस्तार के विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे संघर्ष समिति के पदाधिकारी

अनंत ज्ञान, गगल

एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर विरोध में उतरे संघर्ष समिति के ग्रामीण जिन्होंने पहले उच्च न्यायालय शिमला में इसके विरुद्ध मामला दर्ज किया हुआ है।

अब वह संघर्ष समिति सदस्यों ने सर्वोच्च न्यायालय में आज उस याचिका का जवाब दाखिल किया है। जो याचिका प्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी और जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने राहत प्रदान करते हुए आर एंड आर की गतिविधियों की अनुमति दे दी थी और उसके बाद फिर से आर एंड आर ने अपनी गतिविधियां शुरू की थी। वीरवार को यहां जारी प्रेस बयान में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना और महासचिव हंसराज और उपाध्यक्ष वेद प्रकाश चट्टानी ने कहा कि उन्हें और उनके ग्रामीणों को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है।

जबकि प्रदेश के नेताओं पर कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि शीघ्र ही सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश जनता को न्याय दिलवाएंगे।

गुस्सा एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर जनता उग्र; ग्रामीण बोले-सरकार जनता से मिले और स्थिति स्पष्ट करे

जमीनें हमारी और खुशियां किसी और की, यह कैसा न्याय?

अनंत ज्ञान, गगल

एयरपोर्ट विस्तार की सुनवाई के चलते वीरवार को वार्ड नंबर-दो और वार्ड नंबर-चार के ग्रामीणों ने अपनी दुख बयां करते हुए एडीएम डॉक्टर हरीश गज्जू से कहा कि तीन वर्ष बीत गए, लेकिन सरकार का एक भी मंत्री अथवा विधायक उजड़ी हुई जनता के बीच नहीं पहुंचा। क्यों यह नेता अपने वोटों तक ही सीमित हैं।

हम एक बार नहीं दो बार नहीं तीन बार उजड़ चुके हैं और अब हम बड़े मुश्किल से स्थापित हुए थे तो अब हमें फिर से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। समाजसेवी एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र कोहली ने कहा कि हम एयरपोर्ट विस्तार की फाइलों को कई बार कांगड़ा के जिलाधीश डॉक्टर निपुण जिंदल के समक्ष और कांगड़ा के एसडीएम नवीन तंवर के समक्ष पेश कर चुके हैं, लेकिन आज दिन तक हमें कोई भी जवाब नहीं मिला। मिली तो बस निराशा ही, हम किसके आगे अपनी उजड़ी हुई जिंदगी का दुखड़ा रोएं, आज सरकार बहुत बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने जा रही है, लेकिन फायदा कौन ले रहा है बड़े-बड़े नेता, जमीनें हमारी खुशियां उनकी, यह कौन से अध्याय में लिखा है। उन्होंने कहा कि एक बार भी कोई भी मंत्री या विधायक इस गरीब जनता का हाल-चाल पूछने तक नहीं आए। अगर मौके पर आते तो तब उनको दर्द होगा कि उजड़ने का दंश कैसा-कैसा होता हैं। ग्रामीणों का एक ही नारा है कि हमें एयरपोर्ट का विस्तार नहीं चाहिए, अगर बनाना है तो सरकार के पास और भी ऑप्शन हैं, लेकिन सरकार पता नहीं क्यों गगल शहर को उजाड़ने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा है कि सरकार एक बार जनता के बीच आए और अपनी स्थिति साफ करे कि गरीब जनता से कौन सा खेल खेल रही है। इतना ही नहीं सरकार ने अपनी मनमर्जी से ही लोगों की जमीनों की नाप नापाई, हरे भरे पेड़ों की गिनती, सब अपने बलबूते पर कंप्लीट कर ली है। भोली-भाली जनता को इतना तक नहीं बताया कि हम क्या दे रहे हैं और क्या नहीं दे रहे है। सरकार को यह भी मालूम था कि गगल एयरपोर्ट विस्तार का मामला उच्च न्यायालय में पहुंच गया है, लेकिन सरकार के पास इतना धन है कि उसे सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़ी ।

जन सुनवाई के दौरान लोगों की आपत्तियां सुनते अधिकारी।

हैप्पी बर्थडे

भदरेड़ की काशवी को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

ढेलू के औंकार को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

एचएएस मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित, 16 उम्मीदवार हुए पास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने एचएएस मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डीके रत्न ने बताया कि 13 दिसंबर, 2023 से 19 दिसंबर, 2023 तक आयोजित हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा प्रतियोगी मुख्य परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। प्रारंभिक परीक्षा में कुल 227 उम्मीदवारों को योग्य घोषित किया गया। मुख्य लिखित परीक्षा में 216 उम्मीदवार सभी पेपरों में उपस्थित हुए। मुख्य परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर 16 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण यानी मौखिक परीक्षा के लिए योग्य घोषित किया गया है। इन उम्मीदवारों की उम्मीदवारी सभी प्रकार से योग्य पाए जाने पर अंतिम परिणाम घोषित किए हैं। रोल नबंर 11001322, 11002026, 11012264, 11012498, 11026685, 11027328, 11003885, 11013853, 11027512, 11005345, 11016321, 11005797, 11012076, 11020417, 11024871, 11028111 उत्तीर्ण हुए हैं। उपरोक्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 4 मार्च, 2024 को होगा। साक्षात्कार अनुसूची, सत्यापन फॉर्म, व्यक्तित्व परीक्षण वाइवा-वॉयस कॉल लेटर और उम्मीदवारों को निर्देश उचित समय पर आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

जम गया पानी...

शिमला में वीरवार को सर्द मौसम में पारा जमाव बिंदु के नीचे चला गया है जिस कारण जाखू में पाइप से बहता पानी जम गया। (फोटो-प्रदीप ठाकुर)

140 आयुर्वेदिक डॉक्टरों को पांच से नहीं मिले नियुक्ति पत्र

अरविंद शर्मा, शिमला

आयुर्वेद विभाग में पिछले दो वर्षों में आयुर्वेदिक डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चली हुई थी, जो कि 23 सितंबर 2023 को पूरी हो गई है, लेकिन अभी तक इन डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए हैं। आयुर्वेद विभाग में 140 डॉक्टर पिछले पांच माह से अपने नियुक्ति पत्र के इंतजार में विभागीय सूत्रों के अनुसार इन 140 डॉक्टरों को विभाग ने आयुर्वेदिक अस्पतालों का आवंटन कर अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली थी, लेकिन 23 अक्तूबर 2023 से विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से फाइल मंगवा ली गई थी। अब पांच माह के बाद भी डॉक्टरों की नियुक्ति को लेकर यह फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय से बाहर नहीं आ रही है। आयुर्वेद विभाग में उत्तीर्ण सभी उम्मीदवारों को यह संशय बना हुआ है कि नियुक्ति होगी भी या नहीं। (अनंत ज्ञान)

प्रदेश की आर्थिक बदहाली के कारण फंसा पेंच

विभाग के अनुसार आयुर्वेदिक डॉक्टरों को भरने के लिए हालांकि सभी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। अब इन्हें नियुक्ति पत्र न मिलने के पीछे राज्य में वित्तीय संकट भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं आयुर्वेदिक सचिव अमनदीप गर्ग ने बताया कि इन 140 डॉक्टरों को शीघ्र ही नियुक्ति दे दी जाएगी।

आयुर्वेदिक डॉक्टरों की भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में फाइल मौजूद है। शीघ्र ही इन डॉक्टरों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी।

यादविंद्र गोमा, प्रदेश आयुर्वेद मंत्री

गोबिंद सागर झील में वाटर और एडवेंचर स्पोर्ट्स को मंजूरी

बिलासपुर। गोबिंद सागर झील में अब क्रूज, मोटर बोट्स, हाई स्पीड बोट्स और शिकारा पानी पर तैरते नजर आएंगे। बिलासपुर के लुहणु के समीप गोबिंद सागर झील में मंडी-भराड़ी को वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स पर्यटन गतिविधियों को प्रदेश सरकार से मंजूरी मिल गई है। इस निर्णय से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ इससे रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने गत दिनों बिलासपुर आगमन पर इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयास करने की घोषणा की थी। अब सरकार ने मंजूरी दे दी है।

बद्दी में तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला बाइक सवार

बीबीएन। बद्दी में तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक आयूब अली उर्फ समीर पुत्र दिलशाद अली निवासी बंदायु उत्तर प्रदेश की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

जातिसूचक शब्द से प्रताड़ित करने के बाद थानेदार ने वकील को जड़ा थप्पड़

पालमपुर का मामला, पीड़ित ने प्रशासन से कानूनी कार्रवाई की उठाई मांग

प्रकाश ठाकुर, पालमपुर

गदंक वकील बोल कर न केवल थाना पालमपुर के एक पुलिसकर्मी ने मुझे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया बल्कि एसएचओ पालमपुर ने उसी कर्मी के उकसावे में आकर मेरे गाल पर चांटा जड़ दिया। ये संगीन आरोप एक स्थानीय वकील पिंकू राम ने पालमपुर मिनी सचिवालय में थाना प्रभारी पालमपुर सुरेंद्र ठाकुर पर लगाए।

पिंकू राम ने बताया कि वह थाने में मोटर वाहन अधिनियम में चालान डिस्पोज ऑफ करवाने के लिए गया था, लेकिन सर्वर कनेक्टिविटी की समस्या के कारण बाहर परिसर में इंतजार कर रहा था। इतने में थाने में पहले पुलिस कस्टडी में मौजूद आरोपी ने मुझसे मेरे मोबाइल से अपने वकील से बात करवाने का आग्रह किया। इस पर मैंने पास खड़े पुलिस अधिकारी से इजाजत लेकर उक्त आरोपी के वकील से अपने मोबाइल पर बात करवा दी। बात अभी खत्म हुई ही थी कि थानेदार पालमपुर बाहर आए और मुझ पर बुरी तरह बरस पड़े। मैंने उन्हें बताया कि मैं एक वकील हूं और पुलिस अधिकारी की इजाजत लेकर ही मैंने आरोपी की अपने फोन से बात करवाई है। इस पर एसएचओ ने मेरा मजाक उड़ाते हुए कहा कि तू शक्ल से वकील नहीं सफाई कर्मी लगता है। इतने में आवाज सुनकर पुलिसकर्मी बॉबी मिन्हास बाहर आया और उसने एसएचओ को कहा कि यह चालानी वकील है। मुझे कहा कि तेरी वकालत तो दूर तू तो अब बकरियां चराने लायक भी नहीं रहेगा। इसकी वेरिफिकेशन करवाओ और मुर्गा बनाओ। पिंकू राम ने शासन, प्रशासन से मांग की है कि एसएचओ और पुलिसकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

नहीं मारा चांटा : एसएचओ

एसएचओ पालमपुर सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि उक्त वकील हवालात में बंद आरोपी को अपना मोबाइल देकर बात करवा रहा था, उसे रोकने के लिए मैंने ऊंची आवाज में बात की थी। किसी प्रकार के जातिसूचक शब्द कहने और थप्पड़ मारने से उन्होंने इनकार किया है।

बार एसोसिएशन ने ज्ञापन प्रेषित कर मांगी कार्रवाई

पालमपुर थाना प्रभारी द्वारा पालमपुर बार एसोसिएशन के सदस्य पिंकू राम पर शारीरिक प्रताड़ना करने और जातिसूचक शब्द कहने का कड़ा संज्ञान लिया है। बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, अध्यक्ष बार कौंसिल, डीजीपी हिमाचल प्रदेश, डीसी कांगड़ा और एसपी कांगड़ा को उपमंडलाधिकारी नागरिक पालमपुर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर आरोपी थाना प्रभारी और पुलिस कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने चेताया है कि अगर आरोपी पुलिस कर्मियों को दो दिन के भीतर निलंबित कर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो बार एसोसिएशन बड़ा आंदोलन करेगी।

टैट परीक्षा का परिणाम घोषित 26.1 प्रतिशत रहा

धर्मशाला। हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से नवंबर 2023 में लिए गए टीचर एलजीबीटी टेस्ट (टैट) का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार का परीक्षा परिणाम 26.1 फीसदी रहा है। इस परीक्षा में 8 स्ट्रीम की परीक्षाएं ली गई थीं, जिसमें जेबीटी, डीएलएड का परीक्षा परिणाम भी शामिल है। दरअसल कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के चलते ये परीक्षाएं बीते दो साल से नहीं हो पाई थी, लेकिन इस बार बहाली के बाद बोर्ड ने इस स्ट्रीम को भी शामिल किया था, जिसका पास प्रतिशत 32.8 फीसदी रहा है। वहीं शास्त्री टैट में 45.14 फीसदी, नॉन मेडिकल में 7.28, लेंग्वेज टीचर 11.81 फीसदी, आट्र्स में 31.89, पंजाबी में 23.88 फीसदी और उर्दू में 8 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। उर्दू में एक भी अभ्यर्थी पास नहीं हो पाया। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बीते दो सालों की अपेक्षा इस बार टैट का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। इस बार परिणाम 26.1 प्रतिशत रहा है। उन्होंने भावी अध्यापकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मध्य प्रदेश में पांच दिन तलाश कर खाली हाथ लौटी एसआईटी

अनंत ज्ञान, बीबीएन

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिला बद्दी पुलिस की एसआईटी पांच दिन बाद मध्य प्रदेश से वीरवार को खाली हाथ लौट रही है जो कि कंपनी संचालकों की गिरफ्तारी के लिए गई थी। वहीं, मध्य प्रदेश पुलिस भी अपने स्तर पर फरार चल रहे कंपनी संचालकों की तलाश में जुटी हुई है।

टीम के खाली लौटने से बद्दी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उद्योग में भीषण अग्निकांड के अगले दिन ही एसआईटी का गठन हुआ था, जिसमें एसआईटी का इंचार्ज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा को लगाया गया। इनके साथ डीएसपी बद्दी खजाना राम व बरोटीवाला थाना प्रभारी संजय समेत अन्य को लगाया गया है। गौर रहे कि हादसे में अब तक कुल पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है जबकि पांच कामगार अभी भी लापता चल रहे हैं। वहीं, घायलों में 30 से अधिक कामगार शामिल हैं जिन्हें चोटें पहुंची हैं।

परफ्यूम उद्योग अग्निकांड डीएसपी लखवीर की खल रही कमी, अधिक अपराध सुलझाने वाले हैं अधिकारी

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बीते दो फरवरी को झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड हुआ था जिसमें अधिकतम कामगार युवतियां व महिलाएं थी। बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच चल रही है और जल्द ही आरोपी हिरासत में होंगे। वहीं जिला पुलिस बद्दी को आज अग्निकांड मामला सुलझाने में तजुर्बेकार पुलिस अधिकारी की कमी खल रही है। पिछले दो सालों से बद्दी में हुए हाईप्रोफाइल क्राइम अपराध को सुलझाने वाले डीएसपी लखवीर सिंह एकमात्र पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में कई डबल मर्डर से लेकर गोलीकांड व कई अन्य गंभीर मामलों को सुलझाया है।

न्यूज ब्रीफ

14 माह में एक भी स्थायी नौकरी नहीं दे पाई सरकार : राजीव बिंदल

शिमला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल कहा है कि सरकार सत्ता में आने के बाद पहला निर्णय जनहित का करती है, परंतु कांग्रेस की सुखविंद्र सरकार ने बिना कैबिनेट आनन-फानन में 1000 से ज्यादा संस्थान बंद किए और संस्थानों को बंद करने का सिलसिला महीनों तक जारी रहा। लगभग 14 महीने में 1400 संस्थान वर्तमान सरकार ने बंद कर दिए हैं। बिंदल ने कहा कि 14 महीनों के कार्यकाल में वर्तमान सरकार ने एक भी स्थायी नौकरी नहीं दी है। साथ ही 12 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार एक लाख युवाओं को नौकरी कब देगी। प्रदेश सरकार ने जनता को जो गारंटियां दी, उनमें से कोई भी गारंटी पूरी नहीं की।

चरस तस्करी करते व्यक्ति धरा

कुल्लू। जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के जरी चौक में 412 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कुल्लू के अन्तर्गत जरी चौकी के समीप राजेंद्र कुमार निवासी गणवाह डाकघर खरोटी तहसील सलूणी, जिला चंबा के कब्जे से गाड़ी नंबर एचपी-01-के 5594 में 412 ग्राम चरस बरामद हुई। व्यक्ति के विरुद्ध थाना कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकियन गोकुल चंद्रन ने बताया कि व्यक्ति को कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लेने के लिए अर्जी लगाई जाएगी ताकि रिमांड के दौरान चरस तस्करी के संदर्भ में जानकारी हासिल की जा सके।

2.12 ग्राम चिट्टे सहित एक धरा

ठियोग। ठियोग थाना के तहत पराला में सूचना के आधार पर वहां की तलाशी के दौरान वाहन चालक से 2.12 ग्राम चिट्टा बरामद किया है! पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक बुधवार को पुलिस दल पराला में गश्त पर था, इस दौरान सूचना मिली कि एक गाड़ी में नशीला पदार्थ है जो सैंज की ओर से आ रहा है। इस मौके पर जब वाहन संख्या एचपी 10सी-9444 की जांच एवं तलाशी की गई तो इस दौरान वाहन चालक मृदुल रांटा उम्र 24 साल पुत्र स्वर्गीय दीपक रांटा निवासी गांव दरोती पी.ओ. और तेह. टिक्कर के कब्जे से 2.12 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

सरकाघाट में दो युवकों से चिट्टा बरामद

मंडी। नशे के खिलाफ मंडी पुलिस ने जिले भर में अभियान छेड़ा है जिसमें वीरवार को सरकाघाट आईटीआई के पास दो युवकों से तलाशी के दौरान 13.90 ग्राम चरस तथा 1.91 चिट्टा बरामद किया गया। युवकों की पहचान मोहित कुमार, निवासी स्याठी तहसील धर्मपुर और दिनेश कुमार निवासी सरी तहसील धर्मपुर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि एएसपी मंडी सागर चंद्र ने की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है।

मेजर जनरल केपी सिंह ने किया सैनिक स्कूल का दौरा

सुजानपुर। हिमाचल, हरियाणा और चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक (भर्ती) मेजर जनरल केपी सिंह, वीएसएम ने वीरवार को सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्कूल प्रबंधन, स्टाफ तथा कैडेटों के साथ बातचीत की। सैनिक स्कूल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैडेटों को संबोधित करते हुए मेजर जनरल केपी सिंह, वीएसएम ने देश की सुरक्षा में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नैतिक मूल्यों और देशभक्ति के जज्बे पर विशेष बल दिया।

देश से हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ रही कांग्रेस : प्रतिभा सिंह

ज्वलंत समस्याओं से लोगों का ध्यान भटका रही केंद्र सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, रामपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि कांग्रेस देश से हो रहें अन्याय के खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने कहा है कि केंद्र की एनडीए सरकार देश की ज्वलंत समस्यों से लोगों का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश कर रही है। देश मे बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी दो ऐसी समस्याएं हैं, जिस पर केंद्र की मोदी सरकार कभी कोई बात नही करती। ध्रुवीकरण की राजनीति कर लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार किया जा रहा है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को डराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आज अपने संसदीय क्षेत्र मंडी के रामपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों गानवी, लबाना- सदाना, जागोरी, फ़ांचा, जियोरी, सराहन, शाहधार, सरपारा, कूट, किआओ, बोंडा, किन्नू के गनवी 15/20 में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन को शुरू करते हुए प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार का मुहंतोड़ जवाब देना होगा। प्रतिभा सिंह ने रामपुर क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी सभी गारंटियों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे वह हर हाल में पूरा करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है और यह सब पार्टी कार्यकर्ताओं की वजह से ही संभव हुआ है। उनके साथ स्थानीय विधायक नंद लाल, जिला शिमला कांग्रेस अध्यक्ष अतुल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा, जिला परिषद शिमला की अध्यक्ष चंद्र प्रभा नेगी व कांग्रेस पदाधिकारी और अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने पूरा किया ओपीएस का वायदा

प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को ओपीएस लागू कर उनसे किया वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही महिलाओं से किया वादा भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने सुक्खू सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से राहत कार्यों को अंजाम दिया। प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह आज से ही लोकसभा चुनावों के लिए मैदान में डट जाएं। उप्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

झूठ छल और हेर-फेर से नहीं चलती है सरकार : जयराम

महिलाओं को 1500 की गारंटी देने वाली कांग्रेस अब कर रही गोलमाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने पहले झूठ का सहारा लिया और सत्ता में आने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। अब सरकार प्रदेश की माताओं-बहनों से छल कर रही हैं। चुनाव में प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी दी लेकिन अब सरकार बनने के बाद सिर्फ गोल-मोल कर रही है। सरकार कहती है कि उसने महिलाओं को 1500 देने की गारंटी पूरी कर दी है, लेकिन यह गारंटी पूरी करना नहीं बल्कि माताओं-बहनों के साथ छल करना है। सरकार लाहौल-स्पीति की माताओं-बहनों को 1500 रुपए देने की घोषणा करके कहती है कि गारंटी पूरी हो गई।

सरकार को बताना चाहिए कि प्रदेश की बाकी माताओं-बहनों का क्या दोष है, जो उन्हें यह सम्मान निधि नहीं मिल रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने के पहले कांग्रेस के छोटे-बड़े नेताओं ने बड़ी-बड़ी बातें की। एक से एक झूठी गारंटिया और वादे किए लेकिन सत्ता में आने के बाद खामोश हो गए। जैसे कांग्रेस ने चुनाव के पहले कुछ कहा ही न हो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने 22 लाख से ज्यादा महिलाओं को सम्मान राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन 10 हजार महिलाओं को भी यह धनराशि नहीं दी। इसके बाद मुख्यमंत्री कहते है कि हमने अपनी गारंटी पूरी कर दी।

सरकार झूठे आंकड़े पेश कर लोगों को कर रही गुमराह

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की इस सरकार को समझ लेना चाहिए कि सरकार झूठ और छल और आंकड़ों के हेर-फेर से नहीं बल्कि अच्छी नीयत के साथ जनता के विकास के लिए समर्पित रहने से चलाई जाती है। इसलिए सरकार झूठ और हेरफेर का सहारा लेना बंद करे। क्या इसी तरह आधे प्रतिशत से भी कम लोगों को किसी योजना में शामिल करके योजना के लक्ष्यों को पूरा करने का दावा किया जा सकता है।

अग्निवीर भर्ती पर कांग्रेस ने उठाए केंद्र पर सवाल

शिमला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ 31 जनवरी से जय जवान मुहिम की शुरुआत की है। इस मुहिम के जरिए कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ अग्निवीर योजना को लेकर मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की इस योजना को सैनिकों के खिलाफ बताया है और सत्ता वापसी पर इसको बंद करने की बात कही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने शिमला में प्रेस वार्ता कर केंद्र पर सैनिकों की शहादत के नाम पर केवल वोट लेने का आरोप लगाया है। वहीं समान नागरिक संहिता पर कांग्रेस पार्टी के विचार को लेकर अभय दुबे ने कहा कि इस मामले में बाबा साहेब अंबेडकर के विचार पर अमल होना चाहिए।

हत्या के दोषी को उम्रकैद और 25 हजार जुर्माना

अनंत ज्ञान, बीबीएन

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नालागढ़ अविनाश चंद्र की अदालत ने वीरवार को हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजाई सुनाई। दोषी की पहचान असान मोहम्मद उर्फ सानी पुत्र सोमा निवासी फतेहपुर बुग्गा तहसील आनंदपुर साहिब जिला रोपड़ पंजाब के रूप में हुई।

उप जिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि कृपाल सिंह पुत्र अजीत सिंह परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी गांव गंगूवाल में शादी समारोह में 30 सितंबर 2011 को आए हुए थे। इसके बाद वह अपने गांव लौट गए व इनकी बेटी राजिंदर कौर व इनकी माता शादी समारोह में रुक गए और इनकी माता का फोन आया कि राजिंदर कौर को कोई सानी अपने मोटरसाइकिल पर ले गया है। जिसके बाद कृपाल सिंह ने थाना नालागढ़ में मामला दर्ज करवाया। तफ्तीश में आरोपी ने बताया कि इसने 30 सितंबर 2011 को मृतिका राजिंदर कौर को गंगूवाल नालागढ़ से मोटरसाइकिल पर अगवा करके मलिकपुर रोपड़ पंजाब ले गया था। आरोपी असान मोहम्मद उर्फ सानी पहले से शादीशुदा था और उसने अपनी शादी को मृतका राजिंदर कौर से छुपाकर उससे पीछा छुड़ाने के लिए गांव डाडी भाखड़ा नहर के किनारे राजिंदर कौर की हत्या करके लाश को नहर में फेंक दिया था और मृतका राजिंदर कौर का शव गरेवाल भाखड़ा नहर से बरामद हुआ। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए दोषी असान मोहम्मद उर्फ सानी को हत्या के जुर्म धारा 302 आईपीसी के तहत उम्र कैद का कारावास व 25 हजार जुर्माना लगाया। वहीं, जुर्माना अदा न करने की एवज में 2 साल के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

तैयारी बागवानी विभाग के पास फलदार पौधे उपलब्ध, 15 मार्च तक कर सकते हैं पौधरोपण

हिमाचल में ड्राई स्पेल खत्म, जमीन में पर्याप्त नमी

अनंत ज्ञान, करसोग

हिमाचल में लंबे ड्राई स्पेल के बाद हुई अच्छी बारिश और बर्फबारी बागवानों के लिए अमृत के समान है। सूखे की वजह से बागवान फलदार पौधों का रोपण नहीं कर पा रहे थे, लेकिन अब बारिश-बर्फबारी होने के बाद जमीन में पर्याप्त नमी है। इसलिए बागवान अब मार्च के दूसरे सप्ताह तक सेब सहित अन्य फलदार पौधे लगा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक 15 मार्च तक पौधों का रोपण किया जा सकता है। इसके लिए बागवानी विभाग के पास सेब की विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे उपलब्ध हैं।

हिमाचल प्रदेश में लंबे सूखे के बाद फरवरी के पहले सप्ताह में हुई अच्छी बारिश और बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट आई है। ऐसे में सेब सहित अन्य प्रजातियों के फलदार पौधों के लिए चिलिंग ऑवर्स पूरे होने की संभावना बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक सबसे अधिक रेड डिलीशियस के लिए 1200 घंटे की चिलिंग ऑवर्स की जरूरत होती है। इसी तरह से रॉयल के लिए 1000 से 1100 घंटे की चिलिंग ऑवर्स पूरा होना आवश्यक है।

स्पर वैरायटी के लिए 800 से 900 घंटे व गाला प्रजाति सेब के लिए 700 से 800 घंटे तक के चिलिंग ऑवर्स की जरूरत है। इसी तरह से स्टोन फ्रूट में प्लम के लिए 300 से 400 घंटे, खुबानी 300 से 400 सहित नाशपाती के लिए 700 से 800 घंटे व अंगूर के लिए 300 से 400 घंटे चिलिंग ऑवर्स पूरा होना जरूरी है। मौसम में आए बदलाव से अब आने वाले समय में चिलिंग ऑवर्स पूरे हो सकते हैं। जिससे सेब सहित स्टोन फ्रूट का उत्पादन अच्छा रहने की उम्मीद है। बागवान अब पौधरोपण कर सकते हैं।

अनंत ज्ञान स्पैशल

सेब की इन किस्मों के पौधे हैं उपलब्ध

प्रदेश में डिमांड को देखते हुए विभाग के पास उच्च गुणवत्ता के आधुनिक पौधे उपलब्ध है। इसमें वेलॉक्स, सुपर चीफ, गेल गाला, किंग रोट, डार्क बैरन गाला, रेडलम गाला, गेल गाला, बेगेंट गाला, बक आई गाला, जेरोमाइन, स्कार्लेट स्पर-11, ओरेगॉन स्पर-11, रॉयल डिलीशियस, ब्रुक फील्ड गाला, गाला सिमंस, अर्ली रेड वन, रॉयल रेड हनी क्रिस्प, रेड फूजी, सन फूजी, पिंक लेडी, ग्रेनी स्मिथ आदि किस्में उपलब्ध हैं। इसके अलावा क्लोनल रूट स्टॉक विभिन्न किस्में बागवानों को उपलब्ध कराई जा रही हैं।

चिलिंग ऑवर्स पूरे होने की संभावना बढ़ी

विषय वार्ता विशेषज्ञ उद्यान डॉ. जगदीश चंद वर्मा ने बागवानों को फलदार पौधों के रोपण की सलाह दी हैं। उनका कहना है कि शीतोष्ण फल अभी सुप्त अवस्था में होते हैं। इसलिए मार्च माह के दूसरे सप्ताह तक पौधरोपण किया जा सकता है। लंबे अंतराल के बाद प्रदेश भर में बारिश-बर्फबारी हुआ है। सूखे के कारण बागवान पौधारोपण जैसे कार्य नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने कहा कि बारिश-बर्फबारी के होने के बाद अब सेब की फसल के लिए आवश्यक चिलिंग ऑवर्स पूरे होने की संभावना बढ़ गई है।

कंप्यूटर खराब होने से मरीजों की लगी लाइनें

डेंटल कॉलेज में लोगों को उठानी पड़ी परेशानियां, पर्ची बनवाने के लिए लाइन में खड़े रहे मरीज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डेंटल कॉलेज में वीरवार को मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिली।

सुबह से ही यहां मरीज पर्ची बनवाने के लिए लाइन में खड़े रहे। अस्पताल के पर्ची काउंटर पर कंप्यूटर खराब हो गया था, जिस करण मरीजों को अस्पताल में पर्ची बनाने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा था। कंप्यूटर खराब होने की वजह से यहां पर मरीजों की लंबी लाइन लग गई थी। डेंटल कालेज में दूर-दराज से लोग अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं।

डेंटल कॉलेज में पर्ची बनवाने के लिए लाइन में खड़े रहे मरीज।

समय पर पर्ची न बनने की वजह से मरीजों का इलाज भी समय रहते नहीं हो पाया। शहर से दूर स्थानों से इलाज के लिए आए मरीजों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें न केवल इलाज देरी से मिला, बल्कि शाम के समय घर के लिए बस मिलने की चिंता भी सता रही थी, जब मरीज पर्ची बनाने के लिए यहां-वहां गए तो डॉक्टर ओपीडी में खाली बैठे हुए थे। डॉक्टर ओपीडी में मरीजों का इंतजार करते रहे, लेकिन पर्ची न बनने के कारण मरीज वहां नहीं पहुंच पा रहे थे। टेक्नीशियन को बुलाकर इसे ठीक कर दिया गया।

> सुबह के समय कंप्यूटर में खराबी आई थी, उसी समय टेक्नीशियन को बुलाकर इसे ठीक कर दिया था। इसके बाद यहां पर मरीजों की पर्ची को काटा जा रहा है। अस्पताल में किसी भी मरीज को बिना इलाज के नहीं भेजा है। अस्पताल में मरीजों को हर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **डॉक्टर आशु गुप्ता, डेंटल कॉलेज प्रिंसिपल।**

भेदभाव पूर्ण तरीके से काम कर रही मोदी सरकार : सीपीआईएम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में वीरवार को सीपीआईएम की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ माकपा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोला।

माकपा ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार केरल राज्य की सीपीआईएम सरकार के अधिकारों, वित्तीय सहायता को कम कर कमजोर बनाने का काम रही है, इससे आम जनता प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर भेदभाव पूर्ण तरीके से काम करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जीएसटी को राज्यों के लिए 60:40 में बांटने के लिए तैयार नहीं है और जो भुगतान किया जा रहा है, वह भी

शिमला के उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सीपीआईएम कार्यकर्ता।

समय से नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार राज्यों पर सेस और सरचार्ज लगातार बढ़ा रही है।

राज्य को यह पैसा नहीं दिया जा रहा है। राज्य की कर्ज लेने की क्षमता को बुरी तरह सीमित कर दिया है, जिससे राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं और विकास के कार्य को नहीं कर पा रही है, जिन राज्यों में जहां बीजेपी सरकार नहीं है वहां के लिए वित्तीय सहायता नहीं दी जा रही है।

> माकपा कार्यकर्ता कुलदीप तंवर और जगमोहन ठाकुर का कहना है कि केंद्र सरकार इस तरह के फरमान जारी कर रही है, जो नियमों के विरुद्ध है। अगर स्थिति में बदलाव नहीं हुआ, तो माकपा केरल से लेकर शिमला तक केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों में उतरेगी।

उपचुनावों के लिए मतदान केंद्र चिन्हित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपचुनाव के लिए मतदान केंद्रों की अधिसूचना की जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला शिमला के विकास खंड टुटू, हीरानगर, जुब्बल, कुपवी, मशोबरा, नारकंडा, ठियोग, बसंतपुर तथा छौहारा के पंचायतीराज संस्थाओं के उपनिर्वाचन फरवरी, 2024 के लिए मतदान केंद्रों की अधिसूचना जारी की है।

विकास खंड टुटू की ग्रामसभा रामपुर क्योंथल के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या एक रामपुर एक के लिए मतदान केंद्र सामुदायिक केंद्र रामपुर क्योंथल, वार्ड संख्या दो रामपुर दो के लिए मतदान केंद्र पटवार खाना रामपुर क्योंथल, वार्ड संख्या तीन रामपुर तीन के लिए मतदान केंद्र रामपुर क्योंथल स्कूल, वार्ड संख्या चार शगीन के लिए मतदान केंद्र सामुदायिक भवन शगीन तथा वार्ड संख्या पांच शमलीग के लिए मतदान केंद्र तालग स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जिसकी मतगणना कार्यालय पंचायत मुख्यावास में की जाएगी। ग्रामसभा गिर्ब खुर्द के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या दो गिर्ब के लिए मतदान केंद्र गिर्ब स्कूल चिन्हित किया गया है, जिसकी मतगणना कार्यालय पंचायत मुख्यावास में की जाएगी। विकास खंड जुब्बल की ग्रामसभा अंटी के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या दो चींग के लिए मतदान केंद्र झालडी कनोट स्कूल चिन्हित किया गया है, जिसकी मतगणना कार्यालय पंचायत मुख्यावास में की जाएगी।

विकास खंड कुपवी की ग्रामसभा नौरा बौरा के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या दो बौरा एक के लिए मतदान केंद्र बौरा स्कूल चिन्हित किया गया ह, जिसकी मतगणना कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्यावास में की जाएगी। ग्रामसभा झोखड के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या चार झोखड़ दो के लिए मतदान केंद्र झोखड़ स्कूल चिन्हित किया गया है, जिसकी मतगणना कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्यावास में की जाएगी व आदि मतदान केंद्र चिन्हित किए।

> **कोटगढ़ में पंचायत कार्यालय में होगी मतगणना**
>
> विकास खंड नारकंडा की ग्रामसभा कोटगढ़ के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या एक मानन के लिए मतदान केंद्र कोटगढ़ स्कूल, ग्रामसभा कोटीघाट के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड संख्या चार कोटी दो के लिए मतदान केंद्र कोटीघाट स्कूल चिन्हित किया गया है, जिसकी मतगणना कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्यावास में की जाएगी।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार विकास में कोई कमी नहीं आने देगी : ब्राक्टा

शलावट-बाली-क्रेटली सड़क का सीपीएस ने किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने क्रेटली संपर्क सड़क का लोकार्पण किया। इस सड़क के बनने से समरैरी वैली की दो पंचायत समरकोट व भमनोली के लोगों को सड़क सुविधा मिलेगी। इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से चल रही थी।

मुख्य संसदीय सचिव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांगेस पार्टी की सरकार विकास में कोई कमी नहीं आने देगी। रोहड़ू में भी विकास कार्य में कोई कमी नहीं आने देंगे। यहां पर पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके चलते सुंगरी से मुराल डंडा

शलावट-बाली-क्रेटली सड़क का सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा लोकार्पण करते हुए।

को विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर करतार सिंह कुल्ला अध्यक्ष कांग्रेस मंडल रोहड़ू, सुरेंद्र रेटका उपाध्यक्ष जिला परिषद शिमला, पवन चौहान, राज कुमार सोनी, रवि रावत, विनोद ठाकुर, अजीत राणा, रजत हमटा, प्रेम लाल भिंटा, अश्वनी कुमार, अश्वनी शर्मा, अशोक डंडा, माठू राम बुशैहरी, आगर दास हमटा, रंजीत घेदटा, मंच संचालक नित्यानंद शदाटत, जगदेव बुशैहरी, अविनाश शर्मा विभिन्न विभागों के अधिकारी, यशपाल वर्मा, राजेंद्र शर्मा, कुशाल सिंह मैहता, शमशेर ठाकुर, सतीश कुमार, जगदीश व पंकज मौजूद रहे।

टूटीकंडी में महापौर को समस्याओं के बारे में करवाया गया अवगत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चैहान ने वीरवार को टूटीकंडी वार्ड का दौरा किया।

जनता के द्वार सरकार के तहत वार्ड़ों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान वार्डों के लोगों ने महापौर के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को रखा। इनमें कुछ समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि महापौर ने शेष समस्याओं के समाधान को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। वार्ड के लोगों ने पानी, बिजली, सड़क सहित विभिन्न समस्याओं के बारे में महापौर को अवगत करवाया। लोगों ने कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ ड्रेनेज समस्या और सीवरेज सिस्टम से काफी परेशान हैं। महापौर ने अधिकारियों को मौके पर ही आदेश

महापौर सुरेंद्र चौहान सहित अन्य अधिकारी टूटीकंडी का दौरा करते हुए।

जारी किए कि लोगों की मांगों का पूरा आकलन कर उस पर कार्य शुरू कर दें। इसके बाद महापौर ने सीवरेज लाइन, ड्रेनेज सिस्टम और लॉपिंग के साथ-साथ स्ट्रीट लाइटों की समस्या जानी। वार्ड के लोगों ने कहा कि वार्ड की स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं और कई क्षेत्रों में लाइट ही नहीं है। दौरे के दौरान महापौर के साथ वार्ड के पार्षद उमा कौशल, आलोक पठानिया, ट्री कमेटी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

महंगाई की मार झेल रहे लोगों को राहत

सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम में गिरावट, बर्फबारी के चलते बढ़े दामों से अब देखने को मिली गिरावट

आशिमा वैरागी, शिमला

राजधानी शिमला के विभिन्न क्षेत्रों में महंगाई की मार झेल रहे लोगों को हल्की राहत मिली है। राजधानी शिमला में एक बार फिर बर्फबारी के कारण बढ़े सब्जियों के दामों में गिरावट आई है।

राजधानी में मौसम साफ होने के बाद शिमला सब्जी मंडी में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इससे पहले मौसम के कारण आम लोगों की थाली से सब्जियां गायब हो गई थी, अब बर्फबारी के बाद सर्दियों में राजधानी में एक बार फिर से फल और सब्जियों के दामों में गिरावट देखने

राजधानी में सब्जी की खरीददारी करते लोग।

को मिल रही है। फल और सब्जियों के दामों में गिरावट आने से उपभोक्ताओं ने भी राहत की सांस ली है। पहले जहां शहर में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे, तो वहीं इन दिनों दामों में गिरावट आने से लोगों को विशेषकर गरीब लोगों को बड़ी राहत मिली है। बर्फबारी के दौरान गोभी, मटर के दाम इतने ज्यादा थे कि किलो सब्जी की जगह ग्राम में सब्जियां खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा था। सर्दियों में हरी सब्जियां काफी सस्ती हुई हैं। आलू, प्याज और टमाटर के अलावा सब्जियों के दामों में आई गिरावट के कारण हर वर्ग के लोगों को राहत हुई है। (अनंत ज्ञान)

सब्जियों के दाम

	पहले	अब
गोभी	50	40
पत्तागोभी	50	50
खीरा	40	30
शिमला मिर्च	90	80
बैंगन	50	30
घीया	60	35
टमाटर	60	50
मटर	60	50

करालश में आज 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

शिमला। रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के करालश में आज 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव विधि, संसदीय कार्य व बागवानी मोहन लाल ब्राक्टा करेंगे।

सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि मुख्य संसदीय सचिव कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका निवारण करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त होंगे।

सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता अभियान शुरू

नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं को आम जनमानस तक पंहुचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन संपर्क विभाग के अधीन कार्यरत फोक मीडिया दल के कलाकारों ने वीरवार को शिमला की पंचायतों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा ने आईटीआई चौपाल तथा ग्राम पंचायत धवास, वंदना कला मंच के कलाकारों ने पंचायत नीरथ तथा पंचायत दतनगर,

फोक मीडिया दल के कलाकार शिमला की पंचायतों में नुक्कड़ नाटक से जागरूक करते हुए।

जय देव कुर्गण सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने पंचायत गुम्मा व मूलकोटी, पूजा कला मंच के कलाकारों ने चलोग पंचायत तथा जाबरी पंचायत व स्वर साधना कला मंच के कलाकारों ने जतोग तथा चक्कर में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों व बेसहारा वर्गों के लिए कानून के तहत योजना बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सरकार की ओर से 4000 अनाथ बच्चे 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाने तथा सरकार द्वारा इन बच्चों को सुविधा देने के लिए लगभग 17.18 करोड़ रुपए हस्तांतरित करने से संबंधित विस्तार से जानकारी दी।

नागरिक सुरक्षा के लिए शहर में होगा स्वयंसेवियों का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला शहर में वार्ड स्तर पर नागरिक सुरक्षा के लिए स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और आपदा प्रबंधन के ढांचे को मजबूत बनाया जाएगा।

वीरवार को डीसी शिमला अनुपम कश्यप ने शिमला शहर के आपदा प्रबंधन नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवियों के संदर्भ में बैठक ली। शिमला शहर में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवियों के 824 पदों का लक्ष्य रखा गया है। इन्हें मुख्यालय सेवा, संचार सेवा, वार्डन सेवा, हताहत सेवा, बचाव एवं राहत सेवा, अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, यातायात सेवा, आपूर्ति सेवा, कल्याण सेवा व शव निपटान सेवा के लिए तैयार किया जाएगा और आपदा प्रबंधन के कार्यों को मजबूती प्रदान की जाएगी। अनुपम कश्यप ने बताया कि जो नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी इन पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उसकी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए और वह शिमला शहर का स्थायी निवासी होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 0177-2652753 पर संपर्क कर सकते हैं। कमांडेंट होमगार्ड नवीता शर्मा ने डीसी को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवियों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की और विभिन्न आपदा प्रबंधन गतिविधियों से अवगत करवाया।

> **824 स्वयंसेवियों को आपदा से निपटने के लिए दी जाएगी स्पेशल ट्रेनिंग**

सेल्स ऑफिसर के 20 पदों के लिए साक्षात्कार आज

शिमला। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला सीमा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला, की ओर से आईएफएम फिनकोच ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड मोहाली, बैंकिंग सेक्टर के लिए शिमला में सेल्स ऑफिसर के 20 पद निकाले गए हैं, जिसके लिए आज प्रात: 10:30 बजे क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे, जिसमें इच्छुक आवेदक अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित पहुंचना सुनिश्चित करें। इन पदों के लिए वेतन 2.5 से 3.95 लाख रुपए प्रति वर्ष तथा प्रोत्साहन देय होगा और जिसमें शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, आयु वर्ग 23 से 25 वर्ष तक के इच्छुक उम्मीदवार जो इस पद से संबंधित योगता रखते हो, उनका नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है।

जम गया पानी..

वीरवार को सर्द मौसम में पारा जमाव बिंदु के नीचे चल रहा है, जिस कारण जाखू में पाइप से बहता पानी जम गया है।

कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रही सरकार

शिमला। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने वीरवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय कौशल विकास भत्ता योजना 2013 मनोनयन संस्थानों के संदर्भ में बैठक ली। उन्होंने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि वे स्वरोजगार एवं आत्म निर्भरता की राह पर अग्रसर हो सके और सशक्त नागरिक बन सके।

उन्होंने इस संदर्भ में रोहड़ू उपमंडल के जांगला क्षेत्र में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का मनोनयन किया, जिससे स्थानीय युवाओं को लाभ मिल सके। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक वर्मा, एडीसी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कीर्ति चंदेल एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

तकसीम क्या होती है व कैसे करवाई जा सकती है : बांशा

दशमी रावत, रोहड़ू

कानूनी या हुकमन तकसीम से अलग यदि सभी सह-मालिकों में आपस में सहमति बनी हुई है व उन लोगों ने खुद ही जमीन का बंटवारा कर लिया है, तो हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम 1954 की धारा-135 के अंतर्गत कोई भी एक मालिक सहायक समाहर्ता तहसीलदार या नायब तहसीलदार को साधारण आवेदन दे सकते हैं।

सभी मालिकों की ओर से हस्ताक्षरित आवेदन से सीधा पटवारी को भी रिपोर्ट कर सकते हैं। दोनों दशाओं में सीधे तौर पर इंतकाल दर्ज करके सभी मालिकों की सहमति रिकॉर्ड में लेकर तकसीम का इंतकाल तुरंत करवाया जा सकता है। इस तरह की तकसीम में सनद तकसीम बनाने या दखल की प्रक्रिया की कोई आवश्यकता नहीं होती है। (अनंत ज्ञान)

> **मालिक हस्ताक्षरित आवेदन से सीधा पटवारी को भी रिपोर्ट कर सकते हैं**

> लोगों को खासकर परिवारों को चाहिए कि इस प्रावधान का लाभ उठाकर अपने खातों को बिना लंबी कानूनी कार्यवाही के झंझट में फंसे, खानगी तकसीम करवाकर आने वाली पीढ़ी के लिए भूमि के रिकॉर्ड को साफ करवाया जा सकता है।
>
> **कुशाल बांशा, सेवानिवृत्त सब डिवीजनल कानूनगो रोहड़ू।**

जायजा अर्बन भानु गुप्ता ने एमसी के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मार्ग को जल्द ठीक करने के दिए निर्देश

बैमलोई-कनलोग सड़क का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला के बैमलोई से कनलोग जाने वाले सड़क मार्ग में बीते मंगलवार को हुए भूस्खलन से यह सड़क मार्ग पूरी तरह से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद किया गया है। एसडीएम अर्बन भानु गुप्ता ने वीरवार को इस सड़क मार्ग का जायजा लिया और एमसी के अधिकारियों को इस रोड को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। भूस्खलन के कारण सड़क पर आवाजाही को बंद कर दिया गया।

इससे सड़क में दरारें भी आ गई हैं। बीते वर्ष बरसात में यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी, स्थानीय लोगों की ओर से कार सेवा

बैमलोई से कनलोग क्षतिग्रस्त सड़क का एसडीएम भानु गुप्ता ने निरीक्षण करते हुए।

के लिए सड़क को दुरुस्त किया गया था। यहां पर डंगा लगाया जा रहा था। इस सड़क पर सफर करना खतरे से खाली नहीं है, जिसको देखते हुए सड़क पर आवाजाही को बंद कर दिया गया है। यह सड़क पिछले साल बरसात से लेकर अभी तक बंद पड़ी थी, जिसके बाद क्षेत्र के करीब 300 लोग सड़क को बहाल करने के लिए आगे आए। उम्मीद जताई जा रही थी कि जल्द ही यह सड़क ठीक हो जाएगी, लेकिन बरसात के कारण कनलोग-बैमलोई जाने वाली सड़क पर डंगा खिसक गया, जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया है।

यह सड़क बैमलोई से कनलोग वार्ड को जोड़ती है। डंगे के ढहने से यहां पर सड़क में दरारें भी आ गई हैं। दरारों के कारण सड़क पर आवाजाही को बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने हाल ही में सड़क को कार सेवा के बाद बहाल किया था। इस सड़क के हिल साइड पर एक डंगा लगाया गया था, जो खिसककर निचली सड़क पर ढह गया, जिसके बाद सड़क में दरार आने से दोनों तरफ से आवाजाही रोक दी गई। इसे ठीक करने का कार्य जल्द ही किया जाएगा।

> **कुसुम्पटी भवन का शुरू हुआ मरम्मत कार्य**
>
> एसडीए परिसर कुसुम्पटी में भी पर्यटन और राजस्व विभाग के भवन में आई दरारों का भी निरीक्षण किया और हिमुंडा के अधिकारियों को तुरंत मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अभी भवन की रेट्रोफिटिंग का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि बर्फबारी के बाद इस बिल्डिंग में एक पिलर का कुछ हिस्सा टूट गया था, जिसके बाद बिल्डिंग में जोर का धमाका हुआ और ड्यूटी कर रहे कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बाहर भाग गए।

लोनिवि में लगे मल्टी टास्क वर्कर्स के साथ हो रहा अन्याय : प्रीतम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा

लोक निर्माण विभाग में तैनात मल्टी टास्क वर्कर्स व शिक्षा विभाग में नियुक्त मल्टी टास्क वर्कर्स कम वेतन मिलने से हताश हैं।

पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षण संस्थानों और लोक निर्माण विभाग में हजारों मल्टी टास्क वर्कर्स नियुक्त किए गए थे। उल्लेखनीय है कि शिक्षण संस्थानों में नियुक्त किए गए मल्टी टास्क वर्कर्स को 5625 रुपए और लोक निर्माण विभाग में नियुक्त किए मल्टी टास्क वर्कर्स को 4500 रुपए प्रति माह मानदेय निर्धारित किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतम सिंह ठाकुर का कहना है कि जिस मजदूर को प्रतिकूल मौसम में दिनभर सड़कों पर काम करना पड़ता है उन्हें 4500 रुपए दिए जाना इस वर्ग के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। इनकी ड्यूटी भी एक ही स्कूल में लगाई गई है और इनका कार्य समय भी प्रात: दस से चार बजे तक हैं, जबकि लोक निर्माण विभाग में तैनात मल्टी टास्क वर्कर्स को प्रतिकूल परिस्थितियों में जगह-जगह सड़कों की मरम्मत करने के लिए प्रात: नौ बजे से सायं पांच बजे तक ड्यूटी देनी पड़ रही है।

> **सीमेंट की बोरी उठाने से हुआ था साक्षात्कार**
>
> लोक निर्माण विभाग में तैनात अनेक मल्टी टास्क वर्कर्स का कहना है कि उनका साक्षात्कार भी सीमेंट की बोरी उठाने से हुआ था। इसके बावजूद भी स्कूल में लगे मल्टी टास्क वर्कर्स से 1125 रुपए प्रति माह कम पैसे मिल रहे हैं, जबकि स्कूल में मल्टी टास्क वर्कर्स के लिए कोई भारी कार्य भी नहीं है। प्रीतम ठाकुर ने बताया कि लोक निर्माण विभाग में तैनात मल्टी टास्क वर्कर्स के मानदेय में बढ़ोतरी करके इन्हें शिक्षा विभाग में नियुक्त एमटीडब्ल्यू के समकक्ष लाया जाए, ताकि इस वर्ग का शोषण न हो। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जब इस बारे बात की गई, तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह विसंगति पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुई है, जिसे वर्तमान सरकार ठीक कर सकती है।

शिलान्यास के 17 वर्ष बाद भी रेलवे रोड पार्किंग का निर्माण कार्य अधर में

नगर निगम सोलन ने शहरी निदेशालय से मांगे 55 लाख रुपए

आर मोहन चौहान, सोलन

रेलवे रोड सोलन में करीब पांच करोड़ रुपए से निर्माणाधीन मल्टी स्टोरी पार्किंग का कार्य शिलान्यास के 17 वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी भी अधर में है। इस पार्किंग का शिलान्यास वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया था। पार्किंग फ्लोर बनने के बावजूद इसे मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया। बजट की कमी के चलते ठेकेदार ने काम बंद कर दिया, ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद शहर के लोगों को पार्किंग की सुविधा नहीं मिल रही है।

बताया जा रहा है कि ठेकेदार को बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से बचा हुआ कार्य रुका हुआ है। निगम ने इस कार्य का जिम्मा बीएसएनएल को दिया है। पार्किंग के बचे हुए कार्य को निगम ने जून 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था, पर ऐसा हो न सका। निगम में अब नए मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हो चुका है, जिन पर पार्किंग के लिए बजट उपलब्ध करवाने की चुनौती है। सरकार से बजट नहीं मिलने से ठेकेदार की पेमेंट लंबित है।



करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद लोगों को पार्किंग की सुविधा नहीं मिल रही है।

हालांकि निगम बने हुए हिस्से में पार्किंग की ऑक्शन कर अर्जित राशि से निर्माण कार्य को पूरा करना चाहती है, पर नियम के मुताबिक निर्माण कार्य पूरा होने पर भी निगम को पोजेशन मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने वार्ड-दो के लोहार मौहल्ला की पार्किंग को मंजूर राशि का डाइवर्ट कर रेलवे रोड की पार्किंग को देने का निर्णय लिया है। लौहार मौहल्ला में जमीन विवाद के चलते फिलहाल करीब 55 लाख की राशि खर्च नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि निगम इससे पैसे से रेलवे रोड की पार्किंग का निर्माण पूरा करना चाहती है। इसके लिए निगम ने शहरी निदेशालय को लिखा है, पर अभी तक सरकार से मंजूरी नहीं मिली। (अमर उजाला)

सड़क किनारे अवैध पार्किंग

शहरीकरण में तेजी के साथ छोटे वाहनों की संख्या में भारी इजाफा होने के बावजूद सोलन शहर में आज तक पार्किंग निर्माण पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। परिणाम स्वरूप शहर की छोटी बड़ी सड़कों में अवैध तरीके से हजारों की संख्या में वाहन पार्क किए जा रहे हैं। इससे शहर की सड़कों में वाहन दौड़ते नहीं, बल्कि रेंगते हुए नजर आते हैं। पार्किंग सुविधा नहीं होने से जहां स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतें पेश आती हैं, साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। निगम ने शहर में पार्किंग निर्माण की योजनाएं तो बनाईं लेकिन निर्माण के नाम पर एक ईंट तक नहीं जुड़ पाई। पार्किंग के अभाव में लोगों को सड़कों के किनारे ही वाहन पार्क करने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर में छोटे बड़े वाहनों की संख्या उपनगरों के वाहनों को मिलकर करीब 40 हजार से अधिक हो चुकी है, लेकिन पार्किंग के नाम पर करीब 1500 वाहनों को पार्क करने की सुविधा है।

> शहर में पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। निगम कार्यालय के साथ मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाना है। वार्ड क्षेत्रों में पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे। शहर के रेलवे रोड में पार्किंग का निर्माण अंतिम चरण में है। बचे हुए कार्य के लिए सरकार से धनराशि की मांग की गई है।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

कच्चा टैंक में पालतू कुत्ते ने दो को काटा

अनंत ज्ञान, नाहन

नाहन स्थित कच्चा टैंक में पालतू कुत्ते के द्वारा दो लोगों सहित पालतू पशुओं को काटने का मामला सामने आया है। घटना दोपहर बाद की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कच्चा टैंक निवासी प्रवीण, शशि पंडित घर से किसी काम को लेकर निकले थे, जैसे ही वह बस स्टैंड के पीछे से गुजर रहे थे अचानक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार कुत्ते ने दो को बुरी तरह से काटा है।

पालतू पशुओं को भी काटा, क्षेत्र में दहशत का माहौल

अधिवक्ता वीरेंद्र पाल ने बताया कि पालतू कुत्ते के द्वारा गली में घूम रहे पालतू पशुओं को भी काट डाला। पालतू कुत्ता स्थानीय निवासी नीलम का बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि कुत्ते को लगातार बांधे रखने के कारण उसने लोगों को काटा है। बताया जा रहा है कि जैसे ही उसे मौका मिला, वह घर से भाग गया। कुत्ते के मालिक की लापरवाही के चलते कुत्ते ने लोगों सहित पालतू पशुओं को काटा। कच्चा टैंक निवासी प्रवीण के द्वारा कुत्ते के मालिक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है। वहीं, कच्चा टैंक पुलिस का कहना है कि मामला 289 आईपीसी के तहत दर्ज कर घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार कुत्ते का वैक्सीनेशन किया हुआ है, बावजूद इसके पुलिस के द्वारा उसका कार्ड भी मंगवाया है।

न्यूज ब्रीफ

ददाहू में नायब तहसीलदार ने संभाला कार्यभार

मोहन बरमाइक

श्री रेणुका जी। ददाहू में लंबे समय से खाली पड़े नायब तहसीलदार के पद को भर दिया गया है। जाजंला रोहडू से तबदील होकर आए नायब तहसीलदार मोहन बरमाइक ने वीरवार को ददाहू तहसील में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों के काम करने के लिए रहेगी। वह लोगों की दिन-रात सेवा करेंगे। वह चौपाल के निवासी हैं।

बेरल प्राइमरी स्कूल के बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

बच्चों को गर्म कपड़े बांटते कोल डैम के अधिकारी।

अर्की। दूरदराज क्षेत्र बेरल में एनटीपीसी कोल डैम द्वारा जनहित में विविध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सर्द ऋतु में ठंड के प्रकोप को देखते हुए एनटीपीसी कोल डैम द्वारा बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्थानीय समाजसेवक हुक्म चंद ने बताया कि एनटीपीसी कोल डैम समय समय पर कोल डैम प्रभावितों के लिए विभिन्न योजनाओं को लेकर कार्य करती रहती है और इसी कड़ी में एनटीपीसी कोल डैम द्वारा प्राइमरी स्कूल बेरल के लगभग 33 बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोल डैम जब भी प्रभावितों को आवश्यकता होती है, कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती है। उन्होंने एनटीपीसी कोल डैम प्रबंधन का इन पुनीत कार्यों के लिए धन्यवाद किया है।

बनकला स्कूल के बच्चों ने लिया ऑन जॉब प्रशिक्षण

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनकला में प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी।

पांवटा साहिब। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनकला में स्कूल शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक विषय ऑटोमोटिव के छात्र-छात्राओं के लिए ऑन जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण में विद्यालय के लगभग 53 छात्रों ने धौलाकुआं स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में प्रशिक्षण लिया। संस्थान के प्रवक्ता विशाल की देखरेख में छात्र-छात्राओं को अलग-अलग गाड़ियों के मुख्य कलपुर्जों, उपयोग, काम करने की टेक्नोलॉजी एवं अन्य तकनीक तथा विभिन्न मशीनों से संबंधित बेहतरीन जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय प्रवक्ता मनीषा रानी और प्रशिक्षक कुलदीप ठाकुर और अंशुल शर्मा भी बच्चों के साथ मौजूद रहे।

भरली कॉलेज में आपदाओं की दी जानकारी

पांवटा साहिब। महाविद्यालय भरली में नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन प्रशासनिक निर्देशों के आधार पर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार तथा सुरेंद्र कुमार हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ उपस्थित हुए, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में बताया। उन्होंने इनसे बचने के उपाय के बारे में भी प्रशिक्षित किया व प्रैक्टिकल रूप से करके बताया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य महाविद्यालय भरली डॉ. जगदीश चौहान ने टीम का महाविद्यालय में आने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. टीएस चौहान, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, प्रो. सुशील तोमर, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी, ऑफिशियल स्टाफ, नमित कुमार तथा सोनम भी उपस्थित रहे।

जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों ने आपदाओं से बचने के तरीके सीखे।

अनुसूचित जाति मोर्चा चलाएगा संपर्क अभियान : अनिल

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सोलन मंडल की बैठक का दृश्य।

सोलन। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा सोलन मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी विरेन्द्र कश्यप मुख्यअतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बस्ती संपर्क अभियान, दलित संवाद, एससी बहुल क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इससे पहले अध्यक्ष अनिल कुमार की अगुआई में मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। वहीं, प्रदेश प्रभारी विरेंद्र कश्यप ने भी मोर्चा का मार्गदर्शन किया। बैठक में भाजपा मंडल सोलन के अध्यक्ष मदन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष नंद राम कश्यप और सोलन नगर निगम की उपमहापौर मीरा आनंद, वार्ड छह पार्षद सीमा, जिला के एससी मोर्चा के महामंत्री अजय धीमान, मण्डल के विस्तारक बलवीर ठाकुर सहित मंडल महामंत्री महेंद्र व सचिन, उपाध्यक्ष सुरेश, लाली कुमार, सचिव विजय, दिनेश, मीडिया सह-प्रभारी मोहन लाल कश्यप, ललिता, प्रभारी भूप कुमार भी मौजूद रहे।

जामन वाला स्कूल के बच्चों को बांटा सामान



भारत विकास परिषद नाहन शाखा ने बच्चों को जरूरत का सामान बांटा।

नाहन। भारत विकास परिषद नाहन शाखा के द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला जामन वाला में बच्चों को स्वेटर, बूट, बस्ते तथा चॉकलेट जुराबें आदि बांटीं गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाहन शाखा के अध्यक्ष लायक राम भारद्वाज ने की, उनके साथ भारत विकास परिषद नाहन के प्रबंधक गीता राम तोमर, सचिव सुनील दत्त शर्मा एवं महिला विंग की नाहन शाखा की प्रमुख सुमन शर्मा तथा सेवानिवृत्ति थानेदार यशपाल शर्मा जो कि भारत विकास परिषद के नए सदस्य बने हैं, उपस्थित रहे। विद्यालय प्रभारी सीमा शर्मा ने तथा अध्यापक संदीप कश्यप तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अरुणा आदि ने सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया और गांव की बहुत सी महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अध्यक्ष लायक्रम ने कहा कि भारत विकास परिषद पांच सूत्री कार्यक्रम को लेकर समाज सेवा का काम करती है। संपर्क, सहयोग सेवा,संस्कार ,समर्पण की भावना के अंतर्गत भारत विकास परिषद कार्य करती है और स्थानीय विद्यालय के शिक्षक संदीप कश्यप ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अध्यापकों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को श्रीमद् भागवत गीता की प्रतियां बांटी गईं तथा नए सदस्य यशपाल शर्मा को हरिवंश पुराण भेंट की गई। बच्चे सामान को पाकर गदगद हुए और स्थानीय लोग भी बड़े प्रसन्न हुए।

102 युवा वन मित्र भर्ती दौड़ में पास

एसीएफ विक्रम सिंह वनमित्र भर्ती का औचक निरीक्षण करते हुए।

अनंत ज्ञान, अर्की

वन उपमंडल अर्की के अधीन होने वाली वन मित्र परीक्षा देने हेतु अर्की वन मंडल के 250 युवकों ने आवेदन किया था। इस बारे में परीक्षा प्रभारी रेंज अधिकारी किशोरी लाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 250 युवकों में से 168 युवकों ने ही शारीरिक मापदंड व रेस में भाग लिया।

उन्होंने बताया कि यह रेस महाविद्यालय बातल अर्की के समीप कूका का नाला से डांगरी तक पांच किलोमीटर आयोजित की गई । उन्होंने बताया कि शारीरिक मापदंड व रेस परीक्षा में 168 प्रार्थियों में से 66 प्रार्थी असफल रहे व 101 प्रार्थी परीक्षा उत्तीर्ण कर पाए। इस मौके पर एसीएफ कुनिहार विक्रम सिंह ने औचक निरीक्षण के दौरान अर्की रेंज के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा परीक्षा आयोजन के लिए किए गए प्रबंधों का अवलोकन कर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से दीक्षित वर्मा फार्मेसी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की शारीरिक शिक्षक रमेश पंवर अधिकारी, बीओ भगतराम, राजेंद्र व वन रक्षक मोहन शुभम संजय महिला वन कर्मी खुशबू एवं अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर वसूला 17 हजार जुर्माना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सोलन में अब सख्ती शुरू हो गई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम सोलन की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुकानदारों के चालान किए हैं।

इस दौरान सोलन के गंज बाजार, अप्पर बाजार, मॉल रोड पर दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दोपहर बाद निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड परवाणू की टीम ने दुकानों का निरीक्षण शुरू किया और यह कार्रवाई देर शाम तक चली। इस दौरान चार दुकानदारों के चालान कर करीब 17 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया। निगम की टीम ने इस दौरान प्लास्टिक का सामान जब्त भी किया। निगम व प्रदूषण बोर्ड शहर से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रहा है। बीते दिनों भी टीम द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई की जा चुकी है। पहले सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों को सिर्फ दिशा-निर्देश ही दिए जा रहे थे, परंतु अब सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों का चालान भी किया जा रहा है। गौर हो कि एक जुलाई 2022 से एक बार प्रयोग होने वाले (सिंगल यूज प्लास्टिक) पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

> सोलन शहर में बुधवार को निगम की टीम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर कार्रवाई की है। इस दौरान चार चालान करके 17 हजार जुर्माना वसूल किया गया है।
>
> **-राजेश कुमार, सफाई निरीक्षक नगर निगम सोलन।**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम सोलन की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

उद्योग मंत्री कल नालागढ़ के दौरे पर रहेंगे

बीबीएन। उद्योग मंत्री 10 फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर बद्दी व नालागढ़ में रहेंगे। हर्षवर्धन चौहान 10 फरवरी को सुबह 11 बजे बद्दी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिकरत करेंगे। इसके बाद उद्योग मंत्री शाम तीन बजे मेडिकल डिवाइज पार्क नालागढ़ का निरीक्षण करेंगे।

सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ की कार्यकारिणी गठित

अधिवेशन में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारी।

नाहन/पांवटा साहिब। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ इकाई सिरमौर नाहन का आज साधारण अधिवेशन आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता त्रिलोक चंद गुप्ता द्वारा की गई। बैठक का संचालन महासचिव इस्लाम अली द्वारा किया गया। अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए चयन किया गया। इसमें त्रिलोक चंद गुप्ता को प्रधान, इस्लाम अली को महासचिव, लक्ष्मी चंद को उपप्रधान, मामचंद भारद्वाज को संयुक्त सचिव, मधुबाला को कोषाध्यक्ष, गिरधारी लाल वर्मा, राम भजन चौहान और रसाल चंद को सदस्य कार्यकारिणी नियुक्त किया गया। बैठक में त्रिलोक चंद्र गुप्ता ने पिछले तीन वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पेंशन सुधार व बढ़ोतरी के लिए मुख्य मांग रखी।

1.60 करोड़ रुपए से बनेगी चांदनी-कथवार सड़क : उद्योग मंत्री हर्षवर्धन

अनंत ज्ञान, श्री रेणुका जी

रेणुका जी के साथ लगते चांदनी से कठवार सड़क को पक्का करने के लिए 1.60 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है और आगामी गर्मियों के दौरान इस सड़क को पक्का करने का कार्य किया जाएगा। लोगों की इस संबंध में लंबे समय की मांग थी क्योंकि सड़क की हालत काफी खराब रहती है।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सिरमौर जिले के चांदनी व कठवार में जनसमस्याओं का निराकरण करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान हमारी सरकार की सर्वोपरि प्राथमिकताओं में है। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर छोटे-छोटे संपर्क मार्गों के लिए दो-दो लाख रुपए देने की भी घोषणा की। हर्षवर्धन ने कहा कि विकास के लिए स्थानीय लोगों का आपसी सामंजस्य व तालमेल बहुत जरूरी है। कोई एक व्यक्ति भी यदि विकास में अडंगा डाले तो कहीं न कहीं योजना में विलंब हो जाता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क सड़कों के लिए स्थानीय लोगों की सहमति जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सभी क्षेत्र व लोग एक समान हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री व मंत्री अनेक बार शिलाई विधानसभा क्षेत्र में आए, लेकिन कभी भी विकास की बात नहीं की और न ही कोई धनराशि क्षेत्र के लिए उपलब्ध करवाई। वे केवल हाटी मुद्दे पर राजनीति करने के लिए आते रहे।

इसी बीच गुईनल बस्ती के समस्त ग्रामवासी मंत्री से अपनी मांगों को लेकर मिले। उनकी मांगों में शिलोल खड्डु से गुईनल के लिये एक पाइपलाइन बिछवाने की मांग की तथा सिंचाई के लिए गांव में एक बड़ा टैंक के निर्माण का भी आग्रह किया। मंत्री ने संबंधित विभाग को उक्त मांगों को जल्द पूरा करने के आदेश दिए।

हर्षवर्धन चैहान ने पांच करोड़ की लागत से बनने वाली गिरी से सिंधी बाग हावड़ा पेयजल योजना के निर्माण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने शिल्ली सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दो लाख की घोषणा की। हर्षवर्धन चैहान ने वरिष्ठ अधिवक्ता व हाटी की लड़ाई लड़ने वाले जीत ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने हाटी क्षेत्र के लोगों को जनजातीय दर्जा प्रदान करने के लिए किए गए लंबे संघर्ष और योगदान के लिए जीत कठवाड़े को याद किया।

कांग्रेस ने सदा ही अनुसूचित वर्ग को वोट बैंक की तरह उपयोग किया : डॉ. बिंदल

नाहन। अनुसूचित जाति मोर्चा जिला सिरमौर की विशेष बैठक जिला मुख्यालय नाहन में संपन्न हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भाजपा डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदा ही अनुसूचित वर्ग को केवल वोट बैंक की तरह उपयोग किया। 75 वर्षों की आजादी में 60 वर्षों तक देश में कांग्रेस पार्टी ने राज किया, सदा गरीबी हटाओ के नाम का नारा लगाया परंतु गरीब की चिंता नहीं की। अनुसूचित वर्ग को जातियों में बांटकर लड़ाई करवाते रहे। डॉ. भीमराव अंबेडकर का सदा उपयोग किया और कभी भी उनके बताए मार्ग का अनुसरण नहीं किया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि मोदी सरकार में सर्वोच्च मान देते हुए राष्ट्रपति के पद पर श्री रामनाथ कोविंद को पदासीन किया। इनके चुनाव का कांग्रेस पार्टी ने डटकर विरोध किया। नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण की योजनाएं चलाईं, जिसका सर्वाधिक लाभ दलित वर्ग को हुआ। डॉ. बिंदल ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अनुसूचित वर्ग के लोगों को संपर्क करके मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बताएं व मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए काम करें।

परीक्षाओं में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करे पुलिस विभाग : सुमित खिमटा

अनंत ज्ञान, नाहन

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने स्कूली विद्यार्थियों की आगामी वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि प्रदूषण को हर हाल में रोकने के लिए लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस विभाग और संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। सुमित खिमटा ने कहा कि शीघ्र ही विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं आरंभ होने वाली है, इसलिए ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग मुस्तैदी से कार्य करें।

सुमित खिमटा ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रात्रि 10 से सुबह छह बजे तक सभी प्रकार के लाउड स्पीकर, डीजे आदि ध्वनि यंत्रों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है और पुलिस विभाग इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाए। उन्होंने कहा कि जनहित में अन्य सभी प्रकार के ध्वनि प्रदूषण को भी संबंधित विभाग नियंत्रित करना सुनिश्चित बनाए। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा वीरवार को नाहन में जिला पर्यावरण योजना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सुमित खिमटा ने ग्रामीण विकास और स्थानीय निकाय के अलावा जिला के सभी प्राधिकृत अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूरी तरह रोकना सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने अधिकृत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाएं और औचक निरीक्षण भी किए जाएं तथा दोषियों के चालान भी किए जाएं। उपायुक्त ने जिला में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को सही प्रकार से लागू करने के लिए के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर परिषद नाहन, पांवटा तथा नगर पंचायत राजगढ़ और पंचायत अधिकारियों को तरल और ठोस कूड़े की छंटाई सोर्स पर ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया है कि सभी लोग जब भी अपने घर का कूड़ा संबंधित नगर परिषद अथवा पंचायत को प्रदान करें, तो गीले और ठोस कूड़े की पहले ही छंटाई कर लें ताकि ठोस कूड़े के निस्तारण में संबंधी एजेंसी को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

सुमित खिमटा ने मारकंडा और यमुना नदी सहित जिला की प्रमुख नदियों में पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आवश्यक पग उठाने के लिए नगर परिषदों, नगर पंचायतों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियों में बहने वाले जल की गुणवत्ता हर हाल में बनाई रखी जाए। उपायुक्त ने जिला सिरमौर में एनजीटी में चल रहे विभिन्न मुददों पर चर्चा की। क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड पांवटा साहिब पवन शर्मा ने बैठक का संचालन किया और विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की।

ये रहे उपस्थित

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विजय हमलाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र साक्षी सत्ती, उपनिदेशक बागवानी एसके बक्शी, बीएमओ नाहन मोनिषा अग्रवाल, नगर परिषद नाहन एवं पांवटा, नगर पंचायत राजगढ़ के अलावा जल शक्ति विभाग, पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

जिला पर्यावरण योजना की मासिक बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

कार्यक्रम वैदिक रिजॉर्ट लोगों को सैर-सपाटे के साथ नरोगी रखने में बनेगा सहायक : अनिरुद्ध

तनाव मुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक

तेजपाल नेगी, सोलन

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और योग का प्रयोग सभी के लिए लाभदायक है।

अनिरुद्ध सिंह सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र की सनवारा पंचायत के मौड़ी में वैदिक रिजॉर्ट योग रिट्रीट का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि योग न केवल व्यक्ति के मानसिक तनाव को कम करने में सहायक सिद्ध होता है, बल्कि अनेक शारीरिक व्याधियों का अचूक उपचार भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान के भाग दौड़ के जीवन में हम सभी को थोड़ा समय निकालकर योग आवश्यक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग का ज्ञान सम्पूर्ण विश्व को निरोग बनाने का सामर्थ्य रखता है। प्राचीन समय में गुरुकुल भारतीय शिक्षा पद्धति का अभिन्न अंग थे और गुरुकुल में योग का पालन, अध्ययन एवं प्रयोग अनिवार्य था।

कसौली विस क्षेत्र की सनवारा पंचायत के मौड़ी में पहुंचे पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी योग को अपनाना चाहिए। योग के माध्यम से न केवल विभिन्न जटिल रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है, अपितु मानसिक रूप से भी सदैव स्वस्थ रहा जा सकता है। पंचायतीराज मंत्री ने आशा जताई कि वैदिक रिजॉर्ट योग रिट्रीट सैलानियों एवं प्रदेशवासियों को सैर-सपाटे के साथ योग की शिक्षा प्रदान कर उन्हें निरोगी रखने में सहायक बनेगा।

जिला आयुष अधिकारी सोलन डॉ. प्रवीन शर्मा ने इस अवसर पर योग, आयुर्वेद तथा स्वस्थ जीवन दिनचर्या के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, महाराज प्रेमाच्युत, महाराज चारू चैतन्य, विश्व गौरव हरि ओम, कृषि उपज विपणन समिति सोलन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, खंड कांग्रेस समिति कसौली के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सनवारा पंचायत के प्रधान दिनेश ठाकुर, जाबली पंचायत की प्रधान कल्पना गर्ग, वार्ड सदस्य रमेश कुमार शर्मा, नगर निगम शिमला के पार्षद कुलदीप ठाकुर, पूर्व पार्षद दीपक रोहाल, उपमंडलाधिकारी कसौली नारायण सिंह चौहान, नगर योजनाकार सोलन प्रेमलता नेगी चौहान, जिला पंचायत अधिकारी जोगिंद्र राणा, खंड विकास अधिकारी धर्मपुर राम स्वरूप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

सरकारी स्कूलों में शिक्षा देने वाले शिक्षक कर रहे हैं दोहरी कमाई

आरके रांगड़ा, चंबा

जिला चंबा में शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूलों में शिक्षा देने वाले शिक्षक दोहरी कमाई कमाने में खूब डटे हुए है। शिक्षक बेखौफ होकर विभागीय मापदंडों को तिलांजलि देकर स्कूल टाइम के बाद ट्यूशन पढ़ाकर मोटी कमाई करके सरेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। ट्यूशन पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद कुछ सरकारी शिक्षकों द्वारा ट्यूशन रूपी गैर-कानूनी कृत्य को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन इस दिशा में संबंधी विभाग आंखे मूंद कर बैठा है।

गौर हो कि शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर ट्यूशन पढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इससे बावजूद कुछ सरकारी स्कूलों के शिक्षकों द्वारा गैरकानूनी घोषित किए गए इस व्यवसाय को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है। लोगों ने विभाग की अफसरशाही पर कमजोर पकड़ व लचर कार्यप्रणाली का आरोप जड़ते हुए कहा है कि जिला के बड़े और छोटे सभी कस्बों में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का गैरकानूनी कारोबार किया जा रहा है।

वहीं, विभाग न इस दिशा में रुचि दिखा रहा और न ही विभागीय अधिकारियों को कानोंकान खबर तक नहीं है। इससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि सरकार द्वारा दी जा रही 30 से 50 हजार रुपए तक का मासिक वेतन से उनके परिवार का गुजारा नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों द्वारा स्कूल टाइम के बाद व पहले बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का गैरकानूनी कारोबार विगत लंबे समय से लगातार चल रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि स्कूल टाइम में कुछ शिक्षक बच्चों को पढ़ाने में इसलिए रुचि नहीं लेते कि परीक्षाओं के समय वहीं उन बच्चों के ही तारनहार बनेंगे। (अनंत ज्ञान)

पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

उच्च शिक्षा उपनिदेशक चंबा राजेश कुमार चाढ़क ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए नियमों के आधार पर सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने वाला कोई भी शिक्षक ट्यूशन नहीं पढ़ा सकता है। ऐसे में अगर कोई शिक्षक इस तरह के कार्य को अंजाम देते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि इस दिशा में कोई सूचना देता है तो विभाग द्वारा सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

हृदय रोग के लिए लाभदायक है ड्राइफ्रूट 'ठांगी'

पांगी घाटी में ही मिलता है यह दुर्लभ ठांगी फल, चंबा प्रवास के दौरान पीएम मोदी भी कर चुके हैं फल का जिक्र

एमएम डैनियल, चंबा

अनंत ज्ञान स्पैशल

पांगी हिमाचल के चंबा जिले का दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्र है। जो कि सर्दियों में शेष विश्व से कटा रहता है और सिर्फ हेलिकॉप्टर ही एक मात्र साधन बचता है। मगर इसके बावजूद यहां जो फसले अथवा फल मिलते है वह स्वास्थ्य गुणवक्ता युक्त होने सहित विश्व विख्यात है। इनमें पांगी में पाया जाने वाला एक फल ठांगी भी है।

यह फल केवल पांगी घाटी में ही पाया जाता है। जो कि ठांगी फल खुमानी की तरह होता है। ये बाहर से कठोर होता है। इस तोड़ने पर अंदर से बादाम की तरह एक गिरी निकलती है। पांगी का ठांगी फल लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी कारगर माना जाता है। ठांगी फल के सेवन से हृदय रोग के लिए लाभदायक है। ठांगी फल की फसल सितंबर-अक्तूबर माह में निकलती है। (अनंत ज्ञान)

ठांगी ड्राइफ्रूट

बर्फभारी में भी नहीं टूटता ठांगी का पेड़

ठांगी पांगी घाटी के जंगलों में पाया जाना वाला ऐसा ड्राइफ्रूट, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंबा प्रवास के दौरान अपने अभिवादन कर चुकें है। पांगी घाटी में सर्दियों में होने वाली बर्फबारी में ठांगी के पेड़ को मजबूत माना जाता है। ठांगी फल का पेड़ इतना मजबूत होता है कि भारी बर्फबारी से भी नहीं टूटता है।

ड्राइफ्रूट की हजारों रुपए है कीमत

जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र में पाए जाने वाले ठांगी फल उपमंडल पांगी का एक ड्राइफ्रूट है। इसकी गुणवक्ता की जानकारी जैसे-जैसे विख्यात हो रही है। वहीं, देश-विदेश में बढ़ रही ठांगी फल की डिमांड के चलते वर्तमान समय पांगी के स्थानीय ड्राइफ्रूट की कीमत में भी काफी उछाल आ गया है। मौजूदा समय में ठांगी फल की बाजार कीमत तीन हजार रुपए से लेकर तीन हजार 990 किलोग्राम तक पहुंच गई है। वहीं, अगर पांगी क्षेत्र में जा कर व्यक्ति स्वयं इस फल को वहां के स्थानीय बागवानों से खरीदता है तो भी इसकी कीमत 1500 रुपए से लेकर दो हजार रुपए तक है।

जीआई टैग के लिए किया है आवेदन

निदेशक पांगी हिल्स ट्राइबल माल्ट जिला चंबा डॉ. हरीश शर्मा नेकहा कि पांगी क्षेत्र में दो वर्षों से पांगी की नर्सरी में ठांगी के पौधे तैयार करके विभिन्न जगहों पर लगाए जा रहे हैं। इसका उत्पाद 2000 मीटर से 3000 मीटर तक की ऊंचाई तक ही संभव होता है। ठांगी केवल पांगी घाटी में ही पाई जाती है। वहीं सरकार से इस फल ठांगी की भौगोलिक पहचान के लिए जीआई टैग के लिए भी आवेदन किया गया है। गत तीन वर्षों से पांगी क्षेत्र में पाए जाने वाले ठांगी फल उत्पाद को इंटरनेशनल मार्केट में भी बेच रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

कार फिसली, बाल-बाल बचा चालक

भरमौर। बर्फ की फिसलन के कारण भरमौर पुराने बस अड्डे के समीप एक कार फिसलकर खड़ली नाले में जा गिरी। गनीमत रहे कि इसमें सवार चालक बाल-बाल बच गया। वीरवार सुबह लगभग दस बजे एक कार जो भरमौर की तरफ जा रही थी। चालक द्वारा सड़क पर बर्फ की फिसलन का सही अंदाजा न लग पाने के कारण वाहन तेज गति से बर्फ पर फिसलते हुए नाले में जा गिरा। इस घटना में वाहन चालक को थोड़ी बहुत चोटें लगी है।

चित्रकला प्रतियोगिता में छाई ऐश्वर्या दियोड़

चंबा। भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान से नव चेतना के अंतर्गत नशे की रोकथाम के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बीपीएस स्कूल प्रधानाचार्य भुवन शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाओं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नशे के दुष्प्रभाव व उसके रोकथाम को लेकर चित्रों के माध्यम से संदेश दिए हैं। वहीं आयोजित प्रतियोगिता में पहले स्थान पर ऐश्वर्या दियोड़, द्वितीय स्थान पर सृल्टि कौर, चिन्मयी व तृतीय स्थान पर यशिता राणा रही।

गीत-संगीत से बताई सरकार की योजनाएं

चंबा। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के साथ संबद्ध लोकनाट्य के कलाकारों द्वारा आज सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने प्रचार-प्रसार अभियान में गीत संगीत और नुक्कड़-नाटक के माध्यम से मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच, चंबा रंग दर्शन चंबा व युवा किसान मंच टिकरी और प्रिया म्यूजिकल ग्रुप जडेरा के कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कलाकारों ने फोक मीडिया के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रम के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी।

पेयजल व्यवस्था बहाल करने की उठाई मांग

भरमौर। भरमौर मुख्यालय एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट की शिकायत को लेकर भरमौर चौरासी मंदिर के पुजारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता विवेक चंदेल से मिला। अपनी मांग में उन्होंने आग्रह करते हुए विभाग से पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब से हिमपात हुआ है तब से पेयजल की समस्या भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर एवम् इसके आसपास के घरों में जारी है। उन्होंने कहा कि पुजारियों को सुबह सुबह पानी को अत्यंत आवश्यकता होती है,क्योंकि पूजा शुरू करने से पहले स्नान, मूर्ति स्नान करना होता है,मगर पानी न होने के कारण उनकी जल भंडारण की टेंकियां भी खाली हो चुकी हैं जिस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग करते हुए शीघ्र पेयजल व्यवस्था बहाल करवाने की मांग की। इस संदर्भ में विभाग के सहायक अभियंता विवेक चंदेल ने संबंधित लाइन के कर्मचारियों को तुरंत आदेश जारी करते हुए समस्या के समाधान के आदेश दिए। इस अवसर पर हरिशरण, कन्हैया शर्मा, हरी राम, सुरेश शर्मा तथा चमन लाल, रवि पुजारी, प्रताप चंद तथा नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे ।

डाटा अपडेट करने का दिया प्रशिक्षण

चंबा। परिवहन विभाग के तत्वावधान में 15 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एकीकृत सड़क सुरक्षा डाटाबेस (आईआरएडी) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के प्रतिनिधि ने संबंधित पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को डाटा अपडेट करने से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया, ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का सही आकलन किया जा सके। कार्यशाला में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश, डॉ. सुरेश कुमार,मोटर वाहन निरीक्षक अनुराग धीमान, सहायक अभियंता अतुल शर्मा, संजीव कुमार , एएसआई तरसेम सिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया सड़क का शिलान्यास; बोले- पेयजल आपूर्ति के लिए व्यय होंगे 24 लाख

डोबाला डंगा-छंबर रोड पर खर्च होंगे 66 लाख

अनंत ज्ञान, चंबा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज पंजाब राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कटोरी बंगला के डोबाला डंगा से छंबर गांव तक संपर्क सड़क का शिलान्यास किया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने गदियाड़ा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि डोबाला डंगा-छंबर संपर्क सड़क के निर्माण कार्यों पर 66 लाख रुपए की राशि व्यय होगी। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि डोबाला डंगा-छंबर संपर्क सड़क को इस क्षेत्र के गांव भोटन तक विस्तार देने के लिए सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्माण कार्य आगामी वित्त वर्ष में शुरू किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय निर्धारित नियमों के पूरा होने की अवस्था में राजकीय माध्यमिक विद्यालय समोतर को उच्च विद्यालय में स्तरोन्नत करने का भरोसा दिया । उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर तुणूहट्टी-रोणी संपर्क मार्ग पर बस सेवा के परिचालन को शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने को लेकर 24 लाख रुपए की धन राशि व्यय की जा रही है। कुलदीप सिंह पठानिया ने लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाने को लेकर बोर्ड के अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि डोबाला डंगा-छंबर संपर्क सड़क के निर्मित हो जाने से जोहड़, गरनेडी, चलेला, छंबर, चरमाणी, वासा, गोचर, चौका इत्यादि गांव की एक हजार से अधिक आबादी को सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज पंजाब राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कटोरी बंगला के डोबाला डंगा से छंबर गांव तक संपर्क सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर पठानिया, डीएफओ रजनीश महाजन, पुलिस इंस्पेक्टर रमन चौधरी, अधिशाषी अभियंता हर्षपुरी, राकेश ठाकुर प्रधान ग्राम पंचायत तारागढ़ सिकंदर कुमार, तुणूहट्टी सुनीता देवी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डोबाला डंगा-छंबर संपर्क सड़क का शिलान्यास करते विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

मेल स्कूल के होनहारों पर बरसे इनाम

चंबा (बनीखेत)। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि ग्राम पंचायात मेल और इसके आस- पास के क्षेत्रों के लिए पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर 4 करोड़ 43 लाख की राशि व्यय होगी। वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दो करोड़ 24 लाख की राशि से बनने वाली उठाऊ सिंचाई योजना की जल्द निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। इसी तरह उठाऊ पेयजल योजना पर दो करोड़ 24 लाख व्यय होंगे। कुलदीप सिंह पठानिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष भर की गतिविधियों के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह महत्वपूर्ण होता है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेल में सभी आवश्यक संसाधनों को पूरा कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि विद्यालय को एक उत्तम खेल मैदान की सुविधा के लिए स्थानीय लोगों द्वारा स्वेच्छा से निजी भूमि देने का निर्णय भी लिया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूल के वार्षिक प्रतिवेदन पर हर्ष जाहिर किया तथा बोर्ड परीक्षाओं में और सुधार की आवश्यकता भी जताई। कुलदीप सिंह पठानिया ने विकास कार्यों का जिक्र भी आपने संबोधन में किया। वहीं, स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को 11 हजार तथा वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग को 15 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

लोकसभा चुनावों को लेकर भरमौर क्षेत्र में माहौल ठंडा

ओपी शर्मा, भरमौर

लोकसभा चुनावो को लेकर भले ही देश व प्रदेश में सरगर्मियां तेज हो गई हो लेकिन प्रदेश का कवायली क्षेत्र भरमौर में लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल ठंडा ही दिख रहा है। यहां पर भाजपा व कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की चुनावी गतिविधियां नजर ही नहीं आ रही है। अलबता यह कहा जाए कि यहां के नेता लोग अपने क्षेत्र को में बहुत ही काम नजर आ रहे है।

हालांकि भाजपा और कांग्रेस की ओर से प्रदेश के दूसरे हिस्सों में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। जिसके लिए देश व प्रदेश के तमाम बड़े नेता चुनावी समीकरण बनाने में जुटे हैं। लेकिन लोकसभा चुनावों को लेकर अभी तक भरमौर में तैयारियां बिलकुल भी नहीं दिखाई दे रही है। गौरतलब है यहां पहली बार ऐसा हुआ है की कोई विधायक विपक्ष का बना है। इससे पूर्व यहां पर जिस सत्ता दल की सरकार होती रही है यहां उसी दल का प्रत्याशी जीतता रहा है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि यहां भाजपा का संगठन कहीं ना कहीं कांग्रेस के संगठन से सक्रिय दिख रहा है। गुटबाजी कांग्रेस के अंदरखाते भी दिख रही है। लेकिन गुटबाजी भाजपा में भी नहीं है ऐसा भी बिलकुल नहीं कहा जा सकता। दोनों दलों के बागी यहां पर एक दूसरे को लोकसभा चुनावों के दौरान एक दूसरे को सबक सिखाने की फिराक में दिख रहे है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि फरवरी महीने के अंत तक देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। बावजूद इसके अभी तक विधानसभा क्षेत्र भरमौर में किसी भी दल के चाहे सरकार हो चाहे विपक्ष हो के बड़े नेताओं नकी अनदेखी यहां पर चर्चा कभी से बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

चुनावों को लेकर दिया प्रशिक्षण

चंबा। लोकसभा चुनाव-2024 के संबंध में गठित चुनाव व्यय निगरानी टीमों सहित एआरओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि चुनाव कार्य में चुनावी खर्च निगरानी को लेकर गठित टीमें, कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य को बेहतर ढंग व सतर्कता से करें, ताकि चुनाव में खर्च होनी वाली राशि में पारदर्शिता बनी रहे। उपायुक्त ने कहा कि चुनावी कार्यों के चलते अधिकारी संतुलित दृष्टिकोण को अपनाते हुए कार्य करें, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़ा। अतिरिक्त जिला दंडा अधिकारी राहुल चौहान ने प्रशिक्षण के दौरान चुनावी व्यय को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। फ्लाइंग स्क्वाड, स्टैटिसटिक्स सर्विलांस टीम, वीडियो व्यू टीम, व एमसीसी टीमों को भी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों अनुसार विभिन्न प्रावधानों व नियमों के बारे में भी प्रशिक्षण दिया।

डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने आम आदमी पार्टी पर जमकर साधा निशाना

मुकेश कुमार, डलहौजी

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र विधायक डीएस ठाकुर ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन पर निशाना साधते हुए आइना दिखाया है। विधायक डीएस ठाकुर ने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आप पार्टी भले ही जमीन से जुड़े हुए आम आदमी के साथ खड़ी होने का दावा करती हो लेकिन सच्चाई ठीक इसके विपरीत है। दरअसल आम आदमी से इनका कोई भी नाता नजर नहीं आता दिखाई प्रतीत होता है।

आम आदमी का दम भरने वाली आम आदमी पार्टी हिमाचल विधानसभा चुनावों में हिमाचली लोगों ने इन्हें ठेंगा दिखाते हुए ज्यादातर सीटों पर उनकी जमानत जपत करवाई। चुनावों के बाद ये पार्टी हिमाचल राजनीति से एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए गायब ही हो गई। लेकिन लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर आम आदमी पार्टी के वो नेता जिन्हें आम लोगों ने सिरे से है खारिज किया। वो विकास की बातें करते नजर आ रहे हैं जिनका अपना वजूद दिल्ली में खत्म हो चुका है। आम आदमी पार्टी के हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन पर निशाना साधते हुए कहा जो विधानसभा डलहौजी क्षेत्र के विकास की बातें करते हैं तो स्वष्ट करना चाहता हूं कि जिला चंबा के विकास के लिए तीनों भाजपा विधायक डॉ हंसराज, डॉ जनक राज और मैंने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में सरकार के आगे अपना पक्ष साफ किया है और साथ ही डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के बनीखेत, बाथरी सुंडला मंजीर एवं सलूणी कस्बे को सीवरेज व्यवस्था से जोड़ने का मुद्दा भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आगे रखा है। वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता को आड़े हाथों लेते हुए ठाकुर ने बताया कि बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाने की 33 केवी सब-स्टेशन बनीखेत हुए 33 केवी सब-स्टेशन तेलका का जल्द ही टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर निर्माण करवाने की मांग को आगे रखा है उन्होंने मुख्यमंत्री से विधायक प्राथमिकता वाली सभी सड़कों की डीपीआर, फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित तैयार कर निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को भी प्रदेश सरकार के समक्ष रखी है। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने अनंत ज्ञान से खास बातचीत में बताया कि जब प्रदेश भारी आपदा का समय था पूरा हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान से जुझ रहा था तब प्रदेश की सत्ता पक्ष कांग्रेस सरकार एवं विपक्ष भाजपा जनता के बीच में आकर प्रदेश की जनता के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सहाई साबित हुई जबकि ठीक इसके विपरीत आम आदमी पार्टी के एक भी नेता ने इतनी बड़ी त्रासदी पर अपनी कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। (अनंत ज्ञान)

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से विधायक डॉ. जनक राज ने की शिष्टाचारी भेंट

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलते विधायक डॉ. जनक राज

अनंत ज्ञान, भरमौर

विधानसभा क्षेत्र भरमौर की सड़कों व सुरंग निर्माण को लेकर भरमौर-पांगी विधायक डॉ. जनक राज की अगवाई में भरमौर प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचारी भेंट की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से धियायक डॉ. जनक राज ने होली-उतराला सड़क निर्माण कार्य को केंद्र सरकार की सहायता से तुरंत से तुरंत पूरा करवाने की मांग की है।

इसके अतिरिक्त प्रस्तावित पठानकोट किलाड़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग को स्वीकृति प्रदान करने के बारे में भी चर्चा की गई है। वहीं, विधायक और प्रतिनिधिमंडल ने धर्मशाला से ब्रेही बाया लमडल सुरंग मार्ग को जोड़ने व पठानकोट से किलाड़ से सुराल लेह मार्ग जो सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की मांग की है। भरमौर के विधायक डॉ. जानक राज ने कहा है की केंद्रीय मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को तैयार ध्यानपूर्वक सुना है और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का अश्वासन भी दिया है।

दिक्कत | बेखौफ घूम रहे फेरी वाले कभी भी दे सकते हैं बड़ी वारदात को अंजाम

बिना पहचान के चंबा में घूम रहे फेरी वाले

अनंत ज्ञान ब्यूरो ,चंबा

जिला चंबा में बाहरी राज्यों विभिन्न प्रकार की सामग्री बचने वाले फेरी धारक गांव-गांव दस्तक दे रहे हैं। इनमें अधिकांश फेरी धारकों के पास किसी प्रकार की पहचान या पुलिस का पंजीकरण दस्तावेज तक मौजूद नहीं है।

इसके चलते बिन पंजीकरण शहर-शहर-गांव-गांव घूमने वाले अंजान फेरी धारक लोग कहीं भी, कभी भी, किसी बड़ी वारदात या क्राइम को अंजाम दे सकते हैं। गौर हो कि विस चुनाव के दौरान जहां पुलिस विभाग द्वारा बाहरी लोगों के पंजीकरण के दावे किये गये। वहीं अब लोकसभा चुनाव सिर पर आ गए है। लेकिन बिन पंजीकरण घूमने वाले बाहरी राज्यों के फेरी धारकों पर अभी नियंत्रण नहीं लग पाया है। जिला चंबा में कुछ अर्से से लगातार चंबा जिला के कोने-कोने क्षेत्रों में जे एंड के, यूपी, बिहार, दिल्ली व पंजाब आदि राज्यों के लोग अलग-अलग व्यापारियों की वेशभूषा में बिन पुलिस पंजीकरण के घूम रहे है। यहां तक गांवों में भोले भाले ग्रामीणों को बेची जा रही सामग्री संबंधी न किसी प्रकार बिल न किसी प्रकार गारंटी युक्त वस्तुएं है। जब कि बाहरी लोगों के घूमने से कई क्षेत्रों में चोरी-चारी की घटना घटित होना भी गत कुड माह से आरंभ हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाहर से आने वाले लोगों का पंजीकरण न होने के कारण लोगों को चोरी सहित अन्य घटनाएं होने का खतरा बढ़ गया है। बिना पंजीकरण किए यदि कोई व्यक्ति गांवों में चोरी सहित अन्य घटनाओं को अंजाम देता है तो उसे पकड़ पाना भी मुश्किल हो सकता है। ऐसे में जिला चंबा में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का पंजीकरण किया जाना बहुत जरूरी है। यदि जल्द पुलिस द्वारा ऐसे लोगों पर नकेल नहीं कसी जाती है तो भविष्य में ऐसे घटनाएं सामने आ सकती हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि ये लोग कबाड़ एकत्रित करने सहित कपड़े, बेडशीट, कंबल सहित अन्य सामग्री बेचने के लिए काफी अधिक संख्या में साहो पहुंच रहे हैं, जो कि भोली भाली जनता ठगते हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि ऐसे लोगों पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जानी आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मांग उठाते हुए कहा कि जिला आने वाले बाहरी लोगों का पंजीकरण करवाया जाए। इसके साथ ही उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाए, ताकि ऐसे लोगों पर लगाम लग सके।

बिना पंजीकरण वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

डीएसपी पुलिस हैडक्वाटर चंबा बिना जितेंद्र चौधरी ने कहा कि पंजीकरण के बाहरी राज्यों के लोग जिला में घूम व्यापार आदि कर रहे हैं। वहीं, इसके लिए जरूरी प्रबंध किए जाएंगे। जिला की समस्त पुलिस थाना व चौकी को निर्देश दिए जाएंगे कि जिस व्यक्ति के पास पहचान पत्र सहित जरूरी कागज नहीं पाए जाते हैं। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू के आगमन पर प्रशासन का ट्रैफिक प्लान तैयार

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी

भटियात विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के एक दिवसीय प्रवास को लेकर जहां जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस ने भी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। इसके तहत प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के तहत योजना तैयार की है। गौर हो कि जिला चंबा के भटियात विस क्षेत्र में तहसील चुवाड़ी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दस फरवरी को पहुंचेंगे।

भटियात विस क्षेत्र में बरसात के मौसम आई आपदा से कई मार्गों की हालत खस्ता हो गई। इसके चलते कई स्थलों पर मार्ग सकंरी सहित एकल-डबल मार्ग है। इसके तहत प्रशासन के द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। जिसके चलते आम नागरिकों को आवागमन में मुश्किल न गुजरना पड़े वहीं मुख्यमंत्री का भी काफिला बिना यातायात जाम या अन्य समस्याओं न जूझे बगैर कार्यक्रम स्थलों तक आवागमन कर सकें। वहीं, 10 फरवरी को मुख्यमंत्री दौरे के तहत शनिदेव मंदिर से हनुमान चौक तक नो पार्किंग जॉन होगा। सरकारी वाहनों की पार्किंग राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी व बस अड्डे पर होगी। बाकी सभी वाहन सुदली चौक, त्रिमथ, होबार मार्ग, जोत मार्ग पर होगी। बस अड्डे तक केवल बसों की आवाजाही होगी। मगर यहां भी नियम रहेगा कि बसें सवारियां को उतार कर सुदली पर खड़ी की जाएंगी। जबकि कोई भी वाहन शनिदेव मंदिर से लेकर हनुमान चौक तक इस रास्ते पर पार्क नहीं होगा। नियमों की उल्लंघना करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन तमाम चिन्हित स्थलों पर यातायात पुलिस से लेकर थाना-चौकियों के जवानों सहित विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा।

भारत नहीं, कनाडा कर रहा हमारे मामलों में हस्तक्षेप : विदेश मंत्रालय

एजेंसी, नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उन आरोपों का खंडन किया है, जिसमें उसने कहा था कि भारत वहां के चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज कहा कि किसी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना हमारी नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत कनाडा हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। इस सिलसिले में हमने यह मुद्दा लगातार उठाया है। हम कनाडा से आग्रह करते हैं कि वे हमारी मुख्य चिंताओं के संबंध में कारगर कदम उठाएं। प्रवक्ता ने अमेरिका में पिछले कुछ महीनों के दौरान पांच भारतीय छात्रों की मृत्यु के बारे में पूछे गए सवाल के उत्तर में कहा कि इनमें से दो छात्र भारतीय नागरिक हैं तथा अन्य तीन अमेरिकी नागरिक हैं। एक भारतीय छात्र विवेक सैनी की हत्या के मामले में गिरफ्तारी की गई है तथा स्थानीय अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। दूसरे मामले में किसी तरह की प्रकृति आपराधिक नहीं है।

इस मामले में अंतिम मेडिकल रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्रों की मृत्यु के संबंध में हम स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। मालदीव के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि भारत पड़ोसी देश का एक महत्वपूर्ण विकास सहयोगी है। बजट में इस बार मालदीव के विकास कार्यों के संबंध में करीब 7 अरब 71 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह पिछले वर्षों से अधिक है। इस आंकड़े में आगे सुधार हो सकता है।

ओबीसी नहीं हैं पीएम मोदी : राहुल गांधी

बोले- अपनी जाति को लेकर देश से बोला झूठ, पीएम का जन्म सामान्य वर्ग में हुआ

झारसुगुड़ा/भुवनेश्वर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में वीरवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी समुदाय से नहीं हैं। राहुल ने कहा कि पीएम का जन्म सामान्य वर्ग में हुआ है।

राहुल ने झारसुगुड़ा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी कोई भाजपा कार्यकर्ता आपके पास आए, तो उसे एक बात बताएं कि हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे देश से झूठ बोला है। राहुल ने कहा कि उनका (पीएम मोदी) जन्म पिछड़े वर्ग में नहीं हुआ, वह सामान्य जाति से हैं। यह बात आप हर भाजपा कार्यकर्ता को बताएं।

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए गए बयान के बाद सामने आई है। दरअसल, पीएम मोदी ने संसद में खुद को सबसे बड़ा ओबीसी कहा था। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस को पिछड़े समुदाय के नेताओं से पाखंडी जैसा व्यवहार करने और दोहरे मानदंड अपनाने का भी आरोप लगाया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और यूपीए सरकार ने ओबीसी के साथ कभी न्याय नहीं किया है। उन्होंने कुछ दिन पहले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का भी जिक्र किया।

भाजपा और बीजद के बीच यह है अंतर

राहुल गांधी ने भाजपा और बीजद के बीच का अंतर भी बताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी और बीजेडी के बीच एकमात्र अंतर 'पी' और 'डी' का है, बाकी सब समान है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों के बीच पार्टनरशिप चल रही है। ये क्या कर रहे हैं, मैं आपको साफ बता देता हूं। यह यहां पर ओडिशा में इनकी साजिश है, ये आदिवासियों की जमीन चोरी करने में लगे हुए हैं।

राहुल गांधी की टिप्पणी निंदनीय : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान की निंदा की है, जिसमें राहुल ने प्रधानमंत्री पर जातीय टिप्पणी की थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने वीरवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निजी टिप्पणी कर उन्हें अपमानित किया है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस हताश हो चुकी है।

इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,242 अंक और निफ्टी में 345 अंकों की गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार वीरवार को मौद्रिक नीति के झटके को झेल नहीं सका। शुरुआती 1 घंटे के कारोबार को छोड़कर शेष पूरे दिन बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,242.80 अंक और निफ्टी 345.75 अंक टूट गए। पूरे दिन कारोबार के बाद सेंसेक्स 1 प्रतिशत और निफ्टी 0.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

वीरवार के कारोबार में बैंकिंग, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी, पीएसयू बैंक और आईटी इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी वीरवार को लगातार मुनाफावसूली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा।

स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

क्रैश हुआ शेयर बाजार निवेशकों को एक लाख करोड़ से अधिक नुकसान

वर्ल्ड न्यूज

मणिपुर पुलिस ने 200 लोगों को लिया हिरासत में

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील और दुर्गम इलाकों में छापामारी व तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 200 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 216 और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 226 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 141 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

ईडी ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू को भेजा समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय की टीम झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है। इस बीच मनी लांड्रिंग मामले की जांच को लेकर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। ईडी ने पिछले दिनों हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में छापेमारी की थी, जहां बीएमडब्ल्यू कार मिली थी। बताया गया है कि यह कार कांग्रेस नेता धीरज साहू की मानेसर स्थित एक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसी मामले में धीरज साहू को पूछताछ के लिए बुलाया है।

मेरठ में गैंगस्टर की एक करोड़ 90 लाख की संपत्ति कुर्क

मेरठ। मेरठ में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का कुर्की अभियान जारी है। गैंगस्टर रहीसुद्दीन की एक करोड़ 90 लाख रुपए की अवैध संपत्ति को कुर्क कर लिया। जिलाधिकारी दीपक मीणा के आदेश पर परतापुर पुलिस ने गैंगस्टर रहीसुद्दीन की टीपीनगर थाना क्षेत्र में स्थित संपत्ति को कुर्क कर लिया गया। मूलरूप से रहीसुद्दीन उर्फ रहीस पुत्र टीपीनगर में रहता है। पुलिस ने उसकी तीन दुकानों को कुर्क कर लिया।

महाराष्ट्र में नक्सलियों से मुठभेड़ विस्फोटक, डेटोनेटर किए बरामद

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र पुलिस की वांगेतुरी, कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरोली ट्राइजंक्शन में सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की, जिसके बाद नक्सली जंगल में भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने वहां से विस्फोटक सामान, वायर बंडल, आईईडी बैटरी, डेटोनेटर, सोलर पैनल और नक्सल साहित्य बरामद किया है।

ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में कुपवाड़ा में एक दबोचा

श्रीनगर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मोहम्मद अब्दुल्ला शाह के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है, इसमें आतंकी वित्तपोषण में शामिल आरोपी पाकिस्तानी हैंडलर मंजूर अहमद शाह के साथ मिले हुए थे, जो जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए पाकिस्तान के कॉलेजों में एमबीबीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की व्यवस्था करता था।

किसानों का दिल्ली मार्च, बॉर्डर पर लंबा जाम, 200 हिरासत में

सुरक्षा बढ़ाई; धारा 144 लागू, नोएडा एक्सप्रेस-वे बंद किया और जगह-जगह किसानों को रोका

एजेंसी, नई दिल्ली

नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरने पर बैठे किसानों ने वीरवार को दिल्ली की ओर कूच किया। किसानों के विरोध मार्च को देखते हुए दिल्ली-नोएडा, चिल्ला बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी है। संसद का घेराव करके विरोध जताने की तैयारी है। किसानों के मूवमेंट की वजह से यूपी-दिल्ली हाई-वे जाम हो गया है। नोएडा एक्सप्रेस-वे बंद किया गया है। जगह-जगह किसानों को रोका गया।

पुलिस के साथ किसानों की नोकझोंक की सूचना आ रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली और पैदल ही दिल्ली की तरफ बढ़ रहे 200 किसानों को हिरासत में लिया गया है। चिल्ला बॉर्डर से पहले प्रेरणा स्थल के पास सड़क पर गाड़ियां लगाकर किसानों को रोका गया। करीब एक घंटे की वार्ता के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। चिल्ला बार्डर की तरफ बढ़ने लगे। हालांकि, फिर किसानों को रोका गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, एनटीपीसी और अंसल बिल्डर के खिलाफ नोएडा के किसान 60 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ तीन किसान संगठन भी हैं। एनटीपीसी में तालाबंदी हो चुकी है। लेकिन, किसानों की मांगों पर सहमति नहीं बन सकी है। बुधवार को हुई महापंचायत में दिल्ली संसद घेराव का ऐलान किया गया।

इसको देखते हुए प्रशासन ने धारा-144 लागू कर दी है। वहीं, कई किसान नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद किया गया है। डीआईजी, अपर सीपी (एलएंडओ), शिवहरि मीना ने कहा कि धारा 144 लागू कर दी गई है और सभी सीमाओं को 24 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। सभी सीमाओं पर भारी सुरक्षा तैनाती की गई है। लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। हम किसानों से बातचीत कर रहे हैं, सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करती राष्ट्रपति मुर्मू।

रूस का यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से हमला, तीन नागरिकों की मौत

कीव। रूस ने मिसाइल और ड्रोन हमल कर यूक्रेन को थर्रा दिया। यूक्रेन में रूस क्रूज, बैलिस्टिक मिसाइलों और शहीद ड्रोन से हमला किया। इसमें कम से कम तीन नागरिकों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला सहित 10 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, हमलों में राजधानी कीव सहित कम से कम तीन प्रमुख शहरों को निशाना बनाया गया, जहां यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक जोसेप बोरेल यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता और वित्तीय सहायता पर चर्चा कर रहे थे। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने दावा किया कि उन्होंने बुधवार सुबह के हमले में लांच किए गए 64 में से 44 ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि कीव में दो लोगों की जान ले ली।

फ्लॉप रही थी जोड़ी, मेकर्स के डुबाए करोड़ों

अब शादी के बाद पर्दे पर पहली बार साथ दिखेंगे सैफ-करीना

एजेंसी, नई दिल्ली

सैफ अली खान और करीना कपूर को पर्दे पर साथ में आपने कई बार देखा होगा। लेकिन अपनी फिल्मों से यह लोगों को लुभा नहीं सके। 'टशन', 'एजेंट विनोद' और 'कुर्बान' जैसी फिल्मों के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से साथ नजर आने वाली है। दोनों शादी के बाद पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। सैफ अली खान और करीना कपूर ने हाल ही में अपने आगामी प्रोजेक्ट के बारे में संकेत दिया, जिसमें वे साथ काम करते नजर आएंगे। कंपेनियन के साथ एक इंटरव्यू में देते हुए करीना और सैफ ने इस प्रोजेक्ट पर मोहर लगाई। उन्होंने कहा कि वो दोनों साथ में काम तो करना चाहते हैं, मगर कई बार एक्साइटिंग प्रोजेक्ट नहीं मिलते जो दोनों को बतौर एक्टर्स कुछ इंटरेस्टिंग लाकर दें। अब हमें साथ में कुछ पसंद आया है। इसलिए हम दोनों इसके लिए राजी हो गए हैं।

शादीशुदा फैक्ट के साथ ट्विस्ट वाला होगा प्रोजेक्ट

सैफ ने इस मुद्दे पर बात करते हुए आगे कहा, 'हम एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं जो इस फैक्ट पर बेस्ड है कि हम शादीशुदा हैं और कहानी में इससे ट्विस्ट करके दिखाने वाली है।' करीना ने कहा कि करियर के इस दौर पर में साथ काम करना 'फन' होगा, क्योंकि अब वो दोनों 'एक्टर्स के तौर पर भी ज्यादा कंफर्टेबल हैं'। उनकी बात पर मजाक करते हुए एक्टर ने कहा, 'इस बार मैं बहुत अच्छी एक्टिंग करूंगा, मैंने ये तय कर लिया है।'

जांच से क्यों भाग रहे अरविंद केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से वार्तालाप की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी के प्रश्न पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, जो कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बड़ी बड़ी बातें करते थे वे आज भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। ईडी के पांच समनों की लगातार अनदेखी के बाद अब अदालत को दखल देकर उन्हें ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहना पड़ा है। आखिर कब तक अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बचते रहेंगे? कब तक ईडी के जांच से बचते रहेंगे?

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, केजरीवाल जी कोर्ट में जाकर सच बोलना। अपनी झूठ बोलने वाली आदत और झूठे आरोप लगाने वाली आदत को मत अपनाना। क्योंकि पहले भी आपने कई बार लोगों पर झूठे आरोप लगाए हैं और फिर कोर्ट में जाकर उनसे माफी मांगी है। आपने जिन-जिन को ईमानदारी के सर्टिफिकेट दिए, उनमें से एक को भी कोर्ट से बेल नहीं मिल रही। यह एक प्रकार से आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार पर मोहर लगाता है। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ने पूछा की क्या ये संयोग है या प्रयोग है? उन्होंने कहा, एक के बाद एक कांग्रेस के साथी दल भारत विरोधी बयान दे रहे हैं। भारत के टुकड़े करना चाह रहे हैं। क्या यह संयोग है या प्रयोग है? यह सवाल हम नहीं पूरा देश पूछ रहा है। राहुल गांधी जेएनयू जाकर भी भारत के टुकड़े टुकड़े करने की इच्छा रखने वालों के साथ खड़े होते हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी बताएं कि वह देश के कितने टुकड़े करना चाहते हैं और किस टुकड़े पर राज करना चाहते हैं?

भारत और फ्रांसीसी नौ सेनाओं में समुद्री सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के बीच 17वीं स्टाफ वार्ता नई दिल्ली में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (विदेशी सहयोग और खुफिया) रियल एडमिरल निर्भय बापना और फ्रांसीसी नौसेना के निदेशक इंटरनेशनल एंगेजमेंट्स रियल एडमिरल जीन मार्क दुरंडौ ने की।

वार्ता में दोनों पक्षों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। प्रमुख वार्ताओं में परिचालन, प्रशिक्षण, एसएमई आदान-प्रदान आदि शामिल रहे। दोनों पक्षों ने दोनों नौसेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को भी स्वीकार किया और समुद्री क्षेत्र में सहयोग और अंतरसंचालनीयता बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। स्टाफ वार्ता से इतर रियल एडमिरल जीन मार्क दुरंडौ ने सात फरवरी को नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती से मुलाकात की और दोनों नौसेनाओं के बीच उच्च स्तर के समन्वय और अंतर संचालनीयता पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा पर काम करने वाले सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) का छह फरवरी को दौरा किया।

राजौरी और पुंछ जिलों में 2जी इंटरनेट सेवाएं बहाल

पुंछ। राजौरी और पुंछ जिलों में 24 घंटे के निलंबन के बाद इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने पर बुधवार को एहतियात के तौर पर प्रशासन ने जुड़वां जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी थीं। इस दौरान जम्मू शहर में भी धारा 144 लागू की गई ताकि शरारती तत्व जम्मू संभाग में शांत माहौल को खराब न कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि 2जी की सीमित स्पीड के साथ इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो। श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका की नौसेना ने कहा कि बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

(9 फरवरी, 2024)

विक्रमी संवत : 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** चतुर्दशी 08:04 सुबह तक, **नक्षत्र :** श्रवण (11:30 रात्रि), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13 से 12:57 दोपहर तक) **राहुकाल :** 11:12-12:35 दोपहर तक।

विशेष दिन

09 फरवरी 2024 : मौनी अमावस्या आज।

मेष : व्यवसाय में नई योजनाओं और साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे, जो उन्हें प्रगति देगा। आपका पारिवारिक जीवन आज शुभ रहने वाला है।

वृषभ : आज आपको विभिन्न स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस समय शांत और सकारात्मक रहना आपके लिए महत्वपूर्ण है। आज आपके जीवन में प्रेम प्रवेश कर सकता है।

मिथुन : आज नौकरीपेशा जातक पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन कुछ के लिए वांछित स्थानांतरण भी हो सकते हैं। आपको अपने दोस्तों का सहयोग समय-समय पर मिलता रहेगा।

कर्क : आर्थिक रूप से यह समय आपके लिए बहुत अच्छा है। आज आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। परिवार में शादी का कार्यक्रम बन सकता है। खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

सिंह: लेखन, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा, टीवी आदि से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा से पहचान बनाएंगे। व्यावसायिक यात्राएं आपके लिए लाभदायक रहेंगी, किंतु थकावट के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

कन्या : व्यापारिक संदर्भ में रुके हुए कार्य पूर्णता की ओर गति बढ़ाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को जल्द ही सफलता मिलेगी। प्रेमियों के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का आज अच्छा समय है।

तुला : आज आप अपने आत्मविश्वास के स्तर में वृद्धि देखेंगे। नई साझेदारी या नए उद्यम में प्रवेश करने के लिए अच्छा समय है। पुराने निवेश लाभदायक रहेंगे। पारिवारिक जीवन सौहार्दपूर्ण रहेगा।

वृश्चिक: वित्तीय मोर्चे पर आज अच्छा लाभ संभव है। मार्केटिंग, मीडिया आदि से जुड़े लोगों को यात्रा करनी पड़ सकती है। भूमि, वाहन आदि की बिक्री और खरीद के लिए एक सकारात्मक चरण है।

धनु: आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नवीन सौदे भी प्रगति करेंगे। आपको परिवार और दोस्तों का अच्छा सहयोग मिलेगा। ऐसे मजबूत संकेत हैं कि अविवाहितों के लिए शादी की घंटी जल्द ही बज जाएगी।

मकर: आप महत्वाकांक्षी उद्यम में प्रवेश कर सकते हैं। यह आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगा। राजनीति या सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग खुद को दृढ़ता से स्थापित करेंगे। धन संबंधी मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे।

कुंभ : यदि आप कोई निवेश करना चाहते हैं तो मार्गदर्शन लेना उचित रहेगा। आप अपने दोस्तों की मदद से समस्याओं का हल पा सकते हैं। जिस व्यक्ति से आप प्यार करते हैं, उसका स्वास्थ्य चिंता का विषय सकता है।

मीन : यदि आप व्यावसायिक संदर्भ में निर्यात या आयात से जुड़े हैं, तो आकस्मिक विदेशी यात्रा संभव हो सकती है। छात्र अपनी मेहनत के आधार पर बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे।

फैसला | आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत बोले- वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ सात फीसदी रहने का अनुमान

छठी बार रेपो रेट 6.5 फीसदी बरकरार

एजेंसी, मुंबई

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर रखने के मायने हैं कि मकान, वाहन समेत विभिन्न लोन पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा।

अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 07 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, यह मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 के 7.3 फीसदी के अनुमान से कम है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वीरवार को मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक के नतीजों का ऐलान करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी की छह सदस्यीय टीम ने 5-1 की सहमति से नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर कायम रखने का फैसला किया है। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 5.4 फीसदी रहेगी। उन्होंने अगले वित्त वर्ष 2024-25 में इसके घटकर 4.5 फीसदी पर आने की उम्मीद जताई है।

2024-25 में मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी रहने का अनुमान

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत

दास ने बताया कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर है, जो विदेशी दायित्वों को पूरा करने के लिए संतोषजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि निवेश चक्र गति पकड़ रहा है, निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में सुधार के संकेत हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, निरंतर वृद्धि पथ पर आत्मविश्वास से प्रगति कर रही है। रेपो रेट वह नीतिगत ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया कमर्शियल बैंकों को कर्ज देता है। फिलहाल रेपो रेट 6.50 फीसदी है।

एमपीसी में छह सदस्य

रिजर्व बैंक की एमपीसी में छह सदस्य हैं। इसमें बाहरी और रिजर्व बैंक के अधिकारी शामिल हैं। आरबीआई गवर्नर दास के साथ रिजर्व बैंक के अधिकारी राजीव रंजन कार्यकारी निदेशक के तौर पर कार्यरत हैं, जबकि माइकल देवब्रत पात्रा डिप्टी गवर्नर हैं। वहीं, शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा बाहरी सदस्य हैं। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने पिछले एक साल से रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट को 6.25 फीसदी से बढ़ाकर 6.50 फीसदी किया था।

बजट सत्र के बीच व्हाइट एंड ब्लैक पेपर पर सियासत

संसद में बजट सत्र के बीच केंद्र सरकार ने व्हाइट पेपर लाकर लोकसभा चुनाव से पहले राजनीति को गरमा दिया है। वहीं, विपक्ष ने भी सरकार के जवाब में ब्लैक पेपर लाकर अपना पूरा डिफेंस किया है। माहौल पूरी तरह से चुनावी हो गया है।

एक तरफ केंद्र की सत्ता में आने से यानी 2014 से पहले और उसके बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना बीजेपी नीत एनडीए सरकार ने की गई तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 57 पेज का ब्लैक पेपर जारी कर इसे दस साल का अन्याय काल नाम दिया। आम चुनाव से पहले यह संसद का आखिरी सत्र है।

सरकार ने केवल व्हाइट पेपर लाने के लिए संसद के सत्र की अवधि बढ़ाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में एक व्हाइट पेपर लाने का जिक्र किया था, जिसे अब पूरा भी कर दिया है। केंद्र सरकार कहती है कि मोदी सरकार जब सत्ता में आई थी, तब भारत 2014 में 'संकट' में था। इसके बाद अर्थव्यवस्था को सतत विकास पथ पर लाने के लिए उन वर्षों के संकट पर काबू पाया गया।

सरकार ने पिछली कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। वैसे व्हाइट पेपर एक सूचनात्मक रिपोर्ट होती है। यह सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और मुद्दों पर प्रकाश डालती है। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार विपक्ष को कोई मौका नहीं देना चाहती है, इसलिए इस समय व्हाइट पेपर लाया गया। अर्थव्यवस्था और व्हाइट पेपर उन्हें अगले दो महीनों में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष पर हमला करने का मौका देंगे।

दूसरी ओर कांग्रेस ने सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी विफलताएं छिपाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने अपने इस ब्लैक पेपर में मोदी सरकार के दस साल में युवाओं, महिलाओं, किसानों, अल्पसंख्यकों और श्रमिकों पर हुए अन्याय का जिक्र किया। कांग्रेस ने बेरोजेगारी के मसले पर केंद्र को घेरा। कांग्रेस कहती है कि भाजपा के इस काल में बेरोजगारी सबसे अधिक पहुंच गई है। 2012 में बेरोजगारी एक करोड़ थी, जो 2022 में बढ़कर चार करोड़ हो गई है। दस लाख स्वीकृत पद अभी भी खाली पड़े हैं।

ग्रेजुएट्स और पोस्ट ग्रेजुएट्स के मामलों में बेरोजगारी दर 33 फीसदी है। कांग्रेस और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोपों का दौर तो चलता ही रहता है, लेकिन दोनों पार्टियों की सियासत का अब स्तर भी गिरता जा रहा है, जो कि लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। महज वोट बटोरने के लिए सियासी हवा बनाना दोनों पार्टियों की फितरत बन गई है। व्हाइट एंड ब्लैक पेपर पर राजनीति किस करवट बैठती है, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतना तो तय है कि इस बार का चुनाव रोचक होने वाला है। मोदी सरकार के 'व्हाइट पेपर' के सामने क्या कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' टिक पाएगा, यह देखना दिलचस्प रहेगा।

परीक्षा पे चर्चा : जिंदगी परीक्षाओं से कहीं बड़ी और गहरी है

लेखक : पंकज जगन्नाथ जायसवाल
हिंदुस्थान समाचार से संबद्ध है

युवा पीढ़ी के लिए यह एक अद्भुत एहसास है, जब देश के प्रधानमंत्री उनका मनोबल बढ़ाने और समर्थन करने के लिए उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। वह भी ऐसे समय पर जब तनाव, भय, अवसाद और चिंता से उबरने में मदद करने के लिए मजबूत कंधे की आवश्यकता होती है। मैकाले शिक्षा प्रणाली ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा दी है।

जब तक नई शिक्षा कार्य योजना स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में व्यवस्थित रूप से लागू नहीं हो जाती, तब तक बच्चों को निराशा, चिंता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आत्महत्याओं में वृद्धि सहित मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समाज के साथ मजबूत रिश्ता और जमीन पर काम करने का दशकों का अनुभव, साथ ही जमीन पर क्रियान्वित प्रणालियों व नीतियों और समाज पर प्रभाव के बारे में उनके व्यापक ज्ञान ने उन्हें शैक्षिक प्रणाली के बारे में बच्चों के दृष्टिकोण एवं उनकी कठिनाइयों को समझने में सहायता की, इसलिए उन्होंने हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' चर्चा शुरू की। यह माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है। प्रश्न और उत्तर सत्र बच्चों और अभिभावकों के बीच किसी भी भ्रम को तुरंत दूर कर देता है। छात्रों को अपनी परीक्षाओं और जीवन के बारे में संक्षेप में क्या जानना चाहिए, आइए देखें।

बच्चों को जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझना होगा कि बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाएं इस विशाल अस्तित्व का छोटा-सा हिस्सा हैं। जीवन के विभिन्न चरणों में अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं की बहुत जागरूकता के साथ जांच की जानी चाहिए। हम देखेंगे कि जिन परेशानियों का हम सामना करते हैं, वे समुद्र में एक बूंद के समान हैं। हम अपनी पढ़ाई या अपने जीवन में जिन समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करते हैं, वे वास्तव में छिपे हुए आशीर्वाद की तरह हैं, क्योंकि वे उन आंतरिक गुणों को सामने लाते हैं, जिन पर हमने अभी तक ध्यान केंद्रित नहीं किया है, वे हमारे जीवन में अपेक्षित विकास के लिए आवश्यक हैं। जब हम आत्मविश्वास और जुनून के साथ बाधाओं का सामना करते हैं तो हमारा व्यक्तित्व और चरित्र चमक उठता है।

हम भगवान श्रीराम की उनके सबसे कठिन जीवन के कारण पूजा करते हैं। कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी शांतिपूर्ण दिमाग, महान वीरता बनाए रखी, लोगों की सहायता करने के हर अवसर को सहजता से देखा और सभी स्थितियों में शांति बनाए रखी। जब हम उनके जीवन पर नजर डालते हैं तो सबसे महत्वपूर्ण घटना वह थी, जब उन्हें महल छोड़ कर 14 वर्षों के लिए निर्वासन में रहने के लिए कहा गया था। क्या कोई इस तथ्य को आसानी से समझ सकता है कि अगले दिन भगवान श्रीराम को राजा बनना था, लेकिन उससे एक रात पहले ही उन्हें 14 साल के लिए वनवास पर जाने के लिए कहा गया था। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के इस कठिन दौर को बिना किसी संदेह या कठिनाई के स्वीकार किया और खुशी-खुशी महल से बाहर जाना स्वीकार कर लिया। श्रीराम का जीवन बच्चों को यह दिशा देता है कि कैसे हर कठिनाई को शांत मन से देखें, परिवर्तन को पूरे दिल से स्वीकार करें और चिंता, भय, संदेह, क्रोध, नकारात्मक दबाव के बिना अपने लक्ष्य की प्राप्त के लिए शांति और जुनून के साथ प्रयास करें।

यदि आप अपनी बोर्ड परीक्षाओं के कारण बहुत तनाव और दबाव में हैं, तो जान लें कि आपको जीवन में अधिक चुनौतीपूर्ण कार्यों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण, छत्रपति शिवाजी महाराज और आचार्य चाणक्य के जीवन का अध्ययन करें, साथ ही भगवद्गीता को बार-बार पढ़ें, ताकि यह मानसिकता विकसित हो सके कि कठिनाइयां और चुनौतियां जीवन का अपरिहार्य हिस्सा हैं, जिन्हें उचित योजना और कार्यान्वयन, टीम वर्क के साथ पूरा किया जाना चाहिए। परिणाम, साहस, शांत दिमाग और ध्यान-प्राणायाम जैसी योग प्रथाओं के विकास के साथ सौ प्रतिशत प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

छात्रों के लिए तनाव का सबसे आम स्रोत परीक्षा परिणाम के बारे में लगातार चिंता करना है। हमें भगवद्गीता से यह समझना चाहिए कि हमें उन कार्यों के परिणाम के बजाय अपने प्रयासों और कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह परिणाम या परिणाम के बारे में चिंता करने के बजाय आप जो कुछ भी करते हैं, उसमें अपना सबकुछ लगा देना चाहिए। परिणाम के बारे में लगातार सोचते रहने से तनाव बढ़ता है, प्रयास कमजोर होते हैं और पटरी से उतर जाते हैं। गीता के प्रत्येक श्लोक के अंतर्निहित अर्थ को बार-बार पढ़ने या गुरु के साथ बैठने से हमारे जीवन के सभी पहलुओं में सुधार होगा और हमारे अस्तित्व में नए आयाम जुड़ेंगे।

छत्रपति शिवाजी महाराज के आखिरी सांस तक के अथाह संघर्ष और विजयी प्रयास का श्रेय उनकी शिक्षाओं को जाता है। उन्होंने बचपन से ही उन्हें रामायण, महाभारत की कहानियां और गीता के गहरे अर्थ सिखाए और विशेषज्ञों की मदद से आवश्यक कौशल विकसित किए। उन्होंने खुद को इस तरह बनाया कि हर चुनौती नए किले जीतने और समाज निर्माण का अवसर बन गई। छात्रों को उनके जीवन का उपयोग एक उदाहरण के रूप में करना चाहिए कि अवसाद, चिंता और आत्महत्या की प्रवृत्ति को जन्म देने वाले अवांछित दबावों के आगे झुकने के बजाए एक पूर्ण जीवन कैसे जिया जाए।

जब हम महान ऐतिहासिक शख्सियतों का अध्ययन करते हैं, तो हम देखते हैं कि उन्होंने न केवल जीवन के भौतिकवादी हिस्सों पर बल्कि आध्यात्मिक पहलुओं पर भी जोर दिया। मन की शांति आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावी और कुशल प्रयास और कार्य करने की अनुमति देकर जीवन को आसान बनाती है। परिणामस्वरूप, समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए दोनों घटकों पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति का लक्ष्य जीवन कौशल, उद्यमिता कौशल और तकनीकी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है।

हालांकि मोदी सरकार इसके कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन कई स्कूल, कॉलेज और संस्थान इस प्रक्रिया में देरी कर रहे हैं।

छात्रों, अभिभावकों और समाज को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि नई शिक्षा नीति को यथासंभव शीघ्र और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। समाज को हमारे छात्रों के जीवन को आसान बनाने और उनके संपूर्ण चरित्र को बेहतर बनाने के लिए समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ निरंतर प्रयास करने और अनुसरण करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। तब तक, 'परीक्षा पे चर्चा' तनाव और अनिश्चितता से निपटने का उपयोगी तरीका है।

नजरिया : बच्चों को चिड़चिड़ा बनाकर, अंधेपन की तरफ धकेलती स्क्रीन लत

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

भारतीय समाज खासकर ग्रामीण प्रधान समाज है। आज भी भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में जीवन-यापन करती है, लेकिन जिस गति के साथ साथ मोबाइल संचार क्रांति आज के संदर्भ में तीव्र गति को प्राप्त होकर, डिजिटिलाइजेशन की ओर उन्मुख हुई है, उतनी गति से ही स्मार्टफोन, एंड्रॉयड फोन के इस्तेमाल से हर कोई अछूता नहीं है। नेट की सस्ती दर व सुलभता हर कोई आसानी से आज के समय प्राप्त कर रहा है। हरेक पुरुष, महिला, बुजुर्ग व साथ ही साथ बच्चे भी अब विभिन्न जानकारियां, सूचनाएं संग्रहण, शैक्षणिक सामग्री के साथ-साथ ज्यादा समय अब रीयल्स बनाने में अपना महत्पूर्ण समय लगा रहे हैं। अभिभावक आजकल स्मार्ट पेरेंटिंग व ग्रूमिंग,में विश्वास रखते हैं। वह यदि किसी कार्य में सलग्न है या बच्चे रो रहे हैं, उन्हें चुप कराने के लिए तत्काल अपना मोबाइल फोन खेलने की पेशकश कर तुरंत उन्हें सौंप देने में अपनी इतिश्री मानते अभी कुछ सोचने विचारने की भी नहीं है। वह घंटों मोबाइल फोन स्क्रीन के ऊपर गेम खेलकर बार-बार ऊपर-नीचे स्क्रॉल कर नजदीक से देखने लग जाते हैं। इस कारण जिन अभिभावकों ने बच्चों को खेलने के उद्देश्य से मोबाइल फोन दिया था, वह यह कदापि नहीं जानते कि तेज प्रकाशमान स्क्रीन का असर उन नौनिहालों की नन्ही, कोमल आंखों में कितना प्रतिकूल असर डालेगा। हम अपने भारत देश जिसके पास आज पूरे विश्व में सबसे युवा आबादी वाला संसाधन है। क्या भविष्य में भी उसे बरकरार रख पाएंगे या फिर आंखों की बीमारी से ग्रस्त, मानसिक रोगी, चिड़चिड़ेपन जैसी गंभीर बीमारी के शिकार, धैर्यहीन, छोटी छोटी विपरीत परिस्थितियों को झेल नहीं पाने की अपेक्षा मनोविकार से ग्रसित संसाधन विकसित करेंगे। इन नकारात्मक शैलियों के हम स्वयं जन्मदाता है। आज स्वस्थ मन,मजबूत शरीर,स्वस्थ आंखे बनाने का ध्येय मार्ग सिर्फ अपने नौनिहालों को मोबाइल की लत से दूर रखने का माता पिता का प्रथम चारित्रिक कर्तव्य बनता है।

अंदाज-ए-बयां : प्लास्टिक

बाजार में आया है इक नया राजा
कामयाबी अपनी का उसने बजाया है बाजा।
कई शक्लों में नजर आता, न टूटता है न पिघलता, वह बढ़ता ही जाता है, प्लास्टिक नाम से जाना जाता।
प्लास्टिक नाम से जाना जाता नया राजा, कामयाबी अपनी का उसने बजाया है बाजा।
कैरी बैग, थैले, डिब्बे, बोतल
मेज, कुर्सी, दरवाजे बनते टोटल
बच्चे बूढ़े जवान के हाथ
मिल जाता है दुकान होटल।
मिल जाता है दुकान होटल नया राजा, कामयाबी अपनी का उसने बजाया है बाजा।
न सड़ता है, न गलता, जलाने पर प्रदूषण है फैलाता, नभ जल थल वायु को वह दूषित है कर देता।
नभ जल थल वायु दूषित करता वो राजा, कामयाबी अपनी का उसने बजाया है बाजा। अक्षय गंदगी है वह फैलाता, मक्खी मच्छर पैदा है करता, जीव-जंतुओं को बीमार करता, बीमारी महामारी है वह फैलाता।

कवि : अनिल शर्मा नील
निचली भटेड़ , बिलासपुर

दूसरों का हक मारकर सफल बने लोगों को वक्त एक दिन जरूर आईना दिखाएगा

नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, प्रतिभा कभी झुकने नहीं देती, प्रतिभाएं शिखर पर जरूर पहुंचती हैं। आज लोग तिगड़म व जीहजूरी के बलबूते सफलता हासिल कर चुके कुछ लोग आज भले ही ऊंचे ओहदों पर पहुंचे हैं, मगर ये लोग इनके काबिल नहीं है। तिगड़म व तलवे चाटकर सफलता हासिल करना आसान है, मगर उसे बनाए रखना कठिन है। जीहजूरी से सफलता हासिल करने वाले गुलामी में ही जीएंगे। एक मेहनती व स्वाभिमानी सिर उठाकर ही चलेगा।

दूसरों का हक मारकर सफल बने लोगों को वक्त एक दिन जरूर आईना दिखाएगा, जब असफल होकर उसी परिपाटी पर आएंगे। दूसरों को दुख देकर भले ही आज सुख भोग रहे हैं, मगर जब समय अपना हिसाब मांगेगा, तब दीवारों पर सिर पटकेंगे कि हमने दूसरों के हकों पर डाका डालकर कितना गलत किया था। तिगड़मबाज ये लोग अपने अवैध कामों के लिए हर नीति अपनाते हैं, जबकि दूसरों के वैध व जरूरी कामों के लिए आनाकानी करते हैं। कहते हैं कि हाथ से छीना जा सकता है, मगर भाग्य को नहीं छीना जा सकता। देर जरूर है, मगर सच ही पुरस्कृत होता है। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान हैं, जिसके वे काबिल नहीं है लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है, जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता। एक कहावत की घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है।

मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, बेशक स्वाभिमानी अभाव में रहता है, पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता है, अपने स्वभाव में रहता है। इसलिए अपने स्वाभिमान को बरकरार रखो। जीहजूरी करने वाला सिर झुकाकर ही चल सकता है। थर्ड श्रेणी में मुश्किल से पास हुए लोग आज उपदेश देते हैं कि हमने मेहनत की है, मगर सच्चाई सौ परदे फाड़कर बाहर आती है। नकल व रिश्वत के बल पर सफलता हासिल करने वाले एक दिन बेनकाब होंगे, नकली पंख कब तक उड़ान देंगे। गीदड़ को अगर शेर की खाल पहना दी जाए, तो वह शेर नहीं बन जाता। जीहजूरी करने वालों को बंदरों की तरह ही नचाया जाएगा।

मदारी उसे अपने हिसाब से नचाएंगे। तब दीवारों पर सिर पटकेंगे कि हमने दूसरों के हकों पर डाका डालकर कितना गलत किया था। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है, जो दूसरों को दुख देता है।

गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए, अगर गरीब की बद्दुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है, इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिएं। मानव को ऐसे काम करने चाहिएं कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इंसान के रूप में हमेशा याद किया जा सके। आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है, मगर ऊपर का खाता खाली है।

जासूसी करने वालों को कुचलना ही होगा

लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

एक बार फिर पाकिस्तान को भारत की रक्षा संबंधी तैयारियों की खबर देने वाले धूर्त शख्स की गिरफ्तारी से साफ है कि अब भी देश में आस्तीन के सांप हैं। उन्हें सख्ती से पूरी तरह से कुचलना ही होगा। चंद सिक्कों की खातिर अपने देश को बेचना उसी तरह है, जैसे कोई राक्षसी प्रवृति का शख्स कुछ पैसों के लालच में अपनी मां के खून का सौदा कर ले।

यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित सतेंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय के मल्टी टास्किंग स्टाफ में काम करता था। वर्तमान में वह मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत था। सतेंद्र हापुड़ का रहने वाला है। यूपी एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अच्छी-खासी पगार पाने वाला एक सरकारी कर्मी का जमीर इस कदर गिर जाएगा कि वह कुछ अतिरिक्त धन के लालच में देश के साथ गद्दारी करेगा, यह सोचना भी आसान नहीं।

सतेंद्र जैसे देश के दुश्मनों को सीधे मौत की सजा मिलनी चाहिए। अगर उन्हें हल्की सजा मिलेगी, तो वे उन शहीदों का अपमान होगा जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान का नजराना दिया। सतेंद्र जैसे लोगों को दुश्मन से दोस्ती करते हुए यह ख्याल क्यों नहीं आता कि पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार हमला किया है। हालांकि, उसे हर बार कसकर मार पड़ी। जब वह सीधे हमले में शिकस्त खाता रहा तो उसने 2001 में मुंबई में खुफिया ढंग से आतंकी हमला करवाया। वह भारत के खिलाफ लगातार कठमुल्लों को खाद-पानी देता रहा।

आपको गद्दार महिला जासूस माधुरी गुप्ता की कहानी का तो पता ही होगा। माधुरी गुप्ता भारतीय विदेश सेवा की ग्रुप अफसर थी। अपनी लगभग अढ़ाई दशक लंबी सेवा में माधुरी गुप्ता ने पाकिस्तान, इराक, लाइबेरिया, मलेशिया और क्रोएशिया में नौकरी की। उसकी उर्दू पर अच्छी पकड़ थी। सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन और पुरुष-मित्रों से संबंध बनाने के लिए खासतौर पर जानी जाती थी। इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में पोस्टिंग के दौरान माधुरी गुप्ता को उर्दू पर उसकी पकड़ की वजह से पाकिस्तानी मीडिया पर नजर रखने का काम सौंपा गया था।

पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद नाम के व्यक्ति के चंगुल में फंस गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गई है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गई। परिणाम स्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया।

माधुरी गुप्ता को भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने स्वदेश वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल, 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी, भारतीय खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया और पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गए। पूछताछ से पता लगा कि वह आईएसआई के दो जासूसों से सांठगांठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं देती है। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई, 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 21 महीने जेल में रहने के बाद 7 जनवरी, 2012 को उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। 18 मई, 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को तीन साल की सजा सुनाई। मुझे लगता है कि माधुरी जैसे गद्दारों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए थी। उसे उसकी करतूत के लिए बहुत कम सजा मिली। जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूं कि देश के गद्दारों की एक ही सजा हो 'सजा-ए- मौत'।

पाकिस्तान की तरफ से राजधानी दिल्ली स्थित उसके उच्चायोग से भी जासूसी की जाती थी। भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किए थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लॉट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनाएगा, पर पाकिस्तान ने भारत को निराश किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा। उसके गर्भनाल में भारत के खिलाफ नफरत भरी हुई है। भारत से नफरत करना पाकिस्तान के डीएनए में है।

सतेंद्र और माधुरी गुप्ता जैसे शातिर लोगों के पकड़े जाने से यह बात भी साबित होती है कि हमारे यहां खास जगहों पर तैनात लोगों को ट्रेनिंग इस तरह की नहीं मिलती, जिससे वे देश के अहम दस्तावेज दुश्मन मुल्क को देने के बारे में सोचें भी नहीं। इस तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। कहना न होगा कि यह जानकर मन बहुत उदास हो जाता है कि सरकारी सेवा या फिर सेना में ही कार्यरत कुछ देश के गद्दार महत्वपूर्ण सूचनाएं शत्रुओं को देते रहते हैं। पाकिस्तान की तरह चीन भी लगातार इस कोशिश में रहता है कि भारत की रक्षा तैयारियों की जानकारी उसे मिलती रहे।

कुछ समय पहले ही चीन के लिए जासूसी के आरोप में एक वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। तब यह सवाल कई स्तरों पर पूछा गया था कि क्या पत्रकार इस देश और यहां के कानून से ऊपर हैं? क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सबकुछ करना जायज है?

दरअसल राजीव शर्मा भारत सरकार का मान्यता प्राप्त पत्रकार था। वह उस आड़ में अहम सरकारी विभागों से सूचनाएं हासिल करके चीन को लगातार देता रहता था। उसे बदले में मोटी रकम मिलती थी। सीधी सी बात यह है कि देश के दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों का जड़-मूल से खात्मा होना चाहिए।

अक्षम विपक्ष 2024 का तलाश रहा है आख्यान

ब्लॉगर

विवेक शर्मा
स्वतंत्र लेखक, सोलन

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

राजनीति में चुनौती कब पनौती में परिवर्तित हो जाए, यह चुनौती सदैव बनी रहती है। आज भारत के विपक्ष के सामने यह चुनौती है कि वह 2024 के चुनाव का नैरेटिव क्या होगा। आंतरिक मनमुटाव से गुजर रही देश की विपक्षीय पार्टियां केंद्र बिंदु पर एकत्रित नहीं हो पा रही हैं। उसका मूल कारण सामान्य व्यक्ति को राजनीति दिखती है, पर वास्तविक में यह पारिवारिक वर्चस्व व वित्तीय निरंतरण की लड़ाई है। वैचारिक, तुष्टिकरण व श्रेष्ठ होने के वस्त्र पहनकर देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

वहीं, सत्ता में बैठी भाजपा ने इन व्यवस्थाओं को नकार दिया है। 'कर्म श्रेष्ठ व धर्म श्रेष्ठ' के सिद्धांत पर समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद का साधन ढूंढ लिया है, जहां बुद्धिजीवी राष्ट्र को धारा 370, तीन तलाक, जी-20 की मेजबानी, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सरलीकरण प्रभावित कर रहे हैं, वहीं शुद्ध व्यावसायिक लोगों को बुनियादी ढांचा सड़कें, सुगम हवाई यात्राएं, भारतीय रेलवे का आधारभूत संरचना, व्यावसायिक कंपनी अधिनियम संशोधन में लगभग 39000 से अधिक कानूनी बाधाओं का सरल समावेश किया है। आधी आबादी महिला वर्ग के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना तक अनेक क्षेत्रों में काम किया है।

किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से लेकर 6000 की राशि सम्मान निधि योजना से अपेक्षित वर्ग को छूने का प्रयास किया है। मध्य वर्गीय परिवारों में श्री राम मंदिर निर्माण के संदेश ने विपक्ष को संवाद के लिए असहाय व असहज कर दिया है। मध्य वर्गीय परिवारों में रोजगार के विषय को लेकर कुछ असमंजस व असहनशीलता है, लेकिन मुद्रा योजना ने छह करोड़ से अधिक युवाओं को लाभार्थी किया है और धीरे-धीरे युवा पीढ़ी नौकरियों की बजाय स्वयं रोजगार की ओर आकर्षित भी हुई है। आईटी व टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कार्यरत युवाओं के लिए नौकरी में भी अवसर बढ़े हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस प्रकार से भारत की साख बढ़ी है, उससे युवा पीढ़ी प्रभावित है। 'वोकल फौर लोकल' नारे ने छोटे उद्यमियों को सहारा दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिस प्रकार राष्ट्र के प्रति समर्पित होने के लिए भाजपा ने प्रेरित किया है, यह स्थिति लगभग 1947 से पूर्व रही होगी, ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है, वहीं विपक्ष के आगे सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव में जाने से पूर्व नैरेटिव क्या सुनिश्चित करना है, लगभग पिछले 10 वर्षों में देश में भ्रष्टाचार की कोई घटना नहीं हुई। सीमा पर आतंकवाद पर नियंत्रण हुआ है। आपसी भाईचारा बढ़ा है। जिन व्यावसायिक घरानों को कांग्रेस, भाजपा पर संरक्षण के आरोप मंचों से लगाती थी, आज उन्हीं घरानों के साथ तीन राज्यों तक सीमित कांग्रेस 11,400 करोड़ के व्यावसायिक अनुबंध कर चुकी है। पूर्व में दी हुई योजनाओं या गारंटियों को पूरा न कर पाने की स्थिति में कांग्रेस आज सत्ता प्राप्ति के पश्चात बगले झांक रही है।

भाजपा के लिए भी 2024 का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से सहज नहीं होगा, पूर्व कार्यकर्ता अपने आप को अपेक्षित महसूस करता हैं व नई पीढ़ी को प्रशिक्षित करना भी चुनौती है क्योंकि यह पीढ़ी युवा है व कांग्रेस की चमक-धमक से प्रभावित है।

अपनी बात

आज हर राज्य में जोर-शोर से फोरलेन क कार्य किए जा रहे हैं। फोरलेन को विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आज विकास के दौर में हर दुर्गम क्षेत्र को मुख्यधारा के साथ जोड़ दिया गया है। फोरलेन बनना कोई बुरा नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है इसके लिए भी भौगोलिक परिस्थितियों को देखना समझना बहुत जरूरी है।

कहीं हम विकास की इस अंधी दौड़ में बड़े खतरे तो नहीं मोल रहे हैं। कहीं फोरलेन के लिए पेड़ों की यह अंधाधुंध कटाई हमारे पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र को तो नहीं बिगाड़ रही। कहीं हम विकास की दौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ रहे।

यह सवाल आज मानव सभ्यता के लिए है, क्योंकि मानव सभ्यता ने आज अपनी सुविधाओं के स्वार्थ में हर तरफ कंक्रीट के जंगल फैला रखे हैं। ये कंक्रीट के जंगल प्राणियों के लिए जीवनदायी कई पेड़ों की हत्या के बाद बने हैं। इस कंक्रीट के जंगल को और फैलाने के लिए मानव द्वारा अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं। ऐसा लगता है अब इन हालात को रोकना होगा और पर्यावरण के बारे में सोचना होगा, तभी भविष्य के सर्वनाश को रोका जा सकता है, ताकि हम सभी आपदा से होने वाले नुकसान से बचे रहें और आगामी पीढ़ी भी हमें दोष न दे।

सड़क मात्र की मौजूदगी का भी दीर्घकालीन प्रभाव पड़ता है, भूजल रिचार्ज दर, स्थानीय जैव विविधता और यहां तक कि स्थानीय तापमान जैसे पर्यावरणीय घटकों पर भी इसका असर पड़ता है और आने वाले पीढ़ी को इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं, आपदा के तौर पर

-विक्रमा देवी, मस्सल (नगरोटा बगवां)

आपकी डायरी

बैठे-बैठे सोच
रहे हैं
क्या-क्या कुछ,
दुनिया में हम देख चुके
हैं क्या-क्या कुछ।
दफ्तर, तनख्वाह,
बीमा, कर्ज और दवा
पढ़-लिखकर, अब
रोग लगे हैं
क्या-क्या कुछ।

शायर
सतपाल 'ख्याल'
बद्दी, सोलन।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर वीरवार रात्रि चढ़ा माखन, मंदिर को सजाने के लिए दिल्ली से मंगाए हैं रंग-बिरंगे पुष्प

देव श्री सियून गेहरी ने बाबा भूतनाथ मंदिर में नवाया शीश, देव ध्वनि से गूंजी छोटी काशी

अनंत ज्ञान ब्यूरो मंडी

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को अब महज कुछ ही दिन का समय बचा है। जिसको लेकर मंडी जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। वीरवार को जैसे हैं देव श्री देव सियून गहरी छोटी काशी मंडी पहुंचे तो पूरा ही क्षेत्र देव ध्वनि से गुंजायमान हो गया। देवता बाबा भूतनाथ के दर पर शीश नवाकर अपने मूल स्थान के लिए रवाना हो गए हैं। शिवरात्रि पर्व को लेकर मंडी जनपद के आराध्य बाबा भूतनाथ के मंदिर में भी साफ सफाई और सजावट का कार्य युद्धस्तर पर चला है।

बता दें कि वीरवार को तारा रात्रि के मध्य 1100 बजे से सुबह 4:00 बजे तक बाबा भूतनाथ के स्वयंभू शिवलिंग का 21 किलो मक्खन से विशेष शृंगार किया गया। बाबा भूतनाथ के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि रात्रि से बाबा भूतनाथ की माखन रूपी शृंगार की शुरुआत हो गई है जो पूरे माह चलती रहेगी। इस दौरान प्रदेश व देश के विभिन्न शक्तिपीठों शिवालयों की तर्ज पर बाबा भूतनाथ का शृंगार किया गया। उन्होंने कहा कि तारा रात्रि से जो माखन चढ़ाने की परंपरा है, उसका भी विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि जैसे हमारे यहां पर शादी से एक माह पहले तैयारी शुरू हो जाती है। इसी तरह महाशिवरात्रि पर्व की भी एक माह से पहले ही तैयारी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि भूतनाथ मंदिर में शिवलिंग पर वीरवार को तारा रात्रि से शिवलिंग पर मंदिर के पुजारी व अन्य श्रद्धालुओं ने मक्खन चढ़ाया। वहीं मंदिर को सजाने के लिए दिल्ली से रंग बिरंगे पुष्प भी मंगाए गए हैं, जिसकी खुशबू से मंदिर परिसर महक उठेगा।

मक्खन चढ़ाने की परंपरा सदियों पुरानी

आठ मार्च शिवरात्रि पर्व तक शिवलिंग पर प्रतिदिन देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित शिव के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होंगे। यही नहीं शिव के विभिन्न स्वरूपों के साथ-साथ स्थान के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की भी जानकारी शिव भक्तों को प्रदान की जाएगी। शिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक के साथ शृंगार किया जाएगा। बाबा भूतनाथ मंदिर में मक्खन चढ़ाने की परंपरा का इतिहास सदियों पुराना है। मक्खन चढ़ाने की परंपरा 1527 ई से मंडी नगर की स्थापना से चली आ रही है। परंपरा शिवरात्रि के एक महीना पहले से शुरू हो जाती है।

बाबा भूतनाथ मंदिर में साफ-सफाई करते श्रद्धालु।

कन्या विद्यालय में नवचेतना कार्यशाला

मंडी। वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवचेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य भाग सिंह ठाकुर ने की। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों और अध्यापकों को संयुक्त रूप से स्कूली ड्रग शिक्षा और जीवन कौशलों के बारे मे प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसमें राज्य प्रशिक्षण ग्रुप से भगत राम और प्रवीण कुमार ने सभी को जरूरी जानकारी दी और गतिविधि आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया। अपने आप को जोखिम से बचाने और इनकार करने का कौशल, सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श, अच्छी आदतें, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, स्वच्छ खाएं स्वस्थ रहें का पाठ पढ़ाया। भोजन में आवश्यक पोषक तत्व, जंक फूड के भयानक परिणाम, ड्रग के प्रकार ड्रग को कैसे करें इनकार की जानकारी दी गई।

न्यूज ब्रीफ

वेदांत कुटीर में लगाया खिचड़ी का भंडारा

मंडी। ब्यास घाट पर स्थित वेदांत कुटीर मंडी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ मास के चलते खिचड़ी का भंडारा लगाया गया। यह आयोजन वेदांत कुटीर की अध्यक्ष साध्वी सेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। उसके पश्चात कुष्ठ रोगियों को खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करवाया गया और उन्हें वस्त्रए मिठाइयांए दक्षिणा और अन्य सामग्री भेंट की गई। इस मौके पर अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कॉलेज छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों ने वीरवार को आम जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों पर जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने लोकल बस अड्डे पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। उन्होंने टैक्सी चालकों, बस ड्राइवरों, दुकानदारों तथा अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा के 10 स्वर्णिम नियमों के प्रपत्र भी बांटे। इस मुहिम को सफल बनाने में महाविद्यालय की एनएसएस तथा एनसीसी कैडेट्स का विशेष योगदान रहा। इस मौके सड़क सुरक्षा क्लब की नोडल प्रभारी प्रोफेसर विधु भारद्वाज, प्रो. डॉ. श्रवण, प्रो. ममता, प्रो. नेहा, प्रो. आरती, प्रो. बिमला तथा प्रो. नवीन राठौर उपस्थित रहे।

नशा समाज को कर रहा बर्बाद : शिव वालिया

जोगिंद्रनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर डोहग में वीरवार को नशा मुक्ति सप्ताह कार्यक्रम के तहत शिवा फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के अध्यक्ष शिव वालिया ने आईटीआई प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर संस्थान की प्रधानाचार्य इंजीनियर नवीन कुमारी, समूह अनुदेशक रमेश नेगी, वंदना गुलेरिया व संस्थान के सभी अनुदेशक और प्रशिक्षु मौजूद रहे। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए युवा शिव वालिया ने बताया कि नशा समाज को धीरे-धीरे बर्बाद कर रहा है। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना पड़ेगा और शासन-प्रशासन का सहयोग करना पड़ेगा।

होली चाइल्ड स्कूल में मेरिट सर्टिफिकेट बांटे

होली चाइल्ड स्कूल में होनहार छात्र छात्राओं को मेरिट सार्टिफिकेट वितरित किए गए

जोगिंद्रनगर। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर स्थित ढेलु के दसवीं कक्षा के 25 विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में शानदार तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिक्षा बोर्ड की तरफ से मेरिट सर्टिफिकेट दिए गए। मेरिट सर्टिफिकेट पाने वालों में पायल, वंशिका, तनु, प्रियंका, सोनम, कशिश, साजिया कशिश, सानिया, नीतिका, वेदिका, अभिनव, सिद्धार्थ, गौरव, शशांक, आर्यन, आयुष, इशांत, जितेश, राज पालीया, पीयूष, सिमरन कनंक, मनीष कुमार, मनीष, समर प्रमुख रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल की दसवीं कक्षा के 25 विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाण पत्र मिलना गौरव की बात है। स्कूल निदेशक कौशल्या ठाकुर तथा प्रधानाचार्य ललिता ने मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्रों तथा उनके माता पिता, अध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

राकेश अजय बने भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य

धर्मपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर राकेश अजय वसुटी ने रजत ठाकुर से मिलकर आभार जताया। वसुटी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से निकले हुए कार्यकर्ता हैं, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्र नेता रहे हैं। राकेश ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

डंगे पर जल्द ही लगाई जाएगी रेलिंग

मंडी। नगर निगम मंडी के थनेहड़ा वार्ड में खतरे का कारण बने हुए विश्वकर्मा चौक से ऊपरी पहाड़ी में लगे डंगे पर जल्द ही रेलिंग लगाई जाएगी। यह जानकारी सिटिजन काउंसिल मंडी के प्रवक्ता नीरज हांडा ने दी। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में उन्होंने लोक निर्माण विभाग की के एक्शन से मुलाकात की और एक दो दिन के भीतर यहां पर रेलिंग लग जाएगी।

माता मुरारी देवी सेवा समिति का अधिवेशन 11 को

मंडी। जिले की सिकंदराधार की सबसे ऊंची चोटी पर सुंदरनगर, बल्ह व सरकाघाट विधानसभा क्षेत्रों की सीमा पर स्थित लाखों लोगों की श्रद्धा का केंद्र प्रख्यात धार्मिक स्थल माता मुरारी देवी सेवा समिति का साधारण अधिवेशन 11 फरवरी रविवार को होगा। यह जानकारी सेवा समिति के महासचिव ने दी। उन्होंने बताया कि यह अधिवेशन समिति के प्रधान बृज लाल की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

बिहूं स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

जोगिंद्रनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिहूं में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर बच्चों को सम्मानित किया। पाठशाला प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को टोपी, शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हमें प्रदेश में ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जो एक सामान्य एवं गरीब परिवार से संबंध रखता है व सभी वर्ग के लोगों की परवाह उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा बढ़ते हुए नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिससे जोगिंदर नगर भी अछूता नहीं है। ऐसे में हम सभी को मिलकर इस नशे से अपनी युवा पीढ़ी को बचाना होगा।

किसानों-बागवानों की समस्याओं पर मंथन

मंडी। वैज्ञानिक कल्याण संघ मंडी की बैठक डॉ. बीएस दयोड की अध्यक्षता में वीरवार को चक्कर में हुई, जिसमें किसानों और बागवानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। संघ के महासचिव डॉ. एआर शर्मा ने बताया कि बैठक में सरकाघाट के सुरांगा व हटली क्षेत्र में बल्ह की तरह सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने की सरकार से मांग की गई। बैठक में संघ के संस्थापक सदस्य एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. चरणजीत परमार के निधन पर शोक प्रकट किया गया व दो मिनट का मौन रखा।

शहर में चिट्टे की सप्लाई करने वाले मां-बेटा चढ़े पुलिस के हत्थे

पंजाब से निजी गाड़ी में ला रहे थे नशा, दोनों से साढ़े 20 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी जिला पुलिस ने चिट्टे के कारोबार में संलिप्त दो और अपराधियों को सलाखों को पीछे पहुंचाने में सफलता हासिल की है। इस बार मंडी पुलिस ने मंडी शहर में चिट्टे की सप्लाई करने वाले मां और बेटे का धर दबोचा है।

इन दोनों आरोपियों को बीते रोज मंडी शहर के बराधीवीर से साढ़े 20 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा है। ये लोग पंजाब से चिट्टे की सप्लाई लेकर आ रहे थे। आरोपी महिला का नाम मंजू देवी है और बेटे का नाम आकाश है, जो मंडी शहर के सुहड़ा मोहल्ला के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मंजू नाम की यह महिला चरस की सप्लाई का काम भी करती है। चिट्टे के इस काले कारोबार में यह महिला शहर में नेटवर्क के तहत काम कर रही थी और इस काले कारोबार में इसके परिवार के साथ बेटी और दामाद भी शामिल हैं। वीरवार को मां-बेटे को सदर थाना लाया गया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने भी इनसे पूछताछ की।

आरोपियों से पूछताछ करते एएसपी मंडी सागर चंद्र।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी अपनी निजी गाड़ी में पंजाब से चिट्टे की खेप लेकर आ रहे थे। फिलहाल दोनों आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर हैं, जिनसे गहनता से पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि इनके साथ इस काले कारोबार में संलिप्त अन्य आरोपी भी जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

नशे के काले कारोबार में संलिप्त अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जाएगा। जिला में कई अपराधी पुलिस की रडार में हैं और आने वाले समय में वह भी सलाखों के पीछे होंगे।

बता दें कि मंडी जिला में चिट्टे जैसे नशे का काला करोबार काफी हद तक अपनी जड़ें फैला चुका है। इस नशे में संलिप्त अपराधी नेटवर्क के तहत चिट्टे की सप्लाई का काम कर रहे हैं। इस नशे की ओवरडोज से कई युवा मौत का ग्रास भी बन चुके हैं। साल 2024 की चिट्टे नशे की सबसे बड़ी खेप मंडी जिला से पकड़ी गई है।

अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति पर बिफरे बच्चों के अभिभावक

अनंत ज्ञान, पधर

> राजकीय उच्च पाठशाला बल्ह की स्कूल प्रबंधन समिति ने जताया विरोध

स्कूलों में अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति ने तलख तेवर दिखाते हुए अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग शिक्षा मंत्री व प्रदेश सरकार से की है। राजकीय उच्च पाठशाला बल्ह की स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुशल कुमार ने बताया कि बल्ह स्कूल से राजकीय माध्यमिक पाठशाला छूहल में अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। जिस कारण उनके बच्चों की शिक्षा पर प्रभाव पड़ रहा है।

एसएमसी अध्यक्ष कुशल कुमार, पंचायत प्रधान महेंद्र सिंह, यासीना देवी, राम सिंह, दूनी चंद, इंद्र सिंह, अमर सिंह, रोशन लाल, मनीष कुमार तथा मीना देवी का कहना है कि राजकीय माध्यमिक पाठशाला छूहल में नियमत अध्यापक कार्यरत हैं, इसके बावजूद अध्यापकों का डेपुटेशन किया जा रहा है। वहीं हैरानी की बात है कि ऐसे विषय के अध्यापकों को प्रतिनियुक्ति में भेजा जा रहा है जिनका स्कूल में पद ही सृजित नहीं किया गया है। वहीं अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति से स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि मई 2023 मे प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोपा के द्वारा अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति बल्ह से छूहल स्कूल बिना उच्चाधिकारियों के आदेश से कर दिए। जब स्कूल प्रबंधन समिति ने इस बारे में पता किया, तो प्रधानाचार्य ने शिक्षा उपनिदेशक का झूठा हवाला दे दिया, लेकिन जून 2023 में शिक्षा उपनिदेशक के आदेशानुसार आज तक अध्यापक डेपुटेशन पर हैं। छूहल स्कूल में एलटी और टीजीटी मेडिकल के पद स्वीकृत नहीं हैं, फिर भी इन अध्यापकों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चों को बेहतर गुणात्मक शिक्षा ना मिल पाने के कारण वे पढ़ाई में पिछड़ रहे हैं। जिस कारण अभिभावक चिंतित हैं और अपने बच्चों के भविष्य के लिए कड़ा रुख अख्तियार करने के लिए विवश हैं।

प्रदेश सहित मंडी जिले में भी रफ्तार पकड़ेगा नशे के खिलाफ अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

> चिट्टा तस्करों की जड़ तक पहुंचेगी पुलिस, एसपी मंडी साक्षी वर्मा कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड पर

मंडी जिला में पुलिस ने हाल ही में चिट्टे की बड़ी खेप के साथ आरोपी को पकड़ा है, जिसके बाद नशे का काला कारोबार कर लोगों के घर बर्बाद करने वालों को पुलिस अब किसी भी हालत में नहीं छोड़ने वाली है। जल्द ही पुलिस नशे के बड़े सौदागरों को भी जेल का रास्ता दिखाने वाली है। यह जानकारी एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद पुलिस लाइन मंडी में वीरवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने नशे की रोकथाम करना अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मंडी में जनता को बेहतर यातायात व कानून व्यवस्था देने का भी हर संभव प्रयास किया जाएगा। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि मंडी में पर्यटकों का ट्रांजिट है जिसके चलते भी यातायात को लेकर अहम कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंडी में पुलिस कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। वहीं उन्होंने बताया कि हाल ही में क्रिप्टो व फोरेक्स में जो जालसाजी की गई है, उसमें भी कानून के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नशे के बढ़ते सेवन और तस्करी के सवाल के जवाब में एसपी ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए पुलिस ने अभियान छेड़ा है जिसके जल्द ही सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने आम जनता से भी आह्वान किया है कि वे चिट्टे आदि नशों को लेकर सजग रहें और पुलिस के साथ जानकारी साझा अवश्य करें ताकि आने वाली पीढ़ी को बचाया जा सके। पत्रकार वार्ता के दौरान उनके साथ एएसपी मंडी सागर चंद्र व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

बता दें कि 2014 बैच की आईपीएस अधिकारी साक्षी वर्मा मंडी की तीसरी महिला एसपी बनी हैं और वह इससे पहले भी विभिन्न जिलों में बतौर एसपी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

राजस्व मामलों के निपटारे में न हो देरी

डीसी ने ली सात घंटे की बैठक, मंडी में जनवरी में 3309 राजस्व मामलों का समाधान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि जिले में राजस्व मामलों के निपटारे में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने को कहा ताकि मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

डीसी वीरवार को डीआरडीए सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सात घंटे से भी अधिक समय तक चली इस मैराथन मीटिंग में राजस्व मामलों के निपटान को रफ्तार देने को लेकर उनसे जुड़े हर पहलू पर गहन मंथन किया गया। उपायुक्त ने सिलसिलेवार जिले की प्रत्येक तहसील और उप तहसील के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को बैठक में पूरी तैयारी से आने की हिदायत दी। बैठक में तकसीम हुकमी और खानगी, निशानदेही, अवैध कब्जे सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने इस दौरान आपदा राहत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-डिस्ट्रिक्ट में प्राप्त आवेदनों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। अपूर्व देवगन ने कहा कि प्रदेश सरकार का राजस्व के लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करके जनता को राहत प्रदान करने पर विशेष बल है। सरकार का प्रयास है कि लोगों को बार-बार राजस्व कार्यालय में जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए विशेष राजस्व लोक अदालतें लगाकर लम्बित राजस्व मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके सुखद परिणाम रहे हैं। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि मंडी जिले में राजस्व अदालतों के माध्यम से बड़ी संख्या में राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है। जनवरी माह में ही जिले में 3309 राजस्व मामलों का समाधान किया गया है।

राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी।

न छूटे आपदा राहत का एक भी मामला

उपायुक्त ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित बनाने को कहा कि जिले में आपदा प्रभावित लोगों को राहत देने का एक भी मामला न छूटे। उन्होंने इसके लिए पूरी गंभीरता से काम करने को कहा। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में बन रहे पटवार तथा कानूनगो भवनों के निर्माण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी समय समय पर इन कार्यों का निरीक्षण करें तथा कार्यों की गति दें। उन्होंने पूर्ण हो चुके कार्यों के फंड उपयोगिता प्रमाणपत्र अगले 10 दिन भीतर सौंपने को कहा। बैठक में एडीएम डॉ. मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्माए जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

ममेल में गोसदन नहीं भूख और ठंड से मर रही गउओं को नोच रहे कुत्ते

करसोग। गउओं को गाड़ी में भर कर करसोग मुख्य बाजार से लेकर ममेल गांव पर पहुंचाया जा रहा है। जहां पर इनके पास ठंड से ठिठुरने के अलावा और कोई चारा नहीं है। इसी ठंड और भूख से पिछले सप्ताह चार गउओं की मौत हो गई। इस पंचायत में कोई भी गोसदन नहीं है। यहां गउओं की हो रही दुर्दशा गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय निवासी राकेश दत्त, अनुज शर्मा, टेक चंद ने बताया है कि ममेल में कोई भी जगह गोवंश के लायक नहीं है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गउओं को गोसदनों तक पहुंचाया जाए, ताकि वहां उनकी उचित देखभाल हो सके। वहीं स्थानीय निवासी अधिवक्ता राकेश दत्त शर्मा ने बताया कि पिछले कल एक गाय ठंड की वजह से ममेल स्कूल के पास मर गई थी। यहां कुत्ते गाय को नोच रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रधान व स्थानीय प्रशासन को दी। जब ममेल प्रधान नारायण सिंह से बातचीत की गई तो प्रधान भी बदतमीजी पर उतर आए। ममेल गांव में अभी तक लगभग 25 गाय मर चुकी हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने अपने खर्च पर ही गाय को दफनाया। वहीं एसडीएम करसोग नरेंद्र ठाकुर का कहना है कि ग्राम पंचायत कार्यकारिणी को इसकी जांच के आदेश दे दिए गए थे और जेसीबी को मौके के लिए बुलाया गया था और गाय को दफन कर दिया है।

समारोह | वार्षिक समारोह में चंद्रमोहन ने दी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सरकाघाट को दो लाख की सौगात

बच्चों को संस्कृति और संस्कार का पाठ पढ़ाने की सराहना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरस्वती विद्या मंदिर सरकाघाट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह वीरवार को हुआ। इस मौके पर प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी और जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। विद्या मंदिर के सभी अध्यापकों और अभिभावकों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों को संस्कृति और संस्कारों का जो पाठ पढ़ाया जा रहा है, उसकी मुख्य अतिथि ने सराहना की।

बच्चों ने लोक भाषा में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी उपस्थित सभी गणमान्यों ने सराहना की। इस मौके पर सभी होनहारों को मुख्य अतिथि द्वारा नवाजा गया। इस विद्यालय के उत्थान का बेड़ा उठाते हुए चंद्र मोहन शर्मा ने मौके पर 2 लाख स्कूल प्रबंधन को और 21000 बच्चों को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए। नर्सरी और केजी के बच्चों को खेल संबंधी सारा सामान उपलब्ध करवाने का जिम्मा भी चंद्र मोहन शर्मा ने लिया है। इस कार्यक्रम में करीब एक दर्जन गरीब परिवारों को बेटी की शादी और भवन निर्माण को लेकर 31-31 हजार की राशि मौके पर प्रदान की। साथ ही चंद्रमोहन शर्मा ने विश्वास दिलाया है कि वह प्रयास करेंगे कि हर असहाय व्यक्ति तक अपनी छोटी से छोटी मदद पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि राज कुमार ठाकुर और मुख्य वक्ता जालम सिंह ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया।

इस मौके पर भाजपा मंडल की पूर्व अध्यक्ष निशा ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कै. बलदेव चौहान, प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा, विद्या मंदिर रखोटा के प्रधानाचार्य रंपा चौहान, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य सोमा राणाए सेवानिवृत्ति उपनिदेशक एचआर राणा और हिमाचल शिक्षा समिति के जिला मंडी के संरक्षक सोहन सिंह शास्त्री भी उपस्थित रहे।

पारितोषिक वितरण समारोह में सामूहिक चित्र में सम्मानित छात्र व मुख्यातिथि।

न्यूज ब्रीफ

बस्तियों तक पहुंच रही द हंस फाउंडेशन की सेवाएं

पतलीकूहल। द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट्स कुल्लू जिले के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कठिन दौर में दुर्गम्य क्षेत्रों में स्थित बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों और जरूरतमंदों तक पहुंच कर अपनी निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने वीरवार को रायसन पंचायत में स्थित झुग्गी-बस्ती में बसे दर्जनों जरूरतमंदों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर सहित जागरूकता सत्र का आयोजन कर सभी के स्वास्थ्य की जांच की। इस बस्ती में करीब छह से भी अधिक गरीब परिवार बसे हुए हैं और इन परिवारों में कुल 45 से 50 लोग निवास कर रहे हैं। इस शिविर के दौरान बस्ती में रह रहे छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी की स्वास्थ्य की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया और साथ में इन लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस दौरान कई लोगों के टेस्ट भी करवाए गए, जिनमें हीमोग्लोबिन ओर ब्लड शुगर की जांच की गई।

द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट्स कुल्लू के चिकित्सक बस्ती के लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए।

'वो दिन' योजना बारे बच्चों को किया जागरूक

'वो दिन' योजना के तहत जागरूकता शिविर में उपस्थित स्टूडेंट्स व अन्य।

मनाली। बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराई के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहंग में 'वो दिन' योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एकदिवसीय इस शिविर की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी धनीराम ने की। उन्होंने वो दिन योजना तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस योजना के अंतर्गत बच्चों की चित्रकला, नारा लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक भी किए गए। स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षिका ममता ने स्वास्थ्य एवं पोषाहार पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सीत ने भी बढ़ती उम्र में बदलाव बारे बच्चों को जागरूक किया।

दियार में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

कुल्लू। आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कमांद द्वारा दियार में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। आयुष विभाग कुल्लू के आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कमांद द्वारा ग्राम पंचायत दियार के महिला मंडल दियार में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 64 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयां भी बांटी गई। आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कमांद के प्रभारी डॉ. विकेश ठाकुर ने बताया कि इस एक दिवसीय निशुल्क चिकत्सा शिविर में ग्रामीणों का ब्लड शुगर, एचबी, ब्लड ग्रुपिंग, ब्लड प्रेशर इत्यादि की निशुल्क जांच की गई तथा दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉ. विकेश ठाकुर ने ग्रामीणों को आयुर्वेद और योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाने की सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट कमांद आशा भी शिविर में शामिल रहीं।

बर्फबारी के बाद मनाली में पर्यटकों का लगा मेला

पर्यटकों की आमद दोगुना बढ़ने की उम्मीद, दो दिन में मनाली पहुंचे 45 लग्जरी वाहन

कमलेश वर्मा, कुल्लू

मौसम साफ होते ही पर्यटन पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। इस सप्ताहंत पर्यटकों की आमद दोगुना बढ़ने की उम्मीद है। बुधवार तक बाहरी राज्यों से 30 के लगभग लग्जरी बसें आ रही थी जिनका वीरवार को आंकड़ा 45 के पार हो गया है। छोटे पर्यटक वाहनों की आमद में भी वीरवार को बढ़ोतरी हुई है। डेढ़ सप्ताह बाद लग्जरी बसें मनाली पहुंचने लगी हैं, जिससे पर्यटकों को राहत मिली है। बसों के मनाली पहुंचते ही होटलों में भी आक्यूपेंसी बढ़कर 50 प्रतिशत हो गई है।

वीरवार को मौसम खुलते ही पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन स्थल नेहरूकुंड व सोलंगनाला में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा। नेहरूकुंड तक हर तरह के वाहन पहुंच गए, जबकि नेहरूकुंड से आगे फोर बाय फोर वाहन ही जा सके। वीरवार को देश-विदेश के कोने-कोने से पर्यटकों ने मनाली के पर्यटन स्थलों में पहुंच कर बर्फ का आनंद लिया।

बर्फबारी के बाद मनाली में मस्ती करते पर्यटक।

पर्यटकों ने यहां पहुंच कर स्की, स्नो स्लेज, माउंटेन बाइक और दूसरे विंटर स्पोर्ट्स कर बर्फ का जश्न मनाया। इस साल पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर फरवरी के पहले सप्ताह में हुआ।

लंबे इंतजार के बाद हुआ हिमपात पर्यटकों के लिए खुशी लेकर आया है। मनाली पहुंच रहे पर्यटकों के कारण अब यहां व्यापार करने वाले होटल व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। मनाली के पर्यटन कारोबारी रवि व्यास व किशन राणा ने बताया कि विंटर सीजन ने गति पकड़ ली है। उनका कहना है कि देर से ही सही पर हिमपात के बाद एक बार फिर रौनक लौटी है। उन्होंने कहा कि इस बर्फ का लंबे समय से इंतजार था और आखिरकार बर्फबारी ने उनका इंतजार खत्म कर दिया। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि लग्जरी बसों के मनाली पहुंचने से पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में पर्यटन नगरी में पर्यटकों का सैलाब उमड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

फोर बाई फोर वाहनों के लिए खुली मनाली-अटल टनल-लाहौल सड़क

बारिश और बर्फबारी के बाद मौसम खुलने पर लाहौल-स्पीति प्रशासन ने फोर बाई फोर वाहनों में यात्रा करने की अनुमति दे दी है। यात्री मनाली से अटल टनल के रास्ते जनजातीय क्षेत्र लाहौल के लिए अब सफर कर सकेंगे। आवाजाही दिन के समय सिर्फ सात घंटे ही रहेगी। सवारियां सुबह नौ से दोपहर चार बजे तक ही फोर बाई फोर वाहनों या फिर टाटा सूमो के टायरों में चेन लगाकर सफर कर सकेंगी। जिला प्रशासन ने सड़कों पर ब्लैक आइस (काली बर्फ) जमने तथा बर्फ के कारण फिसलन होने की वजह से फोर बाई फोर वाहनों और टाटा सूमो में चेन लगाकर घाटी में प्रवेश करने की अनुमति दी है। अटल टनल से वाहनों की आवाजाही के लिए समयसारिणी निश्चित की गई है। सड़क एकतरफा खोलने पर लाहौल-स्पीति पुलिस के जवान ट्रैफिक नियंत्रण के लिए कुल्लू पुलिस जवानों के साथ तालमेल बैठाकर कार्य करेंगे। उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि मौसम खराब होने पर लोग अनावश्यक सफर न करें। उन्होंने कहा कि फोर बाई फोर वाहनों को मनाली से दारचा तक आने की अनुमति है। उधर, पांगी-किलाड़ राजमार्ग-26 तांदी से उदयपुर तक फोर बाई फोर वाहनों के लिए खुला है। ग्रांफू-काजा राष्ट्रीय राजमार्ग-505 बंद है तथा समदो से लोसर वाया पिन घाटी हल्के वाहनों के लिए खुला है।

टीम मनाली ने जीती वॉलीबॉल ट्रॉफी

विंटर वॉरियर प्रतियोगिता की विजेता टीम मनाली को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

दो दिवसीय विंटर स्पोर्ट्स वॉलीबाल टूर्नामेंट 2024 में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी मनाली की टीम। बुधवार से शुरू हुए दो दिवसीय विंटर स्पोर्ट्स वॉलीबॉल टूर्नामेंट में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये 12 टीमों ने प्रतियोगिता को अपने नाम करने के लिए भाग लिया।

फाइनल मैच में बतौर मुख्यातिथि कुल्लू ट्रक यूनियन के उपाध्यक्ष विशाल सूद ने अपनी उपस्थिति दर्ज की ओर पूरे मैच का लुत्फ उठाया। टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता मोनिश ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में मनाली टीम, अलेउ टीम, घुड़दौड़ टीम, नागचला टीम, न्यूली टीम, जगतसुख टीम, सैंज टीम, टीम सेउबाग, टीम हवाईशिया, टीम खेलो इंडिया, टीम मौहल ओर टीम बड़ाग्रां ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। टूर्नामेंट के आखिरी दिन सेमीफाइनल और फाइनल की प्रतियोगिता करवाई गई।

फाइनल में टीम नागचला और टीम मनाली के बीच हुआ। टीम मनाली ने आखिरी वक्त तक अपना दबदबा बनाए रखा और फाइनल मैच को 3-0 से जीत कर विंटर स्पोर्ट्स वॉलीबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफी को अपने नाम किया। प्रतियोगिता के विजेता टीम मनाली को ट्रॉफी के साथ-साथ 21,111 रुपए तथा उपविजेता टीम नागचला वॉरियर को ट्रॉफी व 12,222 रुपए की नकद धनराशि इनाम स्वरूप भेंट की गई।

जनता से किए मोदी सरकार के वादे हवा-हवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल किसान सभा के सदस्य केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ अभियान चलाते हुए।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर हिमाचल किसान सभा पूरे राज्य में केंद्र की भाजपा सरकार की किसान मजदूर व आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ अभियान कर रही है। किसान सभा के राज्य महासचिव होतम सिंह सौंखला ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को सत्ता में 10 वर्ष हो रहे हैं, लेकिन किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों व आम जनता से किए वादे मोदी सरकार के हवा-हवाई हुए हैं।

किसानों से सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू करना, किसानों की आय दोगुनी करना, किसानों का कर्जा माफ करना आदि, बेरोजगार नौजवानों को हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देना, मजदूरों की दिहाडी महंगाई सूचकांक के आधार पर तय करना, मनरेगा मजदूरों को 200 दिनों का काम व दिहाड़ी सरकार के न्यूनतम वेतन के बराबर देना, आम जनता से महंगाई को कम करना, अच्छे दिन लाना इत्यादि वादे किए गए थे। किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा करने के लिए समझौता किया था जो पूरा नहीं किया।

16 फरवरी को जिले में चार जगह किसान मजदूरों के प्रदर्शन

मजदूरों के 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके मजदूरों के अधिकारों पर हमले किए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों ने 16 फरवरी को हड़ताल करने का फैसला लिया है। किसानों ने ग्रामीण भारत बंद का ऐलान किया है। 16 फरवरी को प्रदेश में कई जगहों पर प्रदर्शन किए जाएंगे। किसान सभा के जिला अध्यक्ष गोविंद भंडारी ने कहा कि इस अभियान के दौरान गांव-गांव में केंद्र सरकार के अंतरिम बजट की प्रतियां भी जलाई जा रही हैं। इस बजट में किसानों को किसी भी तरह की राहत नहीं दी है।

यह किसान मजदूर और आम जनता विरोधी बजट है। इस बजट में बड़े औद्योगिक घरानों को ही फायदा दिया गया है। किसानों मजदूरों व आम जनता के आंदोलन देश में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। जनता की एकता को तोड़ने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार धर्म-जात का सहारा ले रही है। 16 फरवरी को जिला में चार जगह पर किसान-मजदूरों के प्रदर्शन होंगे।

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सारे विकास कार्य ठप : गोविंद ठाकुर

भुंतर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सारे विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए हैं। वीरवार को भुंतर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की जनता से कई बड़े किए हैं युवाओं को रोजगार देने और महिलाओं को 1500 पेंशन देने के दावे भी इस सरकार के हवा हवाई होते हुए नजर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ब्यासा नदी से मलबा निकालना के मामले को लेकर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सरकार को खूब घेरा है। उन्होंने कहा कि नदी से मलबा हटाने का कार्य नियमों को ताक पर रखकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को दिया गया है। ऐसा लगता है की जिन कांग्रेस नेताओं को यह कार्य दिया गया है उसमें कांग्रेस के बड़े नेताओं की हिस्सेदारी भी हैं।

भूतनाथ और भुंतर बैली ब्रिज के मामले को लेकर सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर को घेरा

ब्यास नदी से मलबा हटाने के पीछे घपला

उन्होंने कुल्लू सदर के विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जिस भूतनाथ ब्रिज और भुंतर बैली ब्रिज को लेकर उन्होंने पिछले पांच साल राजनीति की लेकिन अब सत्ता में आने के बाद वह स्वयं ही इसमें लीपापोती करते हुए नजर आ रहे हैं। भूतनाथ ब्रिज को उन्होंने बड़े वाहनों के लिए बहाल करने का दावा किया था परंतु कुछ समय पहले इस ब्रिज को नाटकीय तरीके से शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद ही ब्रिज के किनारे बोर्ड टांग दिए गए जिसमें यह निर्देशित किया गया की ब्रिज अभी छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुला है। जबकि भुंतर बेली ब्रिज का मसला भी वह सरकार बनने के बाद हल नहीं कर पाए हैं लिहाजा दोनों ब्रिजों की समस्या बनी हुई है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उन्होंने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें भाजपा जीतेंगे। इस मौके पर उन्होंने नरेंद्र मोदी की सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा है कि इस सरकार ने पिछले साढ़े नौ सालों में हर वर्ग के लिए काम किया है खासकर महिला उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई योजनाएं बनाई और उन्हें धरातल पर उतारा। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी अमित सूद, मनीष सूद, अर्चना ठाकुर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

शक्ति वंदन अभियान से महिलाओं को किया जाएगा जागरूक : पूर्व मंत्री

कुल्लू। जिला कुल्लू के भुंतर में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने स्वयं सहायता समूह, एनजीओ से जुड़ी हुई महिलाओं को संबोधित किया। इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी और यह भी बताया गया कि किस तरह से महिलाएं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकती है।

केंद्र की योजनाओं का दिया जाएगा लाभ

शक्ति वंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि जब देश में महिलाएं समृद्ध होती हैं तो दुनिया समृद्ध होती है। ऐसे में आज सही अवसर और समर्थन मिलने पर विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए जिससे महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देश में 10 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए और महिलाओं को चूल्हे के धुएं से भी निजात मिली। प्रधानमंत्री जल जीवन के तहत 10 करोड़ आठ लाख घरों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई गई और महिलाओं को दूर के पेयजल स्रोतों से पानी लाने की समस्या भी खत्म की गई।

स्वयं सहायक समूह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिससे देश की हर महिला आत्मनिर्भर हो सकती है। इसके लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। जिला कुल्लू शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम की प्रभारी अर्चना ठाकुर ने बताया कि जिला कुल्लू में यह कार्यक्रम काफी सफल रहा और पूरे प्रदेश में यह कार्यक्रम भाजपा के द्वारा चलाए जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

आगामी समय में भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। ताकि केंद्र की योजनाओं का लाभ घर द्वार तक पहुंच सके। इस अवसर पर बंजार क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी, जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश सचिव मनीषा सूद, प्रदेश महिला मोर्चा आईटी प्रभारी बर्षा ठाकुर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा कमलेश शर्मा, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत, वरिष्ठ नेता राहुल सोलंकी, जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी,जिला सचिव नैना शर्मा,नारा ठाकुर ,जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, सह मीडिया प्रभारी अजय ठाकुर भी उपस्थित रहे।

आपदा मित्रों को दिए आपदा से बचाव के टिप्स

अनंत ज्ञान, आनी

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू के सौजन्य से खंड विकास विभाग आनी के तत्वावधान में पंचायत स्तर पर 15- 15 आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से तीन-तीन दिवसीय आपदा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आनी खंड की सभी 37 पंचायतों में 15-15 आपदा मित्रों को एक टास्क फोर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

आनी के समिति सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला के तृतीय चरण में वीरवार को आनी खंड की बुच्छेर व व्युंगल पंचायत के 30 आपदा मित्रों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन गृह रक्षा वाहिनी जिला कुल्लू बटालियन के कंपनी कमांडर एवं आपदा के मास्टर ट्रेनर कमल भंडारी ने उपस्थित आपदा मित्रों को आपदा से निपटने का बेसिक प्रशिक्षण प्रदान किया और उन्हें आपदा उपकरणों की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ आपदा के समय इनके प्रयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

कंपनी कमांडर कमल भंडारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अभिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त कुल्लू के दिशा निर्देशानुसार हर जिला में 100 और प्रत्येक पंचायत स्तर पर 15-15 स्वयंसेवी युवाओं को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जिला आपदा अधिकरण के अंतर्गत होने वाली प्रत्येक मॉक ड्रिल में भी इन्हें शामिल किया जाएगा और इन्हें आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य रिफ्रेशर कोर्स भी करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी आपदा मित्रों को आपदा किट भी प्रदान की जाएगी। इस मौके पर कंपनी कमांडर कमल भंडारी के साथ एसईबीपीओ विनोद कटोच, गृह रक्षा वाहिनी के कंपनी कमांडर रजनीश कटोच आदि मौजूद रहे।

वाहन चालक यातायात नियमों का करें पालन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

15 जनवरी से 14 फरवरी तक पूरे देश भर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्रीय परिवहन विभाग कुल्लू के रोड सेफ्टी सेल द्वारा भी अभियान के तहत वीरवार से कुल्लू में इसकी शुरुआत हुई। मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों द्वारा भी कुल्लू बस स्टैंड व आईटीआई शमशी में यातायात नियमों के बारे गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों व आईटीआई के प्रशिक्षुओं को जानकारी दी।

कार्यक्रम में मन्नत कला मंच के कलाकारों नवनीत भारद्वाज, मान चंद, खूब राम, अशोक, संजय, चंपा, आशा शर्मा, गोपाल, रिया, ने गीत, हेरी शुणी गड्डी चलानी, सुनो गौर से गाड़ी वालो व नुक्कड़ नाटक सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के माध्यम से लोगों को गाड़ी लेने से पहले कानूनन उम्र 18 की होना, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक चलते समय हेल्मेट का प्रयोग, सीट बेल्ट लगाना, ओवर स्पीड व ओवरटेकिंग न करना आदि यातायात नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। आज हुए कार्यक्रम में आईटीआई शमशी के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, क्षेत्रीय परिवहन विभाग से अशोक कुमार, सुनील कुमार, भीम सिंह,अनुराग शर्मा व बड़ी संख्या में औद्योगिक संस्थान के प्रशिक्षु शामिल हुए।

नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक करते कलाकार।

कवायद — घाटी के किसानों को सुविधाएं देने के लिए भुंतर किसान उत्पादक संगठन माउंटेन हब प्रोजेक्ट के तहत चलाएगा अभियान

किसानों को बेहतर सुविधाएं देगा भुंतर किसान उत्पादक संगठन

अनंत ज्ञान, भुंतर

जिला कुल्लू के किसानों को उन्नत तरीके से खेतीबाड़ी करने, उत्पादों की प्रोसेसिंग के साथ मार्केट उपलब्ध करवाने के लिए भुंतर किसान उत्पादक संगठन और माउंटेन हब मिलकर कार्य करेंगे। प्रोजेक्ट के तहत घाटी के छोटे किसानों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। ऐसे में छोटे व गरीब किसान कम दामों पर कृषि उपकरण व बीज उपलब्ध होगा तो साथ ही उनके उत्पादों को बेचने में भी आसानी होगी।

जिला कुल्लू के भुंतर में माउंटेन हब परियोजना के तहत एक बैठक का आयोजन वीरवार को किया गया। इस बैठक में माउंटेन हब प्रोजेक्ट के अधिकारियों सहित कुल्लू उपक्षेत्र के जनसंगठनों के पदाधिकारियों और भुंतर किसान उत्पादक संगठन के अधिकारियों ने शिरकत की और किसानों को जोड़ने के लिए की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की। लोक चेतना मंच के कार्यक्रम सहायक दीपक पोखरियाल ने इस दौरान कहा कि माउंटेन हब की परियोजना उतरी हिमालयी क्षेत्रों में सामुहिक पहल से सतत विकास के तहत स्वरोजगार, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन व लैंगिक समानता के विषयों पर विभिन्न जनसंगठनों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत भुंतर के सब्जी मंडी संगठन को इसमें शामिल गया था और अब इन्ही किसानों द्वारा बनाए भुंतर किसान उत्पादक संगठन के साथ भी मिलकर कार्य किया जाएगा।

भुंतर में माउंटेन हब परियोजना के तहत बैठक के दौरान जानकारी देते लोक चेतना मंच के पदाधिकारी।

किसान उत्पादक संगठन के प्रधान कृष्ण देव ने इस दौरान कहा कि संगठन में घाटी के उन किसानों को शेयरधारक बनाने की कोशिश की जा रही है जिन्हे अपने उत्पादों को बेचने और प्रोसेसिंग के कम विकल्प मिलते हैं। ऐसे किसानों को सस्ते दामों में कृषि उपकरण, बीज व खाद दी जा रही है तो साथ उत्पादों की प्रोसेसिंग का कार्य भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा स्वरोजगार योजना के जुराब बुनाई का कार्य किया जा है तो जंगली आग के कारणों और इसके समाधान पर अध्ययन हेतु एक सर्वेक्षण भी किया जा रहा है। इस मौके पर संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए। इस दौरान चेतना समिति कुल्लू की उपप्रधान कोशल्या देवी, यूथ कैडर विंग के प्रभारी योग राज, भुंतर किसान उत्पादक संगठन के निदेशक पवन कुमार, सीओ जितेंद्र शर्मा सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

एफपीओ किसानों को मार्केटिंग के विकल्प भी

इसके अलावा एफपीओ मार्केटिंग के विकल्प भी अपने सदस्य किसानों को उपलब्ध करवाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि माउंटेन हब के प्रोजैक्ट के माध्यम से भी किसानों को जोड़कर उन्हें और बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी। चेतना समिति कुल्लू के महासचिव हीरा लाल ठाकुर ने इस दौरान कहा कि किसानों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए विशेष प्लानिंग बनाई जाएगी और रूपरेखा तैयार कर किसानों को फायदा दिलाया जाएगा।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं, शारदा पुत्री मोहन निवासी गांव सटखण, तहसील चच्योट, जिला मंडी (हि.प्र.) ब्यान करती हूं कि मेरा नाम मेरी मायके की ग्राम पंचायत चच्योट के परिवार रजिस्टर में मेरा नाम शारदा दर्ज है। लेकिन मेरी ससुराल की पंचायत बासा में द्रोमती दर्ज है। यह कि यह दोनों नाम मेरे हैं तथा लोग व स्वजन मुझे इसी नाम से पुकारते हैं। अत: मेरा नाम ग्राम पंचायत चच्योट में शारदा उर्फ द्रोमती दर्ज किया जाना आवश्यक है। संबंधित नोट करें।

मुख्यमंत्री ने जगह-जगह रुक कर लोगों की सुनी समस्याएं

सीएम सुक्खू ने वरिष्ठ कांग्रेसी के पास जाकर पैर छुए साथ बैठकर कुशलक्षेम पूछा

शशि सोनल, नादौन

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू चंडीगढ़ से नादौन चौपर से पहुंचे जहां अमतर क्रिकेट स्डेटियम में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मंत्री धनी राम शांडिल, कांगड़ा केंद्रीय बैंक के चेयरमैंन पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बृजमोहन सोनी आदि ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

वन मित्र अभ्यर्थी सीएम से चैस्ट टेस्ट दोबारा करवाने का आग्रह करती हुई।

सीएम सुक्खू इस दौरान बेला पंचायत के वायोवृद्ध वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व प्रधान ठाकुर अवतार सिंह से मिलने अमतर मैदान में ही जहां वे बैठे थे वहां गए उनके पैर छुए, साथ बैठकर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा उनके बेटे को खूब सेवा करने को कहा। इस दौरान ठाकुर अवतार सिंह ने मुख्यमंत्री को कुछ लोगों की समस्याएं भी बताईं मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का निपटारा हो जाएगा। सीएम ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकारियों निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मित्र भर्ती की तीन अभ्यर्थी भी उनसे मिली तथा चैस्ट तीन का फिजिकल टेस्ट दोबारा करवाए जाने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने डीसी हमीरपुर को इनका टेस्ट दोबारा लिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान नादौन शहर के लोग पूर्व पार्षद सोहन लाल, राज कुमार,महिंद्री जैन, छुनकी शर्मा मुख्यमंत्री से मिले तथा शहर के वार्ड चार में जंज घर बनाए जाने की मांग की जिस पर सीएम ने नगर पंचायत सचिव को निर्देश जारी कर दिए।

गोशाला भड़ोली भगौर का एक प्रतिनिधि गोशालाध्यक्ष सुखदेव शास्त्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला तथा उनसे आग्रह किया कि गोशाला के शैड के निर्माण के लिए करीब दो साल पहले 70/30 रेशो के तहत दो लाख 67 हजार रुपए डीसी कार्यालय में जमा करवाए थे, लेकिन अभी तक शैड का कार्य विकास खंड कार्यालय द्वारा शुरू नहीं किया गया है। फलस्वरूप गोवंश को शैड न होने की वजह से परेशानी हो रही है। सीएम ने आश्वासन दिया कि कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

लखनपाल ने चकमोह स्कूल में किया जिम का उद्घाटन

स्कूल में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए प्रबंधक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने वीरवार को राजकीय उच्च पाठशाला चकमोह में मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत स्थापित किए गए जिम का उद्घाटन किया और उसके बाद पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत खोले गए जिम पर लगभग पांच लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसमें स्टूडेंट्स को शारीरिक रूप से फिट रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने स्टूडेंट्स से जीवन में कड़ी मेहनत करने तथा माता-पिता और शिक्षकों के सुझाए मार्ग पर चलने की अपील भी की।

विधायक ने राजकीय उच्च पाठशाला चकमोह के लिए ग्यारह हजार रुपए और प्राइमरी स्कूल के लिए पांच हजार रुपए देने की घोषणा की तथा स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार ने विधायक का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ-साथ स्कूल की कुछ मांगें भी रखीं। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

समारोह में उषा लखनपाल, प्रधान किरण कुमारी, उपप्रधान हरि कृष्ण, विपन कुमार, प्रेम चंद संगर आदि उपस्थित थे।

कुश्ती खिलाड़ी का किया स्वागत

ढोल-नगाड़ों से कुश्ती खिलाड़ी कृतिका जंवाल का स्वागत करते स्टूडेंट्स व अन्य।

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में कृतिका जंवाल के राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद सुजानुर पहुंचने पर स्वागत समारोह मनाया गया।

शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता प्रोफेसर संदीप शर्मा ने बताया कि कृतिका सुजानपुर महाविद्यालय की छात्रा है जिसने पुणे महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय और अपने प्रदेश का नाम रोशन किया है। इससे पहले कृतिका ने अंतर-महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा अंतर विश्वविद्यालय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

कृतिका को हिमाचल केसरी पुरस्कार भी मिला है। महाविद्यालय में कृतिका के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्टूडेंट्स ने सुजानपुर बस स्टैंड पर कृतिका का ढोल-नगाड़ों से अभिनंदन किया। प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर कृतिका को स्मृति चिन्ह और आशीर्वाद देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार जीत प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कर्म चंद बने इंटक हमीरपुर के जिला अध्यक्ष

भोरंज। जिला हमीरपुर के रहने वाले कर्म चंद पुत्र रोशन लाल को इंटक ने जिला हमीरपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह गांव बगेटू डाकघर मैड के रहने वाले है और काफी लंबे समय से किसानों और मजदूरों के हितों को लेकर काम कर रहे हैं। इन्होंने कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर काम किया है।

जिला अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए इन्होंने कांग्रेस कमेटी की राज्य अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, इंटक के राज्य अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह,सुनील शर्मा बिट्टू और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। मीडिया से बातचीत करते हुए इन्होंने बताया की वर्तमान प्रदेश की सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां हर वर्ग को लाभ पहुंचा रही है। वह सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे और किसानों और मजदूरों के हितों के लिए काम करते रहेंगे।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता के बाद बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, धनेटा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कक्षा नौवीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसका उद्देश्य विज्ञान विषय में बच्चों की रुचि बढ़ाना और ज्ञान बढ़ाना है, ताकि बच्चे नए-नए अनुसंधान और आविष्कार करके अपना योगदान देश के विकास में दे सकें। बच्चों ने विज्ञान से संबंधित मॉडल भी बनाए।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के नोडल ऑफिसर संदीप आनंद प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान भारत सरकार द्वारा 2015 में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों में विज्ञान, गणित व सूचना प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करना है। विजेता टीमों को प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने प्रार्थना सभा में सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में टीम-ए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम-बी दूसरे स्थान पर तथा टीम-सी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेता स्टूडेंट्स को साइंस की डिक्शनरी, कॉपी व पैन देकर सम्मानित किया गया।

महिलाओं को खाद्य वस्तुएं बनाने का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

बीडीओ कार्यालय हमीरपुर के हॉल में महिलाओं के लिए खाद्य वस्तुएं बनाने के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि किस तरह से वह प्रोडक्ट तैयार कर सकती है।

महिलाओं ने प्रोडक्ट बनाने की विधि को लिखकर रिकॉर्ड कर लिया। लगभग 20 स्वयं सहायता समूह की 77 महिलाओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। ब्लॉक हमीरपुर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रोडक्टर बनाने की विधि सीखी। जिला उद्योग विभाग की तरफ से इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें बीडीओ ऑफिस के कर्मचारियों को भी सहयोग रहा। जिला उद्योग विभाग के समन्वयक राम नरेंद्र यादव ने बताया कि सीड फंड की ट्रेनिंग महिलाओं को दी जा रही है। इसके लिए इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में महिलाओं को खाद्य प्रोडक्ट बनाने की विधि बताई जा रही है, ताकि महिलाएं अच्छे ढंग से सामग्री तैयार कर मार्केट तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार के सहयोग से सभी स्वयं सहायता समूह को 40-40 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि इस रुपए से महिलाएं अपने प्रोडक्ट तैयार कर स्वरोजगार अपना सकती है।

प्रोडक्ट बनाने की विधि सीखती महिलाएं।

गामा पहलवान ने जीती धरोड़ दंगल की माली

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धरोड़ में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। महावीर दंगल कमेटी धरोड़ (चमराल) द्वारा आयोजित इस विशाल दंगल में हिमाचल एवं अन्य राज्यों से लगभग 200 से अधिक पहलवानों ने भाग लिया।

दंगल कमेटी के सचिव परमजीत डोगरा ने बताया कि इस दंगल मे 100 से अधिक कोल (कुश्तियां) हुईं, जिसमें हर पहलवान ने अपना हुनर दिखाया। फाइनल मुकाबला जिंदर अमृतसर व गामा धमेटा के बीच हुआ जिसमें गामा विजेता रहा। मुख्यातिथि सेवानिवृत्त एसडीओ प्यार चंद चौधरी ने विजेता पहलवान को 51000 एवं गुरज और उपविजेता को 41000 व पीतल की गागर देकर सम्मानित किया गया। वहीं छोटी माली देव मंडी के द्वारा जीती गई एवं उपविजेता गोपू हमीरपुर रहा उन्हें 5100 और 3100 रुपए इनाम राशि देकर सम्मानित किया गया। महावीर कमेटी के प्रधान सुदर्शन जरियाल द्वारा इस विशाल दंगल के सफल आयोजन पर कमेटी सदस्यों व क्षेत्रवासियों द्वारा जनसहयोग देने पर उनका विशेष रूप से धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए महावीर दंगल कमेटी के सदस्य।

समय पर कुष्ठ रोग से निजात पाना संभव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

कुष्ठ रोगियों की समय पर पहचान करना आसान है। इसका इलाज भी संभव है। समय पर पहचान करके इससे पूरी तरह निजात पाई जा सकती है। इससे होने वाली अपंगता से भी बचा जा सकता है। यह बात जिला जन सूचना एवं शिक्षण अधिकारी सुरेश शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आईटीआई बणी में आयोजित कुष्ठ रोग निवारण दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कही।

विजेता स्टूडेंटस मुख्यातिथि व आईटीआई प्रबंधन के साथ।

शर्मा ने कहा कि कुष्ठ रोग एक धीमी गति से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है, जिसका कीटाणु शरीर में प्रवेश करने के बाद इसके लक्षण आने में लगभग चार से छह साल का समय लग जाता है। इसके शुरुआती लक्षणों में मुख्यत: शरीर के किसी भी हिस्से में एक या एक से अधिक सफेद, लाल या तांबे के रंग के दाग हो सकते हैं, जिनमें संवेदनशीलता न हो, कुष्ठ रोग की निशानी हो सकते हैं। इस मौके पर कुष्ठ रोग विषय के ऊपर भाषण व पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सुरजीत कुमार प्रथम, अर्चना द्वितीय, अक्षय शर्मा तृतीय, पोस्टर मेकिंग में ऊमीषा प्रथम, स्नेहा द्वितीय व गौरव तृतीय स्थान पर रहे।

ईमानदारी से की मेहनत चूमेगी आपके कदम

रंगस। स्टूडेंटस को चाहिए कि वे कठोर परिश्रम करें। ईमानदारी और निष्ठा से की जाने वाली मेहनत से सफलता निश्चित तौर पर उनके कदम चूमेगी। पढ़ाई के साथ ही उन्हें खेलों और अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। यह बात त्रिशा पब्लिक स्कूल जोल सप्पड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मनोरमा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही। उन्होंने शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर कड़ी प्रतिस्पर्धा का है, लिहाजा लक्ष्य हासिल करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत अनुशासन बेहद जरूरी है। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत वंदेमातरम की प्रस्तुति के बाद स्टूडेंटस ने भांगड़े तथा पहाड़ी गिद्दे नाटियों से खूब धमाल मचाई।

हमीरपुर में वन स्टॉप सेंटर स्थापित

हमीरपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग ने हमीरपुर में वन स्टॉप सेंटर स्थापित किया है। किसी भी तरह की शारीरिक या मानसिक हिंसा से पीड़ित महिला जिसके पास कहीं रहने का साधन न हो, ऐसी महिला वन स्टॉप सेंटर में फोन के माध्यम से या महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से संपर्क कर सकती है। पीड़ित महिला को इस सेंटर में पांच दिनों तक आश्रय मिलेगा और जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता और चिकित्सा सहायता के साथ-साथ उसकी काउंसलिंग का भी प्रावधान है। यह बात बीडीसी जुगल किशोर ने अग्घार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सशक्त महिला योजना पर एक जागरूकता शिविर के दौरान संबोधित करते हुए कही। कशोर ने कहा कि महिलाओं के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार ने कई योजनाएं आरंभ की हैं तथा अधिनियम बनाए हैं। सभी महिलाओं को इन योजनाओं और अधिनियमों की जानकारी होनी चाहिए। सीडीपीओ जीतराम चौधरी और जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने भी महिलाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारी मंजुला ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे में बताया। इस अवसर पर बेटी है अनमोल योजना की लाभार्थी बेटी को एफडी के दस्तावेज भी प्रदान किए गए।

डीसी से की शिष्टाचार भेंट

हमीरपुर। हिम आंचल पेंशनर्स संघ का एक शिष्टमंडल प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा के नेतृत्व में हमीरपुर के नए डीसी अमरजीत सिंह से मिला व जिला में सेवाएं प्रदान करने हेतु संघ द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि आप सब के सहयोग से जिला में विकास को गति देने व लोगों की समस्याएं दूर करने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। शिष्टमंडल में जिला प्रधान केसी गौतम, तकनीकी सलाहकार राम चंद कटोच व संतोष कटोच, प्रेस सचिव अनिरुद्ध डोगरा, हमीरपुर खंड प्रधान देव राज पटियाल, महासचिव हेम राज शर्मा, प्रदेश उपप्रधान दीप चंद शर्मा आदि मौजूद थे।

गुहार मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जीएसटी में राज्यों का हिस्सा बंद करने पर माकपा नाराज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की जिला कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के साथ किया जा रहे पक्षपातपूर्ण रवैए के विरोध में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। देश भर में पार्टी ने केरल की सरकार, राज्य के मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल, विधायकों, सांसदों सहित दिल्ली में जंतर मंतर के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हीं के समर्थन में पार्टी की जिला कमेटी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने जाते हुए माकपा पार्टी के पदाधिकारी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र की मोदी सरकार वर्तमान में गैर-भाजपा राज्य सरकारों के साथ पक्षपातपूर्ण रुख अख्तियार किए है। जिला सचिव जोगिंदर कुमार ने बताया कि केरल राज्य जो मानव विकास सूचकांक में देश में सर्वप्रथम है, के साथ अन्यायपूर्ण भेदभाव किया जा रहा है। केरल की जनता को केंद्र से दी जाने वाली योजनाओं का अनुपातिक हिस्से का बजट या तो बंद कर दिया गया है या बहुत कम सीमित कर दिया है। यहां तक कि जो जीएसटी का हिस्सा राज्यों का बनता है, उसे भी नहीं दिया जा रहा है। जिससे राज्य सरकारों काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और यही स्थिति हिमाचल की जनता के लिए भी मोदी सरकार पैदा कर रही है।

हिमाचल जैसे राज्य के लिए भी केंद्र सरकार से आने वाले मदद को बहुत सीमित कर दिया गया है और जीएसटी के माध्यम से जो राज्यों का हिस्सा बनता था वह भी सही ढंग से नहीं दिया जा रहा है। देश में यह प्रवृत्ति देश संघीय ढांचे के लिए बेहद ही खतरनाक है। इससे राज्यों की जनता में असंतोष फैलेगा और नई परेशानियां देश में उत्पन्न होगीं। इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार ही जिम्मेदार होगी।

राष्ट्रपति से की हस्तक्षेप करने की गुजारिश

पार्टी राष्ट्रपति से इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुजारिश करती है और मांग करती है कि केंद्र इस तरीके का पक्षपाती पूर्ण रवैया समाप्त करे व राज्यों को दी जाने वाली मदद और जीएसटी जैसे टैक्सों का हिस्सा राज्यों का बनता है उसे तुरंत जारी करें, ताकि राज्य अपने संचालन में और जनता के विकास के लिए उसका इस्तेमाल कर सकें।

न्यूज ब्रीफ

दिनेश बने प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सचिव

भरेड़ी। राज्य हिम आइकन पुरस्कार से सम्मानित भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दिनेश भाटिया को प्रदेश भाजपा ने प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का दूसरी बार सचिव नियुक्त किया गया है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र आरक्षित विधानसभा क्षेत्र होने के कारण दिनेश भाटिया दलित समुदाय में अच्छी पकड़ होने के कारण भाजपा ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। पपलाह गांव के दिनेश भाटिया ने पिछले 20 सालों से समाज सेवा के रूप में कार्य करके अपनी अलग पहचान बनाई है। दिनेश भाटिया प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के सचिव व वर्तमान में जिला हमीरपुर को उपाध्यक्ष के पद पर भी तैनात हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती तथा लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए दृड़ता से कार्य किया जाएगा।

स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

एसडीएम संजय कुमार का स्वागत करते प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर, साथ हैं अन्य।

भोरंज। उपमंडल भोरंज के अंतर्गत डीएवी स्कूल लझयानी भरेड़ी में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। इस जयंती समारोह के मौके पर उपस्थित शिक्षकों, स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों ने संयुक्त रूप से वैदिक हवन यज्ञ कर किया। साथ ही महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में 200 हवन कुंडों के साथ यज्ञ किया गया। भोरंज के एसडीएम संजय कुमार कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया

अनुराग कर रहे पीएम की सोच को साकार : अंजना

सुजानपुर। बीसीसी सुजानपुर अध्यक्ष अंजना ठाकुर ने कहा है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद और कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा शुरू किया गया महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता कार्यक्रम एक बहुत ही अनूठा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अनुराग ठाकुर ने हिमाचली संस्कृति और क्षेत्रीय रीति-रिवाजों को फिर से जीवंत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपने हुनर को बखूबी मंच पर साझा किया है और अपनी प्रस्तुतियों में पहाड़ी गाने, मंगल गीत, घोड़िया, सुहाग इत्यादि बहुत ही रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किए हैं। इसके अलावा अनुराग ठाकुर पीएम मोदी के सपने को साकार करने में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेल, ब्यूटी एंड वैलनेस जैसे न जाने कितने कार्यक्रम संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए चलाए हैं, ताकि संसदीय क्षेत्र के लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ सके। इन सभी कार्यक्रमों को सुचारु रूप से चलाने के लिए अनुराग ठाकुर निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

डीएवी भड़ोली में सीनियर्स को दी फेयरवेल

नादौन। डीएवी भड़ोली स्कूल में मस्ती और धमाल के साथ 11वीं के स्टूडेंट्स ने ऐसा रंग जमाया की सभी शिक्षक और स्टूडेंट्स झूमने को मजबूर हो गए। 12वीं के स्टूडेंट्स के विदाई समारोह का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मिस्टर रितिश और मिस फेयरवेल शिव्यांशी को चुना गया, जबकि मिस्टर और मिस डीएवी अर्शी और अक्षित चौधरी तथा मिस्टर और मिस पर्सनैलिटी अमोघ और आरुषि को चुना गया। कार्यक्रम में सीनियर सहपाठियों के साथ 11वीं के स्टूडेंट्स का उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परिधानों में मनमोहक कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर दोनों कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपने.अपने अनुभव सांझा किए। प्रिंसीपल ने सभी स्टूडेंट्स को सफलता के लिए शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में ध्रुव फर्स्ट

गलोड़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिप्पर जिला हमीरपुर के छात्र ध्रुव शर्मा ने पांचवीं अखिल भारतीय समायिक घटनाएं तथा सामान्य ज्ञान ऑनलाइन प्रतियोगिता में पूरे हिमाचल प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 13 दिसंबर 2023 को एक संस्थान द्वारा आयोजित करवाई गई थी। इस संस्थान द्वारा हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 5000 का चेक, प्रशस्ति पत्र और एक बैग भेंट किया गया है।

अमतर में हैंडपंप को मोटर लगाने पर लोग खुश

नादौन। नादौन के अमतर में अंबेडकर भवन के पास लगे हैंडपंप में वीरवार को विभाग ने मोटर लगा दी है। जिससे लोगों में खुशी का महौल है। पंचायत के उपप्रधान अजय अत्री, बबलू, मधुसूदन, दिवेश कुमार चौधरी,अशोक कुमार आदि ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि गांववासियों ने बीते दिनों मुख्यमंत्री से इस हैंडपंप को मोटर लगवाने का आग्रह किया था, जिसके चलते विभाग ने मोटर लगा दी है, इससे आसपास के काफी लोगों को सहूलियत रहेगी।

वन मित्र भर्ती के लिए 417 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

नादौन। नादौन की 13 वन बीटों में वन मित्र रखे जाने हैं, जिसके लिए वीरवार को नादौन के अमतर मैदान में काफी युवाओं ने टेस्ट दिया। नादौन क्षेत्र से काफी युवकों व युवतियों ने आवेदन कर रखा है। नादौन क्षेत्र की विभिन्न वन बीटों को करीब 13 वन मित्रों के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया वन विभाग ने शुरू कर दी है। आरओ नादौन राजीव सूद ने बताया कि 417 अभ्यर्थियों ने टेस्ट दिया। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया जो अभ्यर्थी वीरवार को सीएम सुक्खू से मिले थे जिस पर सीएम ने दोबारा टेस्ट लिए जाने के निर्देश दिए थे उन अभ्यर्थियों के टेस्ट फिर से ले लिए गए हैं, लेकिन वे फिजिकल टेस्ट क्वालिफाई नहीं कर पाए।

नवोदय स्कूल लेटरल एंट्री परीक्षा 10 को

हमीरपुर। जवाहर नवोदय स्कूल डुंगरी की नौवीं और 11वीं कक्षा में रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रवेश परीक्षा 10 फरवरी को आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्रिंसिपल विक्रम कुमार ने कहा कि इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स के एडमिट कार्ड किन्हीं कारणों से डाउनलोड नहीं हो पा रहे हैं, तो वे स्कूल के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सीबीएसई के निर्देशानुसार किसी भी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड के बगैर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

भोरंज में रोजगार मेला 10 को : निशा कटोच

हमीरपुर। मैट्रिक पास, बारहवीं पास, आईटीआई, बहुतकनीकी डिप्लोमाधारक, होटल मैनेजमेंट, स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की ओर से 10 फरवरी को भोरंज में रोजगार मेला आयोजित करेगा। निगम की जिला समन्वयक निशा कटोच ने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 20 प्रतिष्ठ कंपनियां पात्र युवाओं का चयन करेंगी और उन्हें मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान करेंगी। जिला समन्वयक ने पात्र युवाओं से इस रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मेले के संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 70186-48424, 82196-29117 और 90235-33255 पर संपर्क किया जा सकता।

भोरंज कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन

जाहू। राजकीय महाविद्यालय भोरंज म एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। प्राचार्य विजय ठाकुर ने समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय महाविद्यालय भोरंज के स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लड़कियों की 50 मीटर दौड़ में रिया ने प्रथम विशाखा ने द्वितीय महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 50 मीटर दौड़ में साहिल प्रथम, जतिन द्वितीय व विशाल तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में रिया ने प्रथम, वैशाली राणा ने द्वितीय व अक्षय ने तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 800 मीटर दौड़ में साहिल प्रथम, आदर्श द्वितीय व उमेश तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों की ऊंची कूद में अक्षय कुमार ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय और राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की ऊंची कूद में पल्लवी ने प्रथम, विशाखा ने द्वितीय व रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में साहिल ने प्रथम, पीयूष ने द्वितीय व अक्षय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 200 मीटर दौड़ में अक्षय ने प्रथम, राहुल ने द्वितीय व अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में साहिल ने प्रथम, विशाल कुमार ने द्वितीय व रितेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। साहिल को एथलीट की बेस्ट एथलीट चुना गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि विजय ठाकुर ने सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

10 बीट के 10 पदों के वास्ते वन मित्रों की भर्ती के लिए चेहड़ में शारीरिक दक्षता और ग्राउंड टेस्ट का आयोजन

291 अभ्यर्थी हुए शामिल, 203 ने शारीरिक दक्षता परीक्षा की पास

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

वीरवार को वन मंडल घुमारवीं की 10 बीट के 10 पदों के लिए वन मित्रों की भर्ती के लिए चेहड़ में शारीरिक दक्षता और ग्राउंड टेस्ट का आयोजन किया गया।

टेस्ट के लिए अभ्यर्थियों का हुजूम सुबह ही इकट्ठा होना शुरू हो गया था।। इन 10 पदों के लिए 409 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से कुल 291 अभ्यर्थी भर्ती स्थल पर पहुंचे। आयोजित भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थी सुबह नौ बजे ही भर्ती स्थल पर पहुंच गए थे। सबसे पहले शारीरिक परीक्षा में युवाओं का सीना व लंबाई का माप लिया गया। लड़कों के लिए चेहड़ से मरहोल तक पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसके लिए 30 मिनट का समय दौड़ पूरी करने के लिए दिया गया था, जिसके लिए रोजगार की आस में बैठे युवकों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए 291 अभ्यर्थियों में से 88 अभ्यर्थी आयोग्य घोषित हो गए, जबकि 203 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा पास कर ली है।

10 बीट के 10 पदों के लिए वन मित्रों की भर्ती के लिए चेहड़ में शारीरिक दक्षता और ग्राउंड टेस्ट के आयोजन पर मौजूद युवा।

वैकल्पिक मार्गों से वाहनों की आवाजाही रही जारी

भर्ती प्रक्रिया के दौरान आईपीएच चौक से मारहोल तक मार्ग आवाजाही के लिए बंद रहा। हालांकि वैकल्पिक मार्गों से वाहनों की आवाजाही जारी रही, जिससे लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। यह सारी भर्ती प्रक्रिया वन विभाग बिलासपुर के सहायक वन संरक्षक प्रदीप चौहान की देख-रेख में पूरी की गई जीवन जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही भर्ती प्रक्रिया में सफल हुए अभ्यर्थियों की मेरिट बनाकर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

घुमारवीं शहर में बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे 13 वाहनों को पुलिस ने किया सीज

डीएसपी चंद्रपाल की अगुआई में पुलिस घुमारवीं शहर में अभियान चलाती हुई व बाइक सवारों के चालान करती हुई।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं पुलिस ने बाइकर्स पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वीरवार को डीएसपी चंद्रपाल की अगुआई में पुलिस ने घुमारवीं शहर में अभियान चलाया।

इस दौरान घुमारवीं शहर में बिना नंबर प्लेट बाइक और स्कूटी दौड़ा रहे 13 दोपहिया वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया। वहीं, बिना हेल्मेट व तीन सवारियां बैठाकर चल रहे तथा अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले करीब 45 बाइक सवारों के चालान किए गए। बताते चलें कि पिछले काफी समय से शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बाइकर्स की वजह से क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं।

बिना नंबर प्लेट दौड़ती बाइक व स्टंटबाज बाइक सवारों ने जहां खुद की जान को जोखिम में डाल रखा है, वहीं आम जनता व राहगीरों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। लोगों की शिकायत के बाद पुलिस टीम ने वीरवार को बाइकर्स के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस कर्मियों को शहर में बिना नंबर प्लेट कई बाइकों को दबोच लिया। कुछ ही देर में एक के बाद एक इस तरह की करीब 13 बाइक और स्कूटी पकड़ ली और उन्हें घुमारवीं थाना ले जाकर सीज कर दिया गया। इसके अलावा बिना हेल्मेट व तीन सवारियां बैठाकर चल रहे बाइक सवारों के चालान किए गए। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिना नंबर प्लेट और बाइकों से स्टंट इत्यादि दिखाने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूक होना आवश्यक : निधि


बढ़ते साइबर खतरों व बचाव पर जागरूकता के लिए जिलाधीश कार्यालय के बचत भवन में एक कार्यशाला की अध्यक्षता करती एडीसी।

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

बढ़ते साइबर खतरों व बचाव पर जागरूकता के लिए जिलाधीश कार्यालय के बचत भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एडीसी डॉ. निधि पटेल ने की, कार्यशाला में जिला स्तर के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं तकनीकी सहायक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

एडीसी ने इंटरनेट के बढ़तें प्रयोग के परिप्रेक्षय में साइबर सुरक्षा के महत्व और बढ़ते साइबर खतरों व बचाव पर चर्चा की व सरकारी कार्यालयों में साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता के महत्व और डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए सरकार की पहल पर भी जोर दिया।

कार्यशाला में राकेश कुमार अतिरिक्त निदेशक आईटी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) बिलासपुर ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं और वर्तमान परिदृश्य में इसकी आवश्यकता पर जागरूकता के लिए एक प्रस्तुति प्रस्तुत की। उन्होंने प्रदेश व देश में साइबर हमले के कुछ उदाहरण भी दिए और अधिकारियों को साइबर दुनिया में मौजूद प्रमुख प्रकार के साइबर खतरों, जैसे कि फिशिंग, विशिंग, बैंकिंग एवं ओटीपी फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। सरकारी कार्यों के लिए सरकारी ई-मेल आईडी का ही प्रयोग करने बारे और अपने कंप्यूटर, लैपटॉप व मोबाइल उपकरणों के सॉफ्टवेर को हमेशा अपडेट रखने पर भी जोर दिया।

इस कार्यशाला में जिला बिलासपुर के विभिन्न सरकारी विभागों के विभागाध्यक्ष, जिनमें डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान, उपनिदेशक उद्यान माला शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे।

डंगार चौक की सरकार नहीं ले रही सुध

जगदीश सेठी, डंगार चौक

घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाले डंगार चौक जो कि लगभग 10 पंचायतों का केंद्र बिंदु है मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

घुमारवीं उपमंडल के डंगार चौक में आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी व भाजपा दोनों ही पार्टियों के कई मंत्री और विधायक रहे, लेकिन डंगार चौक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। किसी भी मंत्री व विधायक ने डंगार चौक के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाऐ। लिहाजा डंगार चौक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। 1995 में खुला पोस्ट ऑफिस आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है और किराए के कमरे में चल रहा है। डींगर पंचायत 10 पंचायत का केंद्र बिंदु होने के कारण न जाने कितनी महिलाएं पोस्ट ऑफिस की एजेंट हैं, उनको पैसे जमा करवाने के लिए डंगार चौक से दधोल पांच किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे उनका धन भी बर्बाद होता है और समय की भी बर्बादी होती है। लगभग 1970 के आसपास खुला स्वास्थ्य केंद्र आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। लगभग 1970 के आसपास बना यह स्वास्थ्य केंद्र वैसे का वैसा ही है किसी भी सरकार ने इसको अपग्रेड करने की कोशिश नहीं की। लगभग 1995 में खुला पशु चिकित्सालय एक कमरे में खुला है और उसकी छत भी बरसात के दिनों में टपकती है, वहीं पर डॉक्टर भी बैठता है और एक साइड में दवाइयां स्टोर की हुई हैं, इसको भी न ही पशु चिकित्सालय विभाग, मंत्री और सरकार ने इसको अपग्रेड करने की सोची, जबकि बरसात के दिनों में इसकी छत भी टपकती है और डॉक्टर को भी बैठने की मुश्किल होती है। (अनंत ज्ञान)

पोस्ट ऑफिस।

पशु चिकित्सालय।

कॉलेज को दोबारा सरकार अपने अधीन ले

1981 में श्री सरस्वती संस्कृत डिग्री कॉलेज को खोला गया था, तो इस संस्कृत कॉलेज को डॉक्टर दीनानाथ शर्मा रिटायर्ड प्रिंसिपल ने अपनी सरकारी नौकरी की कुर्बानी देकर इस क्षेत्र का नाम ऊंचा करने के लिए इस कॉलेज को खोला था, लेकिन सरकार ने गत वर्ष इस कॉलेज को अपने अधीन ले लिया, लेकिन प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसको डिमोशन कर दिया क्या कारण रहे किसी को नहीं पता। क्षेत्र की जनता इस से खफा है। क्षेत्र के लोग अमर सिंह, अलबेला सिंह, बलदेव सिंह, कृष्ण चंद, प्रेम लाल, दीप सिंह पटेल, उपप्रधान डंगार व कई अन्य प्रधानों ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से अपील की है कि इस कॉलेज को फिर दोबारा सरकार अपने अधीन ले।

पंजीकरण और नवीनीकरण को रोका जा रहा

घुमारवीं। मजदूरों की मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति सीटू, इंटक, बीएमएस, एटक, एसकेएस और टीयूसीसी बिलासपुर में हल्ला बोलेंगे।

मजदूर संगठनों ने आरोप लगाया कि प्रदेश श्रम एवं रोजगार विभाग के सचिव की ओर से साल 2023 में जारी अधिसूचना मजदूरों के खिलाफ है। इंटक के जिला अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रम कल्याण बोर्ड के गैर कानूनी रवैये के कारण मजदूर दुखी हैं, पिछले दो साल से मजदूरों की वित्तीय सुविधाओं को रोका गया है। मजदूरों के पंजीकरण और नवीनीकरण को बार-बार रोका जा रहा है। वहीं, इंटक के पदाधिकारी चैन सिंह सुमन ने कहा कि यूनियन मजदूरों का शोषण कतई सहन नहीं करेगी। आज लक्ष्मी नारायण मंदिर बिलासपुर में सैकड़ों की संख्या में निर्माण और मनरेगा मजदूर इकट्ठे होकर रैली निकालेंगे। उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे।

तिलक राज जालंधर ग्रामीण लोकसभा सीट के जिला समन्वयक

बिलासपुर। तिलक राज शर्मा पूर्व विधायक सदर बिलासपुर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से लोकसभा चुनावों के लिए जालंधर ग्रामीण लोकसभा सीट का जिला का समन्वयक नियुक्त किया गया है, जिसके अधीन करतारपुर, नकोदर, शाहकोट, फिलौर और आदमपुर विधानसभा क्षेत्र होंगे।

इनकी नियुक्ति से जहां कांग्रेस पार्टी में एक तरफ पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा का कद पार्टी में बढ़ा है, वहीं पर उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी आलाकमान का आभार व्यक्त किया है। आने वाले लोकसभा चुनावों में पंजाब में पूरी मेहनत से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। तिलक राज शर्मा ने उनकी इस नियुक्ति के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की पूर्वाध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश में मुख्यमंत्री सूक्खू, अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अनुराग शर्मा का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

भूमि और मकान को खाली करने के निर्देश दिए : गर्ग

एसडीएम भानुपल्ली-बिलासपुर बैरी रेलवे निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण करते हुए।

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

एसडीएम (नागरिक) सदर व भू-अर्जन अधिकारी (रेलवे) बिलासपुर, अभिषेक गर्ग ने भानुपल्ली-बिलासपुर बैरी रेलवे निर्माण हेतु अर्जित भूमि की धरोट क्षेत्र में समीक्षा की।

गांव नीला में जो रेल लाइन का कार्य रुका हुआ है, उसका निरीक्षण करने के उपरांत संबंधित व्यक्तियों से भूमि और मकान जो अर्जित किए जा चुके हैं उन्हें खाली करने के निर्देश दिए तथा रेलवे विकास निगम लिमिटेड व संबंधित कंपनी को उस स्थान पर सुचारु रूप से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान गांव लखनू से जो धरोट रेलवे स्टेशन हेतु संपर्क मार्ग का निर्माण होना है। उस बारे रेलवे विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क की लंबाई लगभग 500 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर होगी। इस सड़क के निर्माण हेतु गांव लखनु 12 बिस्वा निजी भूमि है, जिसे अधिग्रहण करने का निर्णय लिया गया है और शेष भूमि सरकारी है। इस दौरान धरोट रेलवे स्टेशन के कार्य के स्थल का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान रेलवे विकास निगम लिमिटेड के स्थल अभियतां संजीव, एसपी सिंगला कंपनी के परियोजना प्रबंधक, रेलवे विकास निगम लिमिटेड के पीएमसी मौजूद रहे। इस सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ काम कर रहे कामगारों की सुरक्षा का भी पूर्ण ध्यान रखा जाए।

हिमाचल प्रदेश में अराजकता का माहौल : जम्वाल

बिलासपुर। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। लोगों के हितों को नजरअंदाज करते हुए हर मामले में मनमानी की जा रही है।

सदर विधानसभा क्षेत्र की नोग पंचायत में रेलवे प्रोजेक्ट के तहत भूमि का अधिग्रहण किए और लोगों को मुआवजा दिए बगैर ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसी तरह लोगों के विरोध को अनदेखा करते हुए बिलासपुर और सोलन की सीमा पर अलीखड्ड से पेयजल योजना का निर्माण पुलिस के पहरे में जबरदस्ती किया जा रहा है। बेहतर होगा कि सरकार अपनी कार्यप्रणाली सुधारे। इससे पुलिस भी अपनी वास्तविक ड्यूटी सही ढंग से कर सकेगी। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा लगाकर सत्ता में आई कांग्रेस के 14 माह के कार्यकाल में हर मामले में व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। कानून व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है।

सरकार जनता की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प

दधोल व डंगार पंचायत में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पहुंचने पर राजेश धर्माणी का स्वागत करते लोग।

अनंत ज्ञान, डंगार

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार गांव द्वार कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर में किया गया।

यह कार्यक्रम घुमारवीं उपमंडल के तहत दधोल व डंगार पंचायत में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। वहीं, राजेश धर्माणी ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान जहां प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पंचायत स्तर पर स्थानीय ग्रामीणों को दी जाती है तो साथ ही उनकी समस्याओं व शिकायतों का निवारण भी उनके घर द्वार पर किया जाता है। सरकार गांवों के द्वार कार्यक्रम में प्राप्त समस्याओं का समाधान करने में आधिकारी उदार रवैया अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई करें। स्थानीय लोग विभिन्न विभागों के तहत चल रही योजनाओं का लाभ उठाएं, जिससे प्रति व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाई जा सके। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र की जनता की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है, जिसके लिए विभिन्न योजनाएं सरकार की ओर से आरंभ की गई हं, जिसका लाभ हम सबको उठाने के लिए आगे आना चाहिए।

इस अवसर पर दधोल कला की पंचायत प्रधान कंचन, डंगार पंचायत प्रधान अनीता धीमन, बीडीसी मेंबर सुनीता कुमारी, उपप्रधान दीप सिंह, मेंबर अजीत सिंह, कांग्रेस कमेटी के प्रधान जगदीश तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

होमगार्ड के साथ हाथापाई करने पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बिलासपुर। बस अड्डा बिलासपुर के पास हुए हादसे के बाद जिन लोगों ने बस के शीशे तोड़े और होमगार्ड जवान के साथ हाथापाई की, उनके खिलाफ पुलिस ने दो मामले दर्ज किए हैं। दोनों मामलों में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जा रही

बस अड्डा के पास बीते बुधवार सुबह एचआरटीसी बस की चपेट में आने से 23 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद वहां पर युवक के परिजन और स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने बस चालक पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद होमगार्ड जवान ने चालक का बचाव किया, तो लोगों ने उसके साथ भी हाथापाई की साथ ही लोगों ने बस के शीशे तोड़ दिए। स्थिति खराब होता देखकर एएसपी शिव चौधरी स्वयं मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। इसके बाद शीशे तोड़ने, चालक और होमगार्ड जवान के साथ हाथापाई करने पर मामले दर्ज किए गए। इसमें आरुष कल्याण, बॉनी, टॉनी, आशीष और अनिल सहित अन्य लोगों पर मामले दर्ज किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शिव चौधरी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जा रही थी, इसके बावजूद कानून का उल्लंघन करना निंदनीय है। ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

परेशानी झंडूता क्षेत्र के लोगों को चंडीगढ़ जाने के लिए अब काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

दो माह से झंडूता-चंडीगढ़ बस सेवा बंद, लोग परेशान

गोपाल कपिल, झंडूता

झंडूता क्षेत्र के लोगों को चंडीगढ़ जाने के लिए अब काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हालात ऐसे हो गए हैं कि एचआरटीसी की ओर से सुबह करीब चार बजे झंडूता से चंडीगढ़ के लिए जाने वाली बस सुविधा को बंद कर दिया गया है। वहीं, हैरान करने की बात यह है कि निगम की ओर से इस रूट को बंद करने की जानकारी लोगों को मुहैया नहीं करवाई गई है। कई बार लोग सुबह चार बजे बस स्टैंड झंडूता में आकर बस का इंतजार करते हैं, परंतु उनको उस समय यह जानकारी मिलती है कि यह बस सुविधा बंद हो गई है।

फाइल फोटो।

लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि इस बस सुविधा से झंडूता के लोगों को काफी लाभ मिल रहा था। कई लोग अपना इलाज करवाने के लिए पीजीआई चंडीगढ़ इस बस में ही जाते थे, लेकिन अब यह बस बंद होने से लोगों को पहले बिलासपुर बस अड्डा आना पड़ता है, उसके बाद उनको चंडीगढ़ के लिए अगली बस लेनी पड़ती है।

स्थानीय लोगों में रमेश चंद्र, ताजदीन, राज कुमार, रामपाल, सलोकम चंद, मनोहर लाल, करतार सिंह व अन्य लोगों ने मांग उठाई है कि इस बस सुविधा को फिर से शुरू किया जाए क्योंकि इस बस सुविधा के बंद होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि यह बस सुविधा काफी लंबे समय से चलती आ रही थी, परंतु दो माह से बंद इस बस सुविधा के चलते लोगों में अब काफी रोष है। उन्होंने एचआरटीसी प्रशासन से मांग की है कि इस बस को जल्द शुरू किया जाए। (अनंत ज्ञान)

निगम को कई बार हुआ घाटा : विवेक

उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर आरएम विवेक लखनपाल से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कई बार इस बस सुविधा में सवारियां कम होती थी, जिसके चलते निगम को कई बार घाटा भी पड़ा है। अगर लोगों की फिर से डिमांड है, तो इस बस सुविधा को जल्द शुरू कर दिया जाएगा। लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए एचआरटीसी प्रशासन दिन-रात कार्यरत है।

बरमाणा स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर यज्ञ का किया आयोजन

चारों तरफ 'ओम ही ओम' के लहराए झंडे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

डीएवी सीसे स्कूल बरमाणा में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती पर 200 कुंडीय यज्ञ का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में समूची पाठशाला केसरी रंग में रंगी हुई दिखाई दी। चारों तरफ ओम ही ओम के झंडे लहरा रहे थे और वेद मंत्रों की ध्वनि सारी तरफ गुंजायमान हुई।

200 कुंडीय यज्ञ हवन से बरमाणा स्कूल परिसर का वातावरण भी शुद्ध हुआ। इस यज्ञ में प्रमुख भूमिका प्रदेश के आर्यवीर दल की ब्रह्मा बहन हेमा और आर्यवीर दल संचालक श्रवण आर्य उपस्थित रहे। दल की उपप्रधान भावना शर्मा और मंत्री प्रभात आनंद सुंदरनगर ने भी अपनी उपस्थिति दी। हवन में मुख्य यजमान की भूमिका मंडी जिले के क्षेत्रीय निदेशक कुलदीप गुलेरिया और एसीसी लेडीज क्लब की हैड मीनल वशिष्ठ, पीटीए प्रेजिडेंट ज्योति शर्मा ने शिरकत की। अभिभावक शिक्षक संघ के सदस्यों ने भी इस यज्ञ में अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। पाठशाला के स्टूडेंट्स ने बड़ी तन्मयता से इस आयोजन में भाग लिया। पाठशाला के प्रधानाचार्य सुनील गांगटा ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और पाठशाला में इस विशाल यज्ञ के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

बरमाणा स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर मौजूद अध्यापक व अन्य।

न्यूज ब्रीफ

दो दिन घनारी में सेवाएं देंगे तहसील कल्याण अधिकारी

गगरेट। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब तहसील वेलफेयर अफसर सप्ताह में दो दिन तहसील कार्यालय घनारी में सेवाएं देंगे। सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन या फिर वेलफेयर कार्यालय के माध्यम से चलने वाली योजनाओं की जानकारी अब घनारी में हासिल की जा सकेगी। शुक्रवार को विधायक चैतन्य शर्मा की मौजूदगी में तहसील वेलफेयर अफसर यहां सेवाएं देना शुरू करेंगे। बेशक उपमंडल गगरेट अलग से अस्तित्व में आ चुका है, लेकिन अभी भी कई कार्यालय ऐसे हैं, जो उपमंडल अंब के अधीन ही चल रहे हैं। सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के साथ लोगों को सामाजिक सुरक्षा का चक्र प्रदान करने वाला तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय भी अभी तक अंब से ही संचालित हो रहा है।

अतिक्रमण के खिलाफ सड़कों पर उतरा प्रशासन

गगरेट। गगरेट कस्बे की सड़कों को अतिक्रमण के चंगुल से मुक्त करवाने के लिए एसडीएम शशि पाल शर्मा के आदेश पर प्रशासनिक अमले ने कमर कस ली है। वीरवार को सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करवाने के लिए गठित टीम गगरेट कस्बे की सड़कों पर उतर आई और दुकानदारों द्वारा सड़कों तक फैला कर रखे गए सामान को दुकानों से अंदर करवाया। टीम ने मनाई से दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया है कि सोमवार तक दुकानदार दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण के साथ दुकानों के छज्जे खुद समेट लें, अन्यथा प्रशासन स्वयं अतिक्रमण को हटाएगा और सड़क या नाली पर फैलाकर रखा गया सामान भी जब्त किया जाएगा। नगर पंचायत गगरेट के कनिष्ठ अभियंता राजीव ठाकुर का कहना है कि एसडीएम शशि पाल शर्मा के निर्देश पर गठित टीम ने वीरवार को गगरेट कस्बे का निरीक्षण किया है और सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों को विशेष हिदायत दी है। सोमवार को अब अतिक्रमणकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

युवक पर अश्लील हरकतें करने का मामला दर्ज

गगरेट। उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव की एक विवाहिता ने गांव के ही एक युवक पर उसके साथ अश्लील हरकतें करने के चलते गगरेट पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया है। गगरेट पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। टटेहड़ा गांव की विवाहिता का आरोप है कि उसी के गांव का जसविंदर सिंह पहले भी उसके साथ अश्लील हरकतें कर चुका है, जिसके चलते उक्त मामला न्यायालय तक भी पहुंचा था, लेकिन उस समय कुछ लोगों द्वारा बीच बचाव करने पर उन्होंने जसविंदर के हक में ही बयान दे डाले। गत दिवस वह अपने पति के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में भाग लेने गई थी। वहां भी जसविंदर सिंह गलत नियत के साथ उसके साथ ताक-झांक करता रहा। जब वह अपने पति के साथ वापस घर आने लगी तो रास्ते में जसविंदर सिंह ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसके चिल्लाने पर उसके पति ने उसे उसके चंगुल से छुड़ाया। इस पर वह उसके पति के साथ झगड़ा करने लगा और जान से मार डालने की धमकियां देकर वहां से भाग गया। विवाहिता का कहना है कि जसविंदर उसके व उसके पति को कभी भी नुकसान पहुंचा सकता है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता में रितिका प्रथम

अंब। राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा प्रदेश भर में मनाई जा रहे एक महीने के रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन पर चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रामकुमार नेगी, प्रो. सगुन डोगरा, प्रोफेसर नवीन शर्मा ने जज की भूमिका निभाई। इसमें प्रथम स्थान रितिका धीमान, दूसरा स्थान संजना व तीसरा स्थान रिधम को चुना गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य कविता कौशल ने विजेता रहे प्रतिभागियों को शुभकामनाओं के साथ संदेश देते हुए कहा कि विश्व में यातायात के साधनों में हुई क्रांति ने जीवन सुलभ तो बनाया, परंतु इसके साथ जुड़े हुए खतरे बहुमूल्य जीवन भी ले सकते हैं। अतः उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सड़क पर चलते हुए या वाहन चलाते हुए यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें। महाविद्यालय के ईको क्लब, ऊर्जा क्लब, एनएसएस इकाई रेड रिबन, आपदा और रेड क्रॉस के स्पोर्ट्स क्लब सदस्यों ने भी इसमें हिस्सा लिया।

सात दिवसीय एनएसएस यूनिट का समापन

बंगाणा। विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से एनएसएस की स्थापना हुई, जिसका कार्य साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता करना होता है। विधायक भुट्टो बंगाणा डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। भुट्टो ने कहा कि सभी देशों के निर्माण में यहां के युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होता है। आज हमारे देश में करीब 65 फीसदी जनसंख्या युवा है, जिनके कंधों पर ही देश की जिम्मेदारी है और ये युवा देश के विकास में अपनी भूमिका निभा भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश निर्माण में युवाओं की भूमिका बढ़ाने और उन्हें देश के साथ जोड़ने का सबसे पहला प्रयास महात्मा गांधी ने आजादी के पहले ही शुरू कर दिया था। आजादी के समय गांधी ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ने पर विशेष बल दिया था।

भाजपा नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया

ऊना। पूर्व कर्मचारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हरिओम भनोट के निधन पर बुधवार को राजनेता, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर चौधरी, विधायक देवेंद्र भुट्टो, पूर्व विधायक ओपी रत्न, भाजपा की राज्य अध्यक्ष रश्मिधर सूद, इंदुस विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. संजय कुमार बहल, जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष बलबीर बग्गा, ऊना जनहित मोर्चा के सलाहकार भाग सिंह अटवाल, मास्टर चमन लाल चौधरी, भाजपा राज्य सचिव सुमीत शर्मा, जिला महामंत्री राजकुमार पठानिया, श्याम सिंह मिन्हास, भाजपा महिला मोर्चा की सोशल मीडिया प्रभारी प्रतिभा बाली, राज्य उपाध्यक्ष मीनाक्षी राणा, पार्षद रचना शर्मा, कमलेश मेहता, भाजपा नेत्री संजना चौहान, कल्पना शर्मा, पूर्व कर्मचारी नेता केसी वर्मा, शेष मोहन दिलावर, संतोष सिंह, जिप उपाध्यक्ष केपी शर्मा, जिप सदस्य सुशील कालिया, शिव सहोड़, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा देवी, देसराज मोदगिल, सीएमओ डॉ. एसके वर्मा, रेडक्रॉस के संरक्षक सुरिंदर ठाकुर, फायर ब्रिगेड यूनियन के जिला प्रधान मुकेश जसवाल आदि ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर स्व. हरिओम भनोट को श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बधाया।

भगवान का अवतार मानव जीवन को उचित दिशा देना : शास्त्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

बाबा बाल जी आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास भागवत भास्कर श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज ने मंगलाचरण के साथ महाभारत के विस्तार से विवेचना की। महाभारत के एक प्रमुख संवाद के माध्यम से

भगवान के दर्शन की विधा को समझाया। शास्त्री जी ने कहा कि भगवान का अवतार राक्षसों को मारने के लिए नहीं, बल्कि मनुष्यों को उपदेश प्रदान करने के लिए होता है। उन्होंने कहा भगवान को भाव चाहिए भक्ति चाहिए। पांच वर्ष की अवस्था में भक्त ध्रुव के द्वारा भगवान को प्राप्त करते हैं।

हिमोत्कर्ष परिषद ने बाबा बाल जी और शास्त्री को किया सम्मानित

ऊना। हिमोत्कर्ष परिषद ने वीरवार को धार्मिक समागम के दौरान राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज व कथावयास श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री को सम्मानित किया। हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, प्रदेश महासचिव डॉ. रविंद्र सूद व नरेश सैणी, जिला परिषद उपाध्यक्ष व हिमोत्कर्ष प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णपाल शर्मा, अशोक ऐरी, जिलाध्यक्ष कर्णपाल मनकोटिया, मंजू मनकोटिया, रमा कंवर, राजन पुरी, मुनिंद्र अरोड़ा, संदीप शर्मा व अन्य ने आश्रम में चल रहे धार्मिक आयोजन में शिरकत की।

उपमुख्यमंत्री ने पंजावर में किया मियां हीरा सिंह सहकारी प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास

डिप्टी सीएम ने किए 21 करोड़ के शिलान्यास और लोकार्पण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत लगभग 21 करोड़ रुपए के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण किए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरोली विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसे प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा रही है, जिसकी अलख पंजावर गांव से जली और उसका प्रकाश पूरे देश में फैला। उपमुख्यमंत्री ने यह बात वीरवार को पंजावर में सहकारिता के जन्मदाता मियां हीरा सिंह सहकारी प्रशिक्षण संस्थान व सामुदायिक केंद्र की आधारशिला रखने के उपरांत कही।

उन्होंने कहा कि 132 वर्षों के उपरांत सहकारिता आंदोलन के जन्मदाता मियां हीरा सिंह जी को याद कर रहे है, जिन्होंने पूरे देश सहकारिता की नींव रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गुजरात व महाराष्ट्र राज्यों में सहकारी सोसायटियां बड़े स्तर पर कार्य कर रही हैं। इन राज्यों में सहकारिता को नंबर एक विभाग माना जाता है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन पंजावर से आरंभ हुआ और पूरे में फैला, लेकिन 1904 में तमिलनाडु में पहली सहकारी सोसायटी पंजीकृत हुई थी और वहां के लोगों का मानना है सहाकारिता की शुरूआत यहां से ही हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सही अर्थ में सहकारिता की शुरूआत हरोली के पंजावर गांव से हुई है। उन्होंने कहा कि पंजावर में मियां हीरा सिंह सहकारी प्रशिक्षण संस्थान व सामुदायिक केंद्र की आज बुनियाद रखी गई है, जो कि आगे चलकर मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस सहकारी संस्थान को भूमिदान देने के लिए लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने पंजावर के लोगों को आश्वस्त किया कि इस सहकारी संपत्ति को अपनी सुविधा अनुसार प्रयोग कर सकेंगे। इसके अलावा बाबा बाल पुरी मंदिर और आम लोग इसे अपनी सुविधा अनुसार इस्तेमाल

पंजावर में सहकारिता के जन्मदाता मियां हीरां सिंह सहकारी प्रशिक्षण संस्थान व सामुदायिक केंद्र की आधारशिला रखते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

इन विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास

उपमुख्यमंत्री ने लगभग एक करोड़ की लागत से लोअर पंडोगा के वार्ड नं सात में मोहल्ला टालियां के लिए बनने वाली घरेलू जल निकासी प्रणाली, 6.16 करोड़ की लागत से खड्ड गांव में हरिजन बस्ती की सुरक्षा के लिए बाढ़ नियंत्रण कार्य, 60 लाख से खड्ड के मोहल्ला चक्क के लिए बनने वाले सिंचाई ट्यूबवैल, लगभग पांच करोड़ की लागत से पंजावर में बाबा बाल पुरी मंदिर के समीप बनने वाले मियां हीरा सिंह स्टेट कॉपरेटिव टेऊनिंग सेंटर व सामुदायिक केंद्र, हीरां पंचायत के थड़ा में 60 लाख की लागत से बनने वाले सिंचाई ट्यूबवैल बलियाल, 3.50 करोड़ की लागत लालूवाल से गोंदपुर जयचंद रोड के अपग्रेडेशन कार्य व 3.50 करोड़ की लागत से टाहलीवाल से बाथड़ी रोड के अपग्रेडेशन कार्य का भूमिपूजन तथा 25 लाख रुपए की लागत से दुलैहड़ पंचायत में नव निर्मित राजीव सेवा केंद्र का लोकार्पण किया।

ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर निदेशक हिमको फेड दौलतराम, रघुबीर सिंह पठानिया, संतोष शर्मा, मेंबर सचिव गौरव जरियाल, डिप्टी रजिस्ट्रार गौरव चैहान, प्रदेश सचिव अशोक ठाकुर, ओबीसी सेल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, लीगल सेल के अध्यक्ष वीरेंद्र मनकोटिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, ब्लॉक एससी सेल के अध्यक्ष जसपाल जस्सा, राम प्रसाद, ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष सुमन ठाकुर, पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया, प्रधान मेहताब ठाकुर, मुक्ता देवी, चौधरी धर्म सिंह, सहायक पंजीकार राकेश कुमार, मियां हीरा सिंह के प्रपोत्र विशाल ठाकुर उपस्थित रहे।

सुक्खू सरकार की डी नोटिफिकेशन से जनता को बड़ी असुविधा : कंवर

अनंत ज्ञान, बंगाणा

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री और वर्तमान में राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जिस प्रकार से हिमाचल सरकार ने प्रदेश में संस्थाओं को डी नोटिफाई किया, उससे हिमाचल प्रदेश के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 1000 से अधिक संस्थान खोले थे, जिससे जनता को घर द्वार सरकारी सुविधा उपलब्ध हो रही थी। बच्चों को शिक्षा और गांववासियों को सुविधा का उपहार प्राप्त हो रहा था, पर कांग्रेस की वर्तमान सरकार को यह हजम नहीं हुआ और उन्होंने बदले की भावना से इन संस्थाओं को बंद कर दिया। ऐसी पहली सरकार आई है, जिसे अपनी जनता के बारे में सोचे बिना निर्णय ले लिया। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह भी कहते थे कि अगर एक बच्चे को भी शिक्षा देनी पड़े तो गांव द्वारा जाकर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने जन मंच कार्यक्रम चलाया था, जिससे गांव क्या घर द्वार जाकर समस्याओं की पूर्ण जानकारी सरकार को मिलती थी और उसके ऊपर काम कर सरकार जनता को बड़ी राहत पहुंचती थी। पर वर्तमान सरकार ने जन मंच के कार्यक्रम को बंद कर दिए और उसका एक कार्बन कॉपी कार्यक्रम सरकार गांव द्वारा चलने का प्रयास किया पर न सरकार गांव पहुंची, न वह कार्यक्रम धरातल पर उतरा केवल मात्र सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए कांग्रेस की सरकार ने इसे प्रकार के कार्यक्रम चलाए, पर जनता को सुविधा नहीं दे पाए।

अनुराग ठाकुर की लोकप्रियता के डर से चुनावी रण से भाग रहे कांग्रेस नेता : राजेंद्र मलांगड़

बंगाणा। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस पार्टी और सुक्खू सरकार में हलचल मची हुई है और हर कोई कांग्रेस पार्टी का बड़ा चेहरा लोकसभा में मिलने वाली हार से डरकर चुनाव लड़ने से भाग रहा है, क्योंकि कांग्रेस नेताओं को पता है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में हमीरपुर लोकसभा से अनुराग सिंह ठाकुर बढ़ी बढ़त से लगातार पांचवीं बार जीतकर इतिहास बनाने वाले है। ये शब्द पूर्व मिल्क फेड निदेशक राजेंद्र मलांगड़ ने कहे। राजेंद्र ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की बदौलत हमीरपुर लोकसभा को एक अलग पहचान मिली है। अनुराग सिंह ठाकुर के आशीर्वाद से हमीरपुर लोकसभा में कई बड़ी योजनाएं धरातल पर भी उतरी है। आज अनुराग हमीरपुर लोकसभा के सबसे लोकप्रिय नेता बन चुके है।

रॉयल बार के सर्वेंट क्वार्टर में आग लगने से दो लाख का नुकसान

गगरेट। गगरेट कस्बे की एक मधुशाला में लगी आग से बड़ा हादसा होते बाल-बाल टल गया। कस्बे के ऊना रोड पर स्थित रॉयल बार के सर्वेंट क्वार्टर में जिस पर आग लगने की घटना हुई उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। इस अग्निकांड में करीब दो लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

उपायुक्त ने नेस्ले व लोविन केयर कॉस्मैटिक का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को नेस्ले इंडिया लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नेस्ले कंपनी में सुरक्षा मानकों की जांच की और जांच में सभी सुरक्षा उपकरण मानकों के अनुसार सही पाए गए।

इसके उपरांत उन्होंने लोविन केयर कॉस्मैटिक प्राइवेट लिमिटेड बाथू का भी दौरा किया और फायर नियंत्रण संबंधित उपकरणों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि इस कंपनी का दोबारा निरीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस कंपनी में एलपीजी और अल्कोहल जैसी ज्वलनशील पदार्थों को प्रयोग किया जाता, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से फायर नियंत्रण उपकरण बेहद जरूरी है, जिसके लिए कंपनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि कंपनी का सुरक्षा की दृष्टि से दोबारा निरीक्षण किया जाएगा।

चर्चा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में विधायक चैतन्य शर्मा ने स्कूल प्रिंसिपलों के साथ की बैठक

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हम सब का दायित्व

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में विधायक चैतन्य शर्मा का पहुंचने पर स्कूल स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में गत दिवस विधायक चैतन्य शर्मा की अध्यक्षता में गगरेट विधानसभा के विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और मुख्याध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमे शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा और शिक्षा से संबंधित अन्य कई पहलुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल के प्रिंसिपल दिलबाग राणा, गोंदपुर बनेहड़ा के प्रिंसिपल राजेश कुमार शर्मा, भद्रकाली के प्रिंसिपल सतपाल विशिष्ट, ललित कुमार एवं दौलतपुर, मुबारिकपुर, कुनैरन, कड़ड़ और काफी स्कूलों के प्रिंसिपल उपस्थित थे। विधायक चैतन्य शर्मा ने बैठक के माध्यम से स्कूल में शैक्षणिक व्यवस्था को सशक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हम सब का दायित्व है।

विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल एवं मुख्याध्यापकों के साथ बैठक करते विधायक चैतन्य।

गुरुजनों के सम्मान को नहीं भूले विधायक

गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में गगरेट के स्कूल मुखियाओं की बैठक विधायक चैतन्य शर्मा ने ली, जिसमें काफी स्कूलों के प्रिंसिपल हेडमास्टर उपस्थित थे। विधायक बैठक में स्कूल प्रिंसिपल की चेयर पर नहीं बैठे, बल्कि उस स्कूल के प्रिंसिपल को अपने साथ बिठाकर बैठक आयोजित की। इसे अच्छे संस्कार व गुरुजनों का सम्मान कहा जा सकता है। अमूमन यहीं देखा गया है कि कोई भी नेता या बड़ा अधिकारी आता है, तो वह स्थानीय मुखिया की चेयर पर बैठने से गुरेज बिल्कुल नहीं करता है, लेकिन गगरेट के युवा विधायक चैतन्य शर्मा अनुकरणीय सोच का परिचय दिया है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं राहुल रीहल पुत्र दर्शन सिंह गांव व डाकघर कुठियाड़ी तहसील अंब, जिला ऊना हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल रीहल रख लिया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

न्यूज ब्रीफ

मनाली की सानिया ने खेलो इंडिया में आइस स्केटिंग में जीते दो कांस्य पदक

सानिया ठाकुर का स्वागत करते अमिताभ शर्मा।

मनाली। लद्दाख में आयोजित खेलो इंडिया में मनाली के पलचान की सानिया ठाकुर ने आइस स्केटिंग वर्ग में दो कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिला का नाम रोशन किया है। वीरवार को सानिया के घर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। आइस स्केटिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि एसोसिएशन ने उनके घर पहुंचने पर सम्मानित किया और बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई दी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी सानिया को बधाई व भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी सदस्य एवं आइस स्केटिंग एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने खेलो इंडिया में प्रदेश का नाम रोशन करने पर बधाई दी। अमिताभ ने बताया कि दूसरा चरण 21-25 फरवरी तक गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर में आयोजित किया जाएगा।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं

मुंबई। भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को 2-6, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से 3-6, 6-7 से हार गई।

एफआईएच प्रो लीग

अमेरिका के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम वापसी के लिए लगाएगी जोर

भुवनेश्वर। भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 सत्र में लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को यहां जब अमेरिका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद से सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है। एफआईएच प्रो लीग के इस सत्र में भारतीय टीम को चीन ने 1-2, नीदरलैंड ने 1-3 और फिर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम की लगातार हार पर सविता ने कहा कि शुरुआती मैचों में हमें कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन संघर्ष करने वाली टीम है। प्रत्येक हार ने टीम को सीखने, परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और मजबूत होकर वापसी करने के दृढ़ संकल्प को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के खिलाफ आगामी मुकाबला हमारी वास्तविक क्षमता को दिखाने और टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने का एक मौका है।

भारत के शीर्ष खिलाड़ी घोषाल ने स्कूलों में स्क्वॉश को शुरू करने की वकालत की

गुरुग्राम। भारत के शीर्ष खिलाड़ी सौरव घोषाल ने स्क्वॉश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए इसे स्कूलों में शुरू करने के साथ ही देश के कोचों के प्रशिक्षण के लिए विदेशी विशेषज्ञों की मदद लेने की मांग की। घोषाल ने आगामी दिल्ली मैराथन की जर्सी अनावरण समारोह के दौरान कहा कि स्क्वॉश को स्कूलों में पेश किया जाना चाहिए, इससे कम समय में अच्छे परिणाम मिलेंगे। स्कूलों में स्क्वाश के होने से बच्चे इस खेल से जुड़ेंगे, उनके माता-पिता इसमें शामिल होंगे। इससे स्क्वाश के लिए एक विशाल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा। राष्ट्रमंडल खेलों में एकल पदक जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी 37 वर्षीय घोषाल ने कहा कि जब उन्होंने शुरुआत की थी तब की तुलना में आज खेल का स्तर काफी स्तर ऊंचा है और भारत विश्व मंच पर बहुत प्रतिस्पर्धी है।

हीरो महिला प्रो गोल्फ टूअर में स्नेहा को दूसरे दौर के बाद पांच शॉट की बढ़त

विशाखापत्तनम। स्नेहा सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हीरो महिला प्रो गोल्फ टूअर के चौथे चरण के दूसरे दौर में वीरवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और इस तरह से उन्होंने अपनी करीबी प्रतिद्वंदी हिताशी बख्शी पर पांच शॉट की बढ़त बना ली है। पिछले सत्र में हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की विजेता स्नेहा ने अंतिम नौ होल में लगातार तीन बर्डी बनाई और इस तरह से शुरू में की गई दो बोगी से उबरने में सफल रही। स्नेहा (70-69) का कुल स्कोर पांच अंडर 139 पर हैं और वह हिताशी बख्शी (72-72) से पांच शॉट आगे हैं।

नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड पर्यटन ने किया सम्मानित

एजेंसी, लुसाने

भारत के ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के जंगफ्राउजोक में मशहूर 'आइस पैलेस' में पट्टिका लगाकर सम्मानित किया गया, जहां कई और स्टार खिलाड़ियों की पट्टिकाएं लगी हुई हैं। चोपड़ा की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए स्विट्जरलैंड पर्यटन ने एक बयान में कहा कि जंगफ्राउजोक ने स्मारक पट्टिका का अनावरण करने के लिए इस एथलीट का स्वागत किया। जंगफ्राउजोक को 'यूरोप का शिखर' कहा जाता है। चोपड़ा ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अपना एक भाला भी दिया और इसे पट्टिका के साथ ही रखा गया है। इस तरह वह रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए जिनकी भी 'आइस पैलेस' में ऐसी स्मारक पट्टिकाएं हैं।

जंगफ्राऊ के आइस पैलेस में लगाई विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी की पट्टिका

मैं बहुत खुश हूं जैसे मैं यूरोप के शिखर पर खड़ा हूं : नीरज

नीरज चोपड़ा ने पट्टिका के अनावरण पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस देश में मुझे जो प्यार और सराहना मिली है, उससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने सपने में इस शानदार 'आइस पैलेस' में पट्टिका लगाए जाने के बारे में भी नहीं सोचा था, फिर भी मैं यहां हूं। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं जैसे मैं यूरोप के शिखर पर खड़ा हूं। चोपड़ा ने अपने भाला फेंकने के कौशल का प्रदर्शन करके 'आइस पैलेस' में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चोपड़ा ने इससे पहले स्विट्जरलैंड में ओलंपिक संग्रहालय को एक भाला उपहार में दिया था।

बुमराह की यॉर्कर धारदार : फिलैंडर

द. अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज बोले- टी-20 विश्व कप में होंगे सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज

एजेंसी, जोहानिसबर्ग

सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। फिलैंडर ने विशेष इंटरव्यू में कहा कि बुमराह इस समय मुकम्मिल गेंदबाज हैं। उनके पास जबरदस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है, जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे, जिससे महंगे साबित होते थे, लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्हें टी-20 क्रिकेट में भी कभी कमतर नहीं आंका जा सकता। वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी-20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे।

शमी की भी की तारीफ

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने मोहम्मद शमी की भी तारीफ करते हुए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि भारत के मौजूदा तेज गेंदबाजों से मैं काफी प्रभावित हूं। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं, जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता, लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है। फिलैंडर ने कहा कि विदेशी सरजमीं पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों का टीम में होना भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।

रेहान ने इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय टीम के माहौल और स्टोक्स के नेतृत्व को दिया

नई दिल्ली। भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कही बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी दो मैचों में 33 विकेट चटकाए है तो वही बेहद रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने बीबीसी से कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है। रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते है कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते हैं। अगर मैं चार खराब गेंद फेंकने के बाद विकेट चटकाने में सफल रहता हूं तो यह लगातार 16 अच्छी गेंदें फेंकने से बेहतर है। रेहान ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण किया था। वह इंग्लैंड के लिए सबसे कम उम्र (तब 18 साल 126 दिन) टेस्ट पदार्पण करने वाले खिलाड़ी है।

टी-20 विश्व कप चयन के लिए आईपीएल का प्रदर्शन रखेगा काफी महत्व : टॉम मूडी

एजेंसी, चेन्नई

अनुभवी कोच टॉम मूडी ने वीरवार को कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएल टी-20 जैसी प्रतिस्पर्धी लीग में प्रदर्शन इस बार काफी मायने रखेगा, क्योंकि इसका टी-20 विश्व कप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा।

आईसीसीका इस चरण का टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। मूडी ने 'आईएल टी-20' की डेजर्ट वाइपर्स टीम द्वारा करवाई गई वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा कि मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अन्य टी-20 लीग जैसे आईएल टी-20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी, क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है। उन्होंने कहा कि अगर आप रन जुटा रहे हैं, विकेट झटक रहे हैं और निरंतरता दिखा रहे हैं, तो इससे आप अच्छी स्थिति में पहुंच जाते हैं, क्योंकि इससे चयन के लिए कठिन फैसले लेने में मदद मिलती है। मूडी ने कहा कि इससे आपको इस तरह का आत्मविश्वास मिलता है, जो टी-20 विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए अहम है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी हाल में इसी तरह के विचार व्यक्त किए थे।

विराट कोहली की अनुपस्थिति टीम इंडिया के लिए एक झटका : हुसैन

चेन्नई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' पर कहा कि हां, अभी पुष्टि नहीं हुई है। ये सब अटकलें हैं, वह अगले दो टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं। अगले कुछ घंटों में वे अपनी टीम घोषित करेंगे। यह अगले तीन टेस्ट मैच के लिए होगी या नहीं, कुछ भी अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह झटका होगा। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए झटका होगा। यह श्रृंखला के लिए झटका होगा। यह विश्व क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक विशेष शृखला होने जा रही है। यह पहले ही शुरू हो चुकी है। पहले दो मैच काफी शानदार रहे। उन्होंने कहा कि खेल को विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का भी ध्यान रखने की जरूरत है। वह पिछले 15 साल से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और अगर उन्हें परिवार के साथ रहने के लिए खेल से ब्रेक की जरूरत है, तो हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

अंडर-19 विश्व कप जीतने के लिए लालायित : सहारन

बेनोनी। लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है। सहारन ने कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है। श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं।

हिमाचल, कश्मीर व एलपीयू की टीमें सेमीफाइनल में

सुंदरनगर। महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर में चल रही अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में वीरवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्जकर हिमाचल प्रदेश, कश्मीर विवि और एलपीयू की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। पहले मैच में एचपीयू ने डीबीयू मंडी गोबिंदगढ़ को आठ विकेट से हरा दिया। दूसरे मैच में कश्मीर विवि ने पीयू चंडीगढ़ को 21 रन से हरा दिया। तीसरे मैच में एलपीयू ने कुमाउं विवि नैनीताल को 10 विकेट से हरा दिया। प्रतियोगिता के तकनीकी संयोजक एचपीसीए अंपायर प्रो. अनिल गुलेरिया ने बताया कि शुक्रवार को बिजली बोर्ड के अधीक्षण अभियंता विकास शर्मा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।

टीसीए के पूर्व सचिव समेत 10 के खिलाफ मामला दर्ज

अगरतला। त्रिपुरा क्रिकेट संघ (टीसीए) के पूर्व सचिव तापस घोष सहित 10 लोगों के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के आरोप में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने वीरवार को यह जानकारी दी। इस प्राथमिकी में टीसीए के पूर्व उपाध्यक्ष तिमिर चंदा और पूर्व कोषाध्यक्ष जयलाल दास का भी नाम है। इंटेलिजेंस के महानिरीक्षक (आईजी) एल डारलॉन्ग ने को बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के सबूत पाए जाने के बाद टीसीए के पूर्व सचिव तपन घोष, पूर्व उपाध्यक्ष तिमिर चंदा, पूर्व कोषाध्यक्ष जयलाल दास सहित 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में टीसीए के तीन अभियंताओं और कोलकाता स्थित दो कंपनियों के तीन अधिकारियों तथा टीसीए के एक आजीवन सदस्य के नाम भी है। इस कंपनी को एमबीबी स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाने का टेंडर दिया गया था।

पटियाला में होगी राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

नई दिल्ली। अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में किया जाएगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने वीरवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में किया जाना था, लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने के कारण इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और अंडर-20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पांच मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में किया जाएगा। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। तदर्थ समिति ने पिछले सप्ताह जयपुर में सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया था।

पॉल-शेल्टन डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

डलास। अमेरिका के दूसरी वरीय टॉमी पॉल और तीसरे वरीय बेन शेल्टन ने अपने मुकाबले जीतकर शेल्टन डलास ओपन के क्वर्टरफाइनल में प्रवेश किया। पॉल ने टारो डेनियल को 6-3, 6-2 से पराजित किया, जबकि पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले तीसरे वरीय शेल्टन ने माइकल ममोह पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी क्रिस्टोफर यूबैंक्स ने ऑस्ट्रेलिया जेम्स डकवर्थ पर 7-6, 6-4 से जीत हासिल की।

वरुण कुमार ने एफआईएच से नाम वापस लिया

नई दिल्ली। पॉक्सो कानून के तहत बलात्कार के आरोपी और अर्जुन पुरस्कार विजेता भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार ने इसे 'पैसे ऐंठने का सुनियोजित प्रयास' करार देते हुए अपने पर लगाए गए आरोपों के खिलाफ कानूनी विकल्प तलाशने के लिए भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से नाम वापस ले लिया है। हॉकी इंडिया ने इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को तत्काल अवकाश दे दिया है, क्योंकि इस खिलाड़ी ने कहा था कि इस घटना से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। वरुण ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को लिखे पत्र में दावा किया है कि उनके खिलाफ दर्ज की गई शिकायत झूठी है और यह राज्य के सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है। इस पत्र की एक प्रति पीटीआई के पास भी है।

'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस'

फुटबाल के सेमीफाइनल में कांगो एक-शून्य से और दक्षिण अफ्रीका पेनल्टी शूटआउट में चार-दो से हारा

नाइजीरिया और आइवरी कोस्ट अफ्रीका कप के फाइनल में पहुंचे

एजेंसी, आबिदजान (आइवरी कोस्ट)

सेबेस्टियन हॉलर के गोल के दम पर आइवरी कोस्ट ने 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' फुटबाल के सेमीफाइनल में कांगो को 1-0 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

फाइनल में आइवरी कोस्ट के सामने पुराने प्रतिद्वंद्वी नाइजीरिया की चुनौती होगी। चोट से उबर कर टूर्नामेंट का पहला मैच खेल रहे हॉलर ने बुधवार को मैच के 65वें मिनट में मैक्स ग्रैडेल के क्रॉस को गोल में बदला, जिसके बाद 60,000 की क्षमता वाला अलासेन औटारा स्टेडियम जश्न में डूब गया। नाइजीरिया ने एक अन्य सेमीफाइनल में अतिरिक्त समय में भी मैच 1-1 कर बराबरी पर छूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया।



एमबापे ने दागा गोल, पीएसजी फ्रेंच कप के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, पेरिस

किलियान एमबापे ने मौजूदा सत्र का अपना 30वां गोल दागा, जिससे पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने ब्रेस्ट पर 3-1 से जीत के साथ फ्रेंच कप फुटबाल के क्वार्टर फाइनल अपनी जगह पक्की की। इस जीत के साथ ही टीम का अजेय क्रम 15 मैचों तक पहुंच गया।

पीएसजी के साथ जून में मौजूदा अनुबंध के खत्म होने के बाद रीयल मैड्रिड जाने की अटकलों के बीच एमबापे इस सत्र में शानदार लय में है। 'ओप्टा' के आंकड़ों के मुताबिक फ्रेंच कप के 28 मैचों में उन्होंने 35 गोल किए हैं और 15 गोल में दूसरे खिलाड़ियों की मदद की है। पिछले चार मैचों में उन्होंने 11 गोल दागे हैं। उन्होंने मैच के 34वें मिनट में टीम का खाता खोला, जिसके तीन मिनट के बाद डानिलो परेरा ने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। मध्यांतर के बाद एमबापे टीम को 3-0 से आगे करने से चूक गए जब उनका प्रयास क्रॉसबार से टकराकर विफल हो गया।

स्टीव मौनी ने 65वें मिनट में गोल कर ब्रेस्ट की वापसी कराई, लेकिन कोनकालोस रामोस ने आखिरी क्षणों (90+ दो मिनट) में पीएसजी को 3-1 से आगे कर दिया।

मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी को विस्सेल कोबे ने हराया

टोक्यो। हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे, लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास बुधवार को खेले गए इस मैच में गोल करने के दो मौके थे, लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया, जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया, जिससे स्टेडियम में मौजूद लगभग 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की।

एटलेटिको मैड्रिड के 28 मैचों के अजेय क्रम को खत्म किया

मैड्रिड। एथलेटिक बिलबाओ ने 'कोपा डेल रे' फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 की जीत के साथ घरेलू मैदान पर एटलेटिको मैड्रिड के 28 मैचों के अपराजेय क्रम को समाप्त कर दिया। एलेक्स बेरेंगुएर ने बुधवार को यहां मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में पहले हाफ में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर एथलेटिक बिलबाओं को करीबी मुकाबले में जीत दिलायी। एटलेटिको मैड्रिड पिछले साल जनवरी में स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के खिलाफ 0-1 की हार के बाद से मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में नहीं हारा था। कोच डिएगो सिमोन की टीम ने इस दौरान सिर्फ दो मुकाबले ड्रॉ खेले हैं। ये दोनों मैच स्पेनिश लीग में गेटाफे के खिलाफ थे। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का सेमीफाइनल मैच 27 फरवरी को सोसिदाद के स्टेडियम में खेला जायेगा।